

11 अर्शी भारती की अदाओं ने जीते दिल...

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



आईईडब्ल्यू 2025, विश्व स्तर पर ऊर्जा... 12

गाजियाबाद, गुरुवार 30 जनवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 329, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### गर्भवती महिला के पेट में बच्चे के पेट में बच्चा... सोनोग्राफी देख डॉक्टर हुए हैरान


**महाराष्ट्र** । बुलढाना के सरकारी अस्पताल में एक गर्भवती महिला की सोनोग्राफी चर्चा में है। डॉक्टर ने सोनोग्राफी को देखा तो तो वह भी चौंक गए, क्योंकि गर्भवती के पेट में बच्चा तो दिखाई दे रहा था। साथ ही इस बच्चे के पेट में भी एक बच्चा दिखाई दे रहा था। दो दिन पहले जिले के मोताला तहसील के एक गांव से 9 माह की



गर्भवती महिला (32 साल) सरकारी महिला रुग्णालय पहुंची। वहां डॉक्टर प्रसाद अग्रवाल ने गर्भवती की सोनोग्राफी की। सोनोग्राफी करते समय उन्हें महिला के पेट में बच्चा तो दिखाई दिया, साथ ही उसी बच्चे के पेट कुछ और भी दिखाई दिया। डॉक्टर अग्रवाल ने और तीन बार महिला की सोनोग्राफी की तो उन्हें दिखाई दिया कि जो पेट में बच्चा है, उसके पेट में भी एक बच्चा है। डॉक्टर अग्रवाल ने यह बात अपने वरिष्ठों को बताई। वरिष्ठों ने गर्भवती महिला को डिलिवरी और किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो, इसलिए संभाजीनगर भेज दिया। महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रसाद अग्रवाल से पूछा गया कि महिला और पेट में पल रहे बच्चे को कोई नुकसान की आशंका हो सकती है क्या? इस पर डॉक्टर ने कहा कि महिला को तो कोई प्रॉब्लम नहीं होगी। लेकिन डिलिवरी के बाद जन्मे बच्चे का जल्द उपचार नहीं हुआ तो उसकी ग्रोथ में बाधा आ सकती है। सिविल सर्जन डॉक्टर भागवत भुसारी ने बताया कि इसे डॉक्टरी भाषा में (भ्रूण में भ्रूण) कहा जाता है।

### बिग बॉस ओटीटी विनर एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ी, एफआईआर दर्ज, गवाह को धमकाने का लगा आरोप

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बिग बॉस ओटीटी विनर एल्विश यादव का नाम विवादों में घिरा हुआ नजर आता रहता है। हाल ही में बिग बॉस



18 के अंदर उन्होंने मीडिया को पेड कहा था, जिसके बाद उनको काफी ट्रोल किया गया था। वहीं सांप के जहर मामले में भी उनका नाम फंसा हुआ है। इसी बीच अब एल्विश यादव के खिलाफ पीपुल्स फॉर एनिमल्स कार्यकर्ता और रेव पार्टी केस के गवाह सौरभ गुप्ता ने एफआईआर दर्ज करवाई है। एल्विश पर गवाह को धमकाने का आरोप है। एक खबर के मुताबिक एल्विश यादव के खिलाफ गाजियाबाद के नंदग्राम थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। सौरभ ने यूट्यूबर एल्विश यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं और दावा किया है कि एल्विश यादव अपनी गाड़ी से उनका पीछा करते हुए उनकी सोसाइटी में आए और उनकी धमकी देने लगे। सौरभ की माने तो एल्विश ने गलत पहचान के साथ सोसाइटी में एंट्री की। अपनी शिकायत में कार्यकर्ता ने कहा कि एल्विश यादव किसी रोड एक्सीडेंट में उसकी और उसके भाई की हत्या कर सकता है। इसके अलावा सौरभ ने एल्विश और उसके सपोर्टर्स पर उनके और उनके परिवार के बारे में फर्जी खबरें फैलाने का आरोप भी लगाया है। बता दें, सौरभ गुप्ता के भाई गौरव गुप्ता ने नवंबर 2023 में नोएडा में रेव पार्टी में सांप के जहर के मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में सौरभ गुप्ता गवाह है।

# महाकुंभ : संगम तट पर मची भगदड़, 30 की मौत और 60 से ज्यादा घायल, शहर में श्रद्धालुओं के आने पर लगी रोक



**प्रयागराज (आरएनएस)।** प्रयागराज के संगम तट पर मंगलवार-बुधवार की रात भगदड़ मच गई। इसमें 30 से अधिक लोगों की मौत होनें की आशंका है वहीं 60 से ज्यादा घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक अस्पताल में14 शव पोस्टमॉर्टम के लिए लाए जा चुके हैं।

> **हादसे के बाद संगम तट पर कमांडो ने मोर्चा संभाल लिया, संगम नोज इलाके में आम लोगों की एंट्री बंद कर दी गई, भीड़ और न बढ़े, इसलिए प्रयागराज शहर में भी श्रद्धालुओं के आने पर रोक लगा दी गई है। बता दें महाकुंभ में आज मौनी अमावस्या का स्नान है, जिसके चलते करीब 5 करोड़ श्रद्धालुओं के शहर में मौजूद होने का अनुमान है**

हालांकि, प्रशासन ने मौत या घायलों की संख्या को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टी नहीं की है। भगदड़ के बाद प्रशासन के अनुरोध पर सभी 13 अखाड़ों ने आज मौनी अमावस्या का अमृत स्नान रद्द कर दिया था। इसके बाद अखाड़ों ने बैठक की। इसमें तय हुआ कि 10 बजे के बाद अमृत स्नान करेंगे। क्करू मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने ष्टरू योगी से फोन पर घटना की जानकारी ली। अब हेलिकॉप्टर से महाकुंभ की निगरानी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक अफवाह के चलते संगम नोज पर भगदड़ मची। कुछ महिलाएं जमीन पर गिर गईं और लोग उन्हें कुचलते हुए निकल गए। हादसे के बाद 70 से ज्यादा एंबुलेंस संगम तट पर पहुंचीं। इनसे घायलों और मृतकों को अस्पताल ले जाया गया।

हादसे के बाद संगम तट पर हस्त्र कमांडो ने मोर्चा संभाल लिया। संगम नोज इलाके में आम लोगों की एंट्री बंद कर दी गई। भीड़ और न बढ़े, इसलिए प्रयागराज शहर में भी श्रद्धालुओं के आने पर रोक लगा दी गई है। बता दें महाकुंभ में आज मौनी अमावस्या का स्नान है, जिसके चलते करीब 5 करोड़ श्रद्धालुओं के शहर में मौजूद होने का अनुमान है।

प्रशासन के मुताबिक, संगम समेत 44 घाटों पर आज देर रात तक 8 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का अनुमान है। इससे एक दिन पहले यानी मंगलवार को साढ़े 5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। पूरे शहर में सुरक्षा के लिए 60 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं।

### महाकुंभ में भगदड़ के बाद रेलवे का बड़ा ऐलान, सभी स्पेशल ट्रेनें रद्द, सीएम योगी ने श्रद्धालुओं से की ये अपील

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ में बुधवार को मौनी अमावस्या पर्व पर भगदड़ मचने के बाद रेलवे ने बड़ा फैसला किया है। रेलवे ने महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों को फिलहाल अगले आदेशों तक रद्द कर दिया है। इसके अलावा जिन ट्रेनों को प्रयागराज आना था, उन्हें पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन पर रोक दिया गया है। कुछ ट्रेनों के रूटों को डायवर्ट कर दिया गया है। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी श्रद्धालुओं से अपील की है कि किसी भी प्रकार की



अफवाह पर ध्यान न दें। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी पोस्ट में कहा गया, श्रद्धालुओं से अपील है कि झ मां गंगा के जिस घाट के समीप हैं, वहीं स्नान करें, संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें। प्रशासन के निर्देशों का अनुपालन करें, व्यवस्था बनाने में सहयोग करें। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली थी। प्रधानमंत्री प्रयागराज में मची भगदड़ पर करीब से नजर बनाए हुए हैं।

उधर, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस भगदड़ के संबंध में बात की। उन्होंने सभी घायलों को हर प्रकार की चिकित्सा सुविधा देने का आश्वासन दिया। बता दें कि प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान बुधवार को मौनी अमावस्या के दिन भगदड़ मच गई। इस हादसे में करीब 30 महिलाएं घायल हो गईं, जो संगम में स्नान करने के लिए जा रही थीं।



**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला 2025 के दौरान 'मौनी अमावस्या' पर संगम पर मची भगदड़ के बाद पुलिसकर्मी एक बच्चे की मदद करते हुए और भीड़ को नियंत्रित करते हुए । **छाया:- बुलन्द संदेश**

### पीएम मोदी ने महाकुंभ भगदड़ को बताया दुखद, कहा-मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला क्षेत्र में बुधवार को मची भगदड़ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

उन्होंने सीएम योगी से फोन पर हुई बातचीत के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। इस सिलसिले में मैंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बातचीत की है और मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं।

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ हादसे को लेकर मीडिया से बात की थी। सीएम योगी ने कहा, महाकुंभ मेला क्षेत्र में



मची घटना को लेकर प्रधानमंत्री मोदी से चार बार फोन पर बात हुई है। प्रयागराज में भीड़ का भारी दबाव है और जो घटना घटी है, वह बैरिकेड को फांदने के कारण हुई है। फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं। प्रशासन सबके सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने श्रद्धालुओं से संयम बनाए रखने की अपील की। बोले, मैं लोगों से अपील करूंगा कि वह प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और अफवाहों पर ध्यान न दें। आज करीब 9 से 10 करोड़ श्रद्धालु प्रयागराज में हैं।

## एसबीएसपी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया

**नई दिल्ली।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए अपना घोषणापत्र आज जारी किया। यह कार्यक्रम प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित किया गया, जिसमें एसबीएसपी के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री अरविंद राजभर, दिल्ली एसबीएसपी के अध्यक्ष धर्मवीर, शक्ति सिंह, पियूष मिश्रा, डॉ. चंद्रेश प्रताप यादव और बल्ली चौधरी समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर अरविंद राजभर ने पार्टी के सामाजिक न्याय, समावेशी शासन और समग्र विकास की प्रतिबद्धता को उजागर किया। उन्होंने एसबीएसपी के मिशन को समाज के पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाना, युवाओं के लिए रोजगार उत्पन्न करना, और सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना बताया। उन्होंने कहा कि यह घोषणापत्र दिल्ली की राजनीति में वास्तविक बदलाव लाने का वादा है। "एसबीएसपी यहाँ उन लोगों की आवाज बनने आई है, जिन्हें लंबे समय से अनदेखा किया गया है। हमारा घोषणापत्र सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि दिल्ली के लोगों से हमारा वादा है। हम समाज के पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाने, युवाओं को रोजगार देने और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

> **एसबीएसपी यहाँ उन लोगों की आवाज बनने आई है, जिन्हें लंबे समय से अनदेखा किया गया": अरविंद राजभर ने पार्टी का मैनिफेस्टो किया जारी**

## नाजायज औलाद हूं... बाप से गुजारा भत्ता चाहिए मीलॉर्ड, सुप्रीमकोर्ट ने क्या सुनाया फैसला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने दो दशक पुरानी एक मामले में अहम फैसला सुनाया है। इस मामले में 23 साल युवक ने दावा किया कि उसकी पैदाइश मां के विवाहेतर संबंध का नतीजा है। उसने अदालात से अपने असली पिता की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट की मांग की थी। युवक ने कहा कि वह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहा है और कई सर्जरी करा चुका है। आर्थिक मदद के लिए उसने अपने जैविक पिता से गुजारा भत्ते की मांग की थी। हालांकि, युवक की याचिका को सुप्रिम कोर्ट ने खारिज कर जिया।



रिपोर्ट के मुताबिक, युवक की मां ने 1989 में शादी की थी और 1991 में एक बेटी को जन्म दिया। युवक का जन्म 2001 में हुआ और 2003 में मां ने अपने पति से अलग होने का फैसला लिया। 2006 में उन्हें तलाक मिला। इसके बाद, महिला ने कोच्चि म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन से अपने बेटे के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम बदलने की मांग की, लेकिन अधिकारियों ने अदालत का आदेश मांगा। 2007 में एक स्थानीय अदालत ने कथित जैविक पिता को डीएनए टेस्ट कराने का निर्देश दिया। लेकिन उन्होंने हाई कोर्ट में इसे चुनौती दी। 2008 में हाई कोर्ट ने आदेश को पलटते हुए कहा कि डीएनए टेस्ट तभी किया जा सकता है जब यह साबित हो कि बच्चे के जन्म के वक्त पति-पत्नी के बीच कोई संपर्क नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 की धारा 112 के तहत वैध विवाह के दौरान या विवाह समाप्त होने के 280 दिन के भीतर जन्मा बच्चा पति का वैध संतान माना जाता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि भले ही युवक की मां का विवाहेतर संबंध रहा हो, लेकिन यह साबित नहीं होता कि पति-पत्नी के बीच संपर्क नहीं था। कोर्ट ने कहा कि 'समानांतर संपर्कइ यह साबित नहीं करता कि पति-पत्नी का संपर्क टूट गया था। अदालत ने कहा कि डीएनए टेस्ट कराना किसी व्यक्ति की निजता का उल्लंघन कर सकता है और उसकी सामाजिक और पेशेवर प्रतिष्ठा पर गहरा असर डाल सकता है। कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि ऐसी स्थिति में महिलाओं की गरिमा और निजता की भी रक्षा की जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि इस मामले को अब समाप्त किया जाना चाहिए। युवक के जैविक पिता होने के दावे को खारिज कर दिया गया और उसे अपनी मां के पूर्व पति का वैध पुत्र माना गया।

**ऐतिहासिक उड़ान** दरअसल, जीएसएलवी-एफ15 रॉकेट ने सुबह 6:23 बजे उड़ान भरी, जिसमें एनवीएस-02 नेविगेशन सैटेलाइट अंतरिक्ष में पहुंचाया गया

# इसरो की ऐतिहासिक उड़ान, लॉन्च किया एनवीएस-02, भारत का नेविगेशन सिस्टम होगा सटीक

**श्रीहरिकोटा (आरएनएस)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इतिहास रच दिया है। इसरो ने बुधवार सुबह आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपण यान जीएसएलवी-एफ15 के जरिए अपना 100वां मिशन, एनवीएस-02 नेविगेशन सैटेलाइट लॉन्च किया है। दरअसल, जीएसएलवी-एफ15 रॉकेट ने सुबह 6:23 बजे उड़ान भरी, जिसमें एनवीएस-02 नेविगेशन सैटेलाइट अंतरिक्ष में पहुंचाया गया। यह लॉन्च इसरो की एक बड़ी उपलब्धि है, जो देश की अंतरिक्ष अनुसंधान क्षमताओं को दर्शाती है।

इसरो ने इस महत्वपूर्ण लॉन्च के बारे में एक्स के जरिए जानकारी दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, जीएसएलवी-एफ15 ने सफलतापूर्वक उड़ान भरी है, एनवीएस-02 को उसकी निर्धारित कक्षा में ले गया है। इसरो ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, मिशन सफल! जीएसएलवी-एफ15/ एनवीएस-02 मिशन सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया है। भारत अंतरिक्ष नेविगेशन में नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है।

इसरो चेयरमैन वी. नारायणन ने कहा, आज हमने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस महीने की 16 तारीख को हमने डॉकिंग सिस्टम की उपलब्धि हासिल की थी। इसरो की 100वीं लॉन्चिंग, टीम इसरो की कड़ी मेहनत और टीम वर्क से सफलतापूर्वक हासिल की गई है। इस साल हमें कई प्रोजेक्ट्स के लिए मंजूरी मिली है। संभवतः चंद्रयान 3, 4 और कई अन्य मंजूरियां मिल चुकी हैं। इस साल कई मिशन की तैयारी है। मेरी प्राथमिकता नई मंजूरी वाली परियोजनाओं को गति देना है। जो भी प्रोजेक्ट में देरी हो रही है, मैं उन्हें पूरा करूंगा।



जीएसएलवी-एफ15, जीएसएलवी रॉकेट की 17वीं उड़ान है। यह स्वदेशी क्रायोजेनिक चरण वाली 11वीं उड़ान भी है। एनवीएस-02 उपग्रह भारतीय नेविगेशन प्रणाली का हिस्सा है। यह दूसरी पीढ़ी का उपग्रह है, जो नेविगेशन के लिए काम करेगा। नेविगेशन उपग्रह प्रणाली को भारत में उपयोगकताओं और भारतीय भूमि से लगभग 1500 किमी दूर तक सटीक स्थिति, वेग और समय सेवा देने के लिए डिजाइन किया गया है। नया एनवीएस-02 उपग्रह एल1 फ्रीक्वेंसी बैंड को सपोर्ट करता है। इससे इसकी सेवाओं और विश्वसनीयता में सुधार होगा। इससे पहले इसरो ने कहा था कि एनवीएस-02 उपग्रह एनएवीएलसी उपग्रहों की दूसरी पीढ़ी है। इसका वजन 2,250 किलोग्राम है और यह लगभग 3 किलोवाट की पावर संभाल सकता है। इसमें एल1, एल5 और एस बैंड में नेविगेशन पेलोड, और सी-बैंड पेलोड होगा। एनएवीआईसी दो प्रकार की सेवाएं देगाः मानक पोजिशनिंग सेवा और प्रतिबंधित सेवा। एनएवीआईसी की एसपीएस सेवा 20 मीटर से बेहतर स्थिति सटीकता और 40 नैनोसेकंड से बेहतर समय सटीकता प्रदान करेगी।

# धन दोगुना कराने का लालच देकर चार लोगों से ठगे बाइस लाख रुपए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** औरंगाबाद थाने में चार लोगों ने मामला दर्ज कर नंगलाकरन के एक व्यक्ति पर अपने साथियों के साथ मिलकर धन दोगुना करने के नाम पर बाइस लाख रुपए हड़पने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। सभी मामलों को दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है। नामजद आरोपी फरार होने में कामयाब रहे। गांव

**नंगलाकरन के पवन राघव पर दर्ज हुई चार एफआईआर, पुलिस जांच पड़ताल जारी नामजद आरोपी फरार**




नंगलाकरन निवासी मंजीत सिंह पुत्र जगदीश सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गांव नंगलाकरन निवासी पवन कुमार राघव पुत्र सूबेदार सिंह राघव ने उसे विश्वास में लेकर उसके साढ़े चार लाख रुपए हजम कर लिये हैं। तहरीर में कहा गया है कि पवन कुमार ने उसे बताया था कि उसने अपनी पत्नी रूचि के साथ मिलकर एक कंपनी जी वाई सेल्यूशन खोली है जो एक साल में धन दोगुना वापस करेगी। जिसपर विश्वास करके उसने दो लाख अठ्ठासी हजार आठ सौ बीस रुपए दो बार में पवन की कंपनी में जमा कराए थे। बाद में पवन ने कंपनी को घाटा हो जाने और दूसरी कंपनी रियल डालर के शुरू होने व तमाम पिछले धन को वापस करने का आश्वासन देकर एक लाख सत्तर हजार रुपए और जमा करा लिया।

दूसरी शिकायत झब्बा कालोनी औरंगाबाद निवासी हरेंद्र सिंह पुत्र धर्म सिंह ने दर्ज कराई है जिसमें रियल डालर कंपनी में धन दोगुना करने के नाम पर दो लाख रुपए हड़पने का आरोप पवन कुमार राघव पर लगाया गया है। तीसरी शिकायत मदन लाल पुत्र मणिराम निवासी टांडा कोतवाली देहात ने दर्ज कराई है जिसमें पवन कुमार राघव के साथ अनीस उर्फ अजय पुत्र राजपाल सिंह निवासी माजरा खानपुर के खिलाफ आइ ए एम टूर एंड ट्रैवल कंपनी में दस माह में धन दोगुना करने का आश्वासन देकर तीन लाख रुपए और रियल डालर में एक वर्ष में धन दोगुना करने के आश्वासन पर तीन लाख कुल छः लाख रुपए हड़पने का सनसनीखेज आरोप लगाया है।

चौथी शिकायत जीतन पुत्र वीर सिंह निवासी अगराई खुर्जा देहात ने दर्ज कराई है जिसमें पवन कुमार राघव,नबाब,अनीस उर्फ अजय रूचि पत्नी पवन कुमार राघव तथा मोनिका पत्नी अनीस उर्फ अजय पर रियल डालर कंपनी में धन दोगुना करने के नाम पर लगभग साढ़े नौ लाख रुपए हड़पने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। सभी मामले दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की है। अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। थाना प्रभारी नीतीश भारद्वाज ने बताया कि जांच पड़ताल जारी है नियमानुसार कठोर कार्रवाई होगी।

# 65 वर्षीया वृद्धा का हुआ सफलतापूर्वक घुटना प्रत्यारोपण, जेपी (मैक्स) अस्पताल चिट्टा में डा.अखिलेश कुमार ने किया सफल आप्रेशन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम)।** जेपी अस्पताल (मैक्स) चिट्टा में आर्थोपेडिक सर्जन डॉ अखिलेश ने पैंसठ वर्षीया वृद्धा के घुटने का प्रत्यारोपण आप्रेशन द्वारा सफलता पूर्वक संपन्न कर अस्पताल का नाम रोशन किया है। आपरेशन के बाद वृद्धा काफी खुश नजर आई और चिकित्सक की योग्यता के प्रति आभार व्यक्त किया। बुलंदशहर निवासी ऊषा दीक्षित उम्र 65 वर्ष काफी समय से चलने फिरने से लाचार थी। आर्थिक स्थिति संतोषजनक नहीं होने के चलते परिजन वृद्धा को बुलंदशहर शिकारपुर रोड़ स्थित जे पी हास्पिटल चिट्टा लेगये। आर्थोपेडिक एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ अखिलेश कुमार ने परीक्षण कर घुटना प्रत्यारोपण कराने का परामर्श दिया। आयुष्मान योजना के अंतर्गत मरीज को अस्पताल में भरती कर



उसका आप्रेशन द्वारा घुटना प्रत्यारोपण डॉ अखिलेश कुमार ने कुशलता पूर्वक संपन्न किया। आप्रेशन के बाद उषा दीक्षित ने खुद को चलने फिरने में समर्थ पाया और चिकित्सक डॉ अखिलेश कुमार का तथा भारत सरकार का आभार व्यक्त किया जिनके प्रयासों से वह आसानी से बाकी जिंदगी काट पाने और अपने दैनिक कार्यों को आसानी से पूरा करने में सक्षम हो सकीं।

# मारपीट करने के 05 आरोपियों को 10-10 वर्ष का कारावास व 19-19 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के क्रम में बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर मारपीट करने के 05 आरोपियों को 10-10 वर्ष का कारावास व 19-19 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी।

अभियुक्त 1. गौरव पुत्र योगेश, 2. मोहित पुत्र धनीराम, 3. राजकुमार उर्फ राजू 4. उमेश पुत्रगण दिनेश निवासीगण पटटे का मौहल्ला कस्बा व थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर व 5. हिमांशु उर्फ भूरा पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी चिरौरा रानी कात्यायनी थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2022 में वादी भूप्रकाश पुत्र रामचन्द्र निवासी खुशालाबाद थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर के भाई के साथ गाली गलौच कर मारपीट करना एवं जान से मारने की धमकी देने जिससे वादी के भाई की मृत्यु हो जाने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 14.06.2022 को थाना डिबाई पर मुअसं 292/2022 धारा 147/ 452/ 323/304/149/504/506 भादवि पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 29.08.2022 को पुलिस द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन"के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें अभियुक्तों के विरुद्ध 13 गवाह परिक्षित हुए, जिसके परिणामस्वरुप न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह (मा0 न्यायालय स्पेशल जज पोक्सो एक्ट जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त गौरव, मोहित, राजकुमार उर्फ राजू, उमेश व हिमांशु उर्फ भूरा को 10-10 वर्ष का कारावास व 19-19 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक सुनील कुमार, वरुण कुमार एवं आशुतोष सिंह का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता है।

# स्लग दिल्ली रोड पर 12 बीघा जमीन पर चला विकास प्राधिकरण का बुलडोजर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** खुर्जा-विकास प्राधिकरण, बुलन्दशहर द्वारा विकास क्षेत्रान्तर्गत जोन-1 में प्राधिकरण सचल प्रवर्तन दल एवं स्थानीय पुलिस बल भूड़ चौकी कोतवाली देहात के साथ जाकर ग्राम दरियापुर, दिल्ली रोड, इण्डियन ऑयल फिलींग स्टेशन के पीछे, बुलन्दशहर पर मौ० तैय्यब खान द्वारा लगभग 12 बीघा में अवैध रूप से बनायी गयी कालोनी को ध्वस्त किया गया।





उक्त ध्वस्तीकरण की कार्यवाही डेडीकेटिड / नामित पुलिस बल एवं बुलन्दशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण के सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता एवं अन्य सहायक स्टाफ की उपस्थिति में किया गया । ध्वस्तीकरण / सीलिंग अभियान प्राधिकरण की उपाध्यक्ष डा० अंकुर लाठर के कुशल मार्गदर्शन में निरन्तर चलाया जा रहा है प्राधिकरण की उपाध्यक्ष डा० अंकुर लाठर ने जनता से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति बिना मानचित्र स्वीकृति के निर्माण न करें एवं किसी अवैध कालोनी के अन्दर भूखण्ड क्रय न करें। प्राधिकरण की सचिव/ सक्षम प्राधिकारी ज्योत्सना यादव द्वारा बताया गया कि ध्वस्तीकरण एवं सीलिंग अभियान अनवरत जारी रहेंगे। स्वीकृत कालोनियों की सूची प्राधिकरण की वेबसाइट www.bdabulandshahar.com पर उपलब्ध है।

# हत्या करने के आरोपी को आजीवन कारावास व 20,000/- हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के क्रम में बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर हत्या करने के आरोपी को आजीवन कारावास व 20,000/- हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी अभियुक्त कोशेन्द्र उर्फ शेन्दू पुत्र हरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम महाव थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2020 में अपने ही गांव निवासी विनोद कुमार की फावड़े से वार कर हत्या करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 05.05.2020 को थाना स्याना पर मुअसं- 143/2020 धारा 302 भादवि पंजीकृत किया गया तथा आरोप पत्र दिनांक 29.05.2020 को पुलिस द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को पुलिस महानिदेशक , उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन"के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें 07 गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणामस्वरुप न्यायाधीश गोपाल न्यायालय एडीजी-12 जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त कोशेन्द्र उर्फ शेन्दू को आजीवन कारावास व 20,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक कुश कुमार का योगदान सराहनीय रहा है।

प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता हैं

# अवैध रूप से कारतूस सप्लायर करने वाले दो लोग गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने ऊपरकोट निवासी जाहिद को साथ अवैध रूप से 315 बोर के 60 कारतूस सहित गिरफ्तार किया

उसकी निशान देही पर कारतूसों का बड़ा सप्लायर साजिद गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से 125 =315 बोर के कारतूस 48= 32 बोर के कारतूस और 30= 12 बोर के कारतूस बरामद किए पुलिस की पूछताछ में साजिद ने बताया कि उसके पास एक लाइसेंसी हथियार है इसकी आड़ में वह अवैध रूप से कारतूस खरीद कर सप्लाई करता है 1 महीने में लगभग 500 कारतूस खरीदे और बेचे यह लोग पहले से ही कारतूस बेचने का काम करते हैं सन 2022 से इनकी खरीदारी और ज्यादा बढ़ गई इनका एक साथी साजिद का भाई राशिद अभी फरार चल रहा है जिसकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है साजिद और राशिद के खिलाफ पूर्व में एक-एक मुकदमा दर्ज है इनके कब्जे से आवे तमंचे भी बरामद किए गए और साजिद के लाइसेंसी हथियार की भी निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी बुलंदशहर सहायक पुलिस अधीक्षक नगर ऋजुल ने प्रेस वार्ता कर किया सभी पहलुओं का खुलासा।





# शिक्षाविद व समाज सेवी नितिन भटनागर को जन्मदिन की लोगों ने दी शुभकामनाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकंदराबाद।** शिक्षा मित्र के नाम से प्रसिद्ध नितिन भटनागर के जन्मदिन के अवसर पर लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

आप को बता दें कि नितिन भटनागर शिक्षाविद के नाम से जाने जाते हैं वह कांग्रेस के पीसीसी सदस्य भी हैं। नितिन भटनागर के नगर में कई स्कूल व कॉलेज चलते है। जिसमे जेएस पीजी कॉलेज, स्वामी दयाल भटनागर लॉ कॉलेज, स्वामी दयाल गर्ल्स इंटर कॉलेज,एमएस इंटर कॉलेज, वीरेंद्र प्रभु मॉडर्न भटनागर स्कूल संस्थाएं चल रही है। वह नगर व समाज के लिए हमेशा योगदान देने के लिए तत्पर रहते हैं। उनके 60वे जन्मदिन पर लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शुभकामनाएं दी। उन्होंने जन्मदिन पर बधाई देने वालों का आभार व्यक्त प्रकट किया।



# कांग्रेस नेता ने दरगाह बन्नेर शरीफ में कराई महाकुंभ सफल होने की दुआ, हादसे के मृतकों के लिए जताया शोक

बुलद संदेश ब्यूरो

**छतारी (बुलंदशहर)।** जिले में मुस्लिम समाज ने प्रयागराज महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए दरगाह बन्नेर शरीफ में चादरपोशी और दुआ कराकर मोहब्बत और भाईचारे की नई मिशाल पेश की है । छतारी क्षेत्र के चौड़ेरा स्थित दरगाह बन्नेर शरीफ में महाकुंभ के सफल और सकुशल संपन्न होने के लिए दुआ की गई । कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रत्याशी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष जियाउर्रहमान एड के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के लोगों और मदरसे के छात्रों ने बाबा बहाउद्दीन बदरुल हिन्द रह0 अलै0 की मजार पर चादर पेश की और मंगलवार रात्रि को महाकुंभ में भगदड़ में मृतक श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए दुआ की। साथ ही हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की दुआ की । दरगाह के इमाम गुलाम नबी ने चादरपोशी कराकर महाकुंभ में भगदड़ हादसे के मृतकों को जन्नत में आला मुकाम अता कराने, हिंदुस्तान में अमन और भाईचारा कायम रहने की दुआ कराई। महाकुंभ के लिए दरगाह बन्नेर शरीफ में दुआ होने की सराहना पूरे क्षेत्र में हो रही है ।



कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रत्याशी जियाउर्रहमान एडवोकेट ने कहा है कि प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ से मृतकों की आत्मा की शांति की दुआ करते हैं और महाकुंभ के सफल आयोजन की दुआ करते हैं । उन्होंने कहा कि योगी सरकार की लापरवाही और प्रशासन द्वारा वीआईपी कल्चर को बढ़ावा देने से हादसा हुआ है । उन्होंने कहा कि सरकार हादसे के पीड़ितों को मुआवजा दे और दोषी अफसरों पर कार्यवाही करे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रत्याशी जियाउर्रहमान, इमाम गुलाम नबी, दयाल, सुरेंद्र उपाध्याय, सूफी अल्ताफ खान, अहमदनूर खान, रमजानी खान, अकील खान, सगीर अहमद, नवाब खान सभासद, नवेद आदि मौजूद रहे।

# बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु सेल्फ एस्टीम प्रशिक्षण संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई।** स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत सेल्फ एस्टीम मीना मंच जीवन कौशल पावर एंजल सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने के उद्देश्य से विकास क्षेत्र के उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की मीना सुगमकताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न आज हुआ। इस तरह से बीआरसी डिबाई में सभी सुगमकताओं का प्रशिक्षण पूर्ण हो गया है।

प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती हेमलता ने पहुंचकर प्रशिक्षण की बारीकियां को समझा और सभी प्रतिभागियों से परिचर्चा की। प्रशिक्षण में प्रगति के पंख, आधा फुल कॉमिक सीरीज,अरमान माड्यूल, सेल्फ डिफेंस आदि विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार पूर्वक परिचर्चा हुई। इस दौरान मीना मंच का गठन, आत्मरक्षा क्लब, सुगमकर्ता के कार्य पर भी विस्तार से चर्चा हुई। प्रशिक्षण के उपरांत सभी सुगमकर्ता अपने-अपने विद्यालयों में बच्चों के सशक्तिकरण हेतु कार्य करेंगे। प्रशिक्षण राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं मिशन शक्ति नोडल चिन्तन चौधरी और मास्टर ट्रेनर प्रवीण कुमार सिरोही ने प्रदान किया। दो दिवसीय प्रशिक्षण के अंतर्गत समस्त यूपीएस कंपोजिट और कस्तूरबा विद्यालय के सुगमकर्ता प्रशिक्षित किए गए । प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग सीमेट प्रयागराज के द्वारा की जा रही है। उक्त प्रशिक्षण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत पांडे के दिशा निर्देश में एवं खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती हेमलता जी और जिला समन्वयक बालिका शिक्षा ऋचा राणा के नेतृत्व में संचालित हुआ।



**बैठक** | बैठक में जिलाधिकारी श्रुति ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्योग बंधुओं की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्तापूर्ण करें

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की मासिक बैठक हुई सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जी0एम0 डी0आई0सी0 आशुतोष कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि सिकंद्राबाद उद्योग संघ व आई0आई0 चैप्टर सिकंदराबाद की औद्योगिक क्षेत्र सिकंदराबाद के अंदरूनी नालों की साफ-सफाई व सड़कों की मरम्मत के सम्बन्ध मे शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमे क्षेत्रीय प्रबन्धक, यूपीसीडा के द्वारा अवगत कराया गया है कि औद्योगिक क्षेत्र सिकन्द्राबाद में लगभग 1633.99 लाख के सड़कों के मरम्मत,अनुरक्षण, प्रवेश द्वार का कार्य कराया जा रहा है। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र की अन्य सड़कों के मरम्मत , अनुरक्षण हेतु रुपये 1230.71 लाख की निविदा में निविदाकार का चयन हो चुका है, निविदाकार के पक्ष में अनुबंध गठन की कार्यवाही पूर्ण होते ही कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त के अतिरिक्त औ० क्षेत्र की जल भराव की समस्या के समाधान हेतु आर०सी०सी० नाली निर्माण के लिए रुपये 6215.67 लाख की धनराशि की निविदा आमन्त्रित की जानी प्रस्तावित है। जिसपर जिलाधिकारी द्वारा यूपीसीडा के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नाली निर्माण व अन्य निर्माण करवाते हुए उद्योग बंधुओं से समन्वय स्थापित कर उनको अवगत कराए। सिकंदराबाद उद्योग संघ व आई0आई0ए0 चैप्टर सिकंदराबाद की शिकायत में औद्योगिक क्षेत्र सिकंदराबाद में जिला पंचायत द्वारा लिए गए टैक्स से विकास कार्य कराए जाने के सम्बन्ध में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत के द्वारा अवगत कराया गया है कि औद्योगिक विकास अनुभाग के शासनादेश के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के क्षेत्र से कर न लिये जाने के सम्बंध में विशेष सचिव, पंचायतीराज अनुभाग-2. उत्तर प्रदेश शासन से मार्ग-दर्शन मांगा गया है। मार्ग दर्शन प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। पूर्व में कर से प्राप्त धनराशि का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। सिकंदराबाद उद्योग संघ की प्राप्त शिकायत में औद्योगिक क्षेत्र सिकंदराबाद स्थित यूपीएसआईडीए के ट्रांजिस्ट हॉस्टल के जर्जर भवन के सम्बन्ध में क्षेत्रीय प्रबन्धक, यूपीसीडा के द्वारा अवगत कराया गया कि फील्ड हॉस्टिल में अग्निशमन कार्यालय व डाक घर संचालित होने के कारण कार्यवाही लबित है। खुर्जा पॉटरी मैन्यू एसोसिएशन की प्राप्त शिकायत जी0एस0टी0 चोरी की सम्बन्ध में सहायक आयुक्त राज्य कर सचलदल द्वारा अवगत कराया गया है कि खुर्जा में दिनांक 19 जनवरी 2025 तक रोड पर कुल 191 वाहन चैक किये गये हैं, जिसमें से जांच में दोषी पाये गये 07 वाहनों से रुपये 2.67 लाख की वसूली की गई है। सिकंदराबाद उद्योग संघ की प्राप्त शिकायत औद्योगिक क्षेत्र में एन0एच0ए0आई द्वारा ओवरहेड फुट ब्रिज बनाए जाने के सम्बन्ध में बताया गया कि कार्य की कार्यवाही हेतु 19 जनवरी 2025 को टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, शीघ्र ही कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। लघु उद्योग भारती, खुर्जा की प्राप्त शिकायत खुर्जा में विद्युत के जर्जर पोल्स तार एवं ओवरलोडिंग की समस्या के सम्बन्ध में अधिशासी अभियंता, विद्युत खुर्जा द्वारा अवगत कराया गया है कि खुर्जा क्षेत्र में जर्जर तार एवं पोलों को बदलने हेतु वर्तमान में लागू योजना आर०डी०एस०एस० के अन्तर्गत बदलने का कार्य किया जा रहा है, शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। लघु उद्योग भारती, खुर्जा की प्राप्त शिकायत औद्योगिक क्षेत्र जंक्शन रोड खुर्जा पर विद्युत के सब स्टेशन के लिए भूमि उपलब्ध कराए जाने के सम्बन्ध में अधिशासी अभियंता, विद्युत खुर्जा द्वारा अवगत कराया गया है कि जक्शन रोड खुर्जा की लो वोल्टेज की समस्या के निस्तारण हेतु 33/11 केवी० विद्युत उपकेन्द्र के निर्माण हेतु भूमि आवंटन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, भूमि का आवंटन होते ही शीघ्र कार्य का संचालन किया जाएगा, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा शीघ्र ही भूमि आवंटन करने के निर्देश दिए गए।सिकंदराबाद उद्योग संघ की प्राप्त शिकायत में रोड न0-12 पर विद्युत पोल को शिफ्ट किए जाने के सम्बन्ध में अधिशासी अभियंता, विद्युत सिकन्द्राबाद के द्वारा अवगत कराया गया है कि औद्योगिक क्षेत्र सिकन्द्राबाद के रोड नं0-12 से पोल्स आदि हटाये -जाने हेतु आगणन यूपीसीडा को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया है। स्वीकृति प्राप्त होते ही कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।




बैठक में जिलाधिकारी श्रुति ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्योग बंधुओं की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्तापूर्ण करें, जिससे शासन के मंशानुसार उद्योग को बढ़ावा मिल सके। जब उद्योग आगे बढ़ेगा तब आमजन को रोजगार प्राप्त होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना,अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ प्रशान्त कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं और हिटलर शाही रवैया के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से बर्खास्त किए जाने को लेकर सौपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** महानगर कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि के नेतृत्व में विकास बाजार स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष मेयर नगर निगम मथुरा-वृन्दावन द्वारा की जा रही धांधली, गुटबाजी, भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं और हिटलर शाही रवैया के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल महोदय को संबोधित ज्ञापन मथुरा जिलाधिकारी के माध्यम से बर्खास्त किए जाने को दिया गया।



महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने बताया कि नगर निगम मथुरा-वृन्दावन मेयर श्री विनोद अग्रवाल की सरपरस्ती में अत्यंत भ्रष्टाचार का बोल बाला है तथा उक्त भ्रष्टाचार को लेकर मेयर द्वारा अपने हिस्से को लेकर हटधर्मिता अपनायी जा रही है। जिसका प्रत्यक्ष प्रभाव मथुरा की जनता पर पड़ रहा है क्योंकि मथुरा के विकास हेतु जो भी कार्य होने हैं, वह अधूरे हैं तथा जो हो भी रहे हैं, वह मानकों के अनुरूप नहीं हो रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण 15वें वित्त की 42 करोड़ रुपए की फाइल जिसके माध्यम से सभी 70 वार्डो में विकास कार्य होने हैं, उस पर मेयर हठधर्मिता व मोटे कमीशन न मिलने के कारण हस्ताक्षर नहीं किये जा रहे हैं तथा फाइल को पेन्डिंग में डाल रखा है। जिस दिन से उपरोक्त मेयर महोदय ने शपथ ली है, उस दिन से नगर निगम के कार्यालय में यह नहीं बैठे है और नाहीं कोई कैम्प कार्यालय है, जिससे जनता दर-दर की ठोकरें खा रही हैं और सभी विकास कार्यो पर विराम लग चुका है।

मथुरा वृंदावन नगर निगम के मेयर विनोद अग्रवाल से पार्षद व कर्मचारी व आम जनता के लोग इसका कारण पूछते हैं तो अपने हिटलरशाही अंदाज में यह जबाव देते हैं तथा कहते हैं कि मैं मेयर हूँ, और अपनी सुविधा के अनुरूप कार्य करूंगा। इंडिया गठबंधन मथुरा लोक सभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर ने बताया कि नगर निगम मथुरा वृंदावन के मेयर विनोद अग्रवाल पूर्व से ही भू-माफिया प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं तथा अपने ही कार्यो में लगे रहते हैं, इन्हें आम जनता से कोई लेना देना नहीं है उनके खिलाफ भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप अत्यंत ही गंभीर हैं मैं मांग करता हू कि नगर निगम मथुरा वृन्दावन के माहौल की अपने स्तर पर जांच कराकर ऐसे मेयर को तुरंत बर्खास्त करे नहीं तो हम मेयर के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे। कार्यक्रम का संचालन महेश चौबे ने किया धारना प्रदर्शन मेंउपस्थित कांग्रेस जनों में सर्वश्री पार्षद धनंजय चौधरी पुनीत बघेल अबरार कुरैशी दिनेश बिंदल शालू अग्रवाल संजय पचौरी विपुल पाठक अप्रतिम सक्सेना जिलानी कादरी मनोज गौड़ मानवेंद्र पांडव दीपक पाठक रमेश कश्यप गौरव सिंह आशीष अग्रवाल वीरेंद्र कुमार उपाध्याय अर्जुन यादव शत्रुघ्न शर्मा मुस्लिम कुरैशी पूरन सिंह काशन रिजवी राजकुमार शर्मा सतीश राजोरिया अनवर फारुकी अनूप गौतम चिरागुद्दीन संतोष श्रीवास्तव इंद्रजीत गौतम नसरुद्दीन अब्बासी नितिन वार्ष्णेय संजीव शर्मा हर प्रसाद शर्मा अशोक सैनी बलवीर धनगर सुरेश शर्मा अनिल खरे बिजेंदर मीणा शाहरुख खान हरि दत्त शर्मा विजय चतुवेर्दी सागर माहौर मुरार माहौर देवेंद्र कुमार लाला जीशान यश चौधरी विपिन चौधरी काशिफ खान भगवानदास हिरदेश विवेक धनगर राजेश धनगर तनवीर पीयूष वर्मा देव यश पवन आदि सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस जनों ने नगर निगम मथुरा वृंदावन के महापौर को बर्खास्त करने की जोरदार मांग रखी।

# किसान एकता संघ संगठन ने किया संगठन विस्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दनकौर।** किसान एकता संघ संगठन की बैठक कैम्प कार्यालय दनकौर पर सम्पन्न हुई। बैठक में अध्यक्षता देशराज नागर ने और संचालन मनीष नागर ने किया । इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने कहा कि किसान एकता संघ संगठन के कार्यकर्ता यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के किसानों की आबादी की समस्याओं को लेकर गांव गांव जा रहे है। और यमुना प्राधिकरण द्वारा किसानों की आबादी की समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। किसानों की आबादी से सम्बंधित समस्या काफी लम्बे समय से लंबित है। जल्द ही संगठन पंचायत कर आबादी बचाओ आंदोलन की घोषणा करेगा । अबकी बार लड़ाई आर पार की होगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष पप्पे नागर ने बताया कि आज दर्जनों लोगों ने किसान एकता महासंघ को छोड़कर किसान एकता संघ की सदस्यता ग्रहण की सदस्यता लेने वालों में मुख्य रूप से सोनू नागर मुंहफाड़,कृष्ण बैसला, विकास भाटी गुनपुरा, के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने संगठन की सदस्यता ली। इस दौरान सतीश कनारसी, अखिलेश प्रधान, प्रमोद शर्मा, मनीष नागर, वनीश प्रधान, अरुण खटाना, सुभाष भाटी, दुर्गेश शर्मा, कृष्ण बैसला, मोहनपाल, विक्रम नागर, सुमित एडवोकेट, उम्मेद एडवोकेट, पवन भाटी एडवोकेट, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर फायरिंग का वीडियो वायरल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** सोशल प्लेटफार्म पर कुछ वीडियो तेजी से वायरल हो रहीं है। इन वीडियो में कुछ युवक पिस्टल से फायरिंग करते हुए देखे जा सकते हैं। यह वीडियो रबूपुरा कोतवाली के एक गांव की बताई जा रही है। हालांकि पुलिस इसकी जानकारी से इनकार कर रही है।





सोशल प्लेटफार्म पर तीन वीडियो तेजी से वायरल हो रही है। वायरल वीडियो में कुछ युवक एक पिस्टल से फायरिंग करते हुए नजर आ रहे हैं। इन वीडियो में कुछ युवक पिस्टल चलाने वाले युवक को पीछे से हथियार चलाने की जानकारी देते हुए भी सुने जा सकते है। दावा किया जा रहा है कि, यह वायरल वीडियो रबूपुरा कोतवाली के एक गांव की है। हालांकि पुलिस ने इन वायरल वीडियो की जानकारी से इंकार करते हुए, जांच की बात कह रही है।

# गलगोटिया विश्वविद्यालय ने आकर्षक अतिथि व्याख्यान की मेजबानी की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दनकौर।** गलगोटिया विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ डिजाइन ने प्रख्यात इंटीरियर डिजाइन विशेषज्ञ आर्किटेक्ट उत्सव कंबोज द्वारा "एक इंटीरियर डिजाइनर के रूप में अपने करियर और उद्यमी यात्रा को आगे कैसे बढ़ाएं" इस विषय पर एक आकर्षक अतिथि व्याख्यान की मेजबानी की। इस सत्र ने छात्रों को इंटीरियर डिजाइन में एक सफल करियर बनाने के लिए बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की, जिसमें नवाचार, अनुकूलनशीलता और उद्यमी सोच के महत्व पर जोर दिया गया। उत्सव कंबोज ने अपनी पेशेवर यात्रा साझा की और एक मजबूत पोर्टफोलियो स्थापित करने, बाजार के रुझानों को समझने और डिजाइन में टिकाऊ और तकनीकी प्रथाओं को एकीकृत करने की रणनीतियों पर भी प्रकाश डाला।



उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि कैसे रचनात्मकता, तकनीकी विशेषज्ञता और मार्केटिंग रणनीतियों का संतुलन एक इंटीरियर डिजाइनर को सफलता की ऊँचाइयों तक ले जा सकता है। उन्होंने इंटीरियर डिजाइन व्यवसाय शुरू करने और प्रबंधित करने में चुनौतियों और अवसरों पर भी विशेष रूप से चर्चा की, क्लाइंट प्रबंधन, ब्रांडिंग और नेटवर्किंग पर भी व्यावहारिक सलाह प्रदान की।

गलगोटिया विश्वविद्यालय के सीईओ डा० ध्रुव गलगोटिया ने इस अवसर पर कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों और नवोदित उद्यमियों को इंटीरियर डिजाइन के क्षेत्र में करियर और उद्यमिता के अवसरों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन मिला है। इस आयोजन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, "यह व्याख्यान न केवल छात्रों को प्रेरित करेगा, बल्कि उन्हें अपने व्यवसायिक सफर को मजबूती से शुरू करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान करेगा।

# कार में सवार युवक पर किया हमला, 4 पर केस दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** बीते दिनों क्षेत्र के गांव आकलपुर के समीप कुछ लोगों ने एक कार सवार युवक पर हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को क्षेत्र के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र के गांव भौयरा निवासी ओमप्रकाश 17 जनवरी को झाझर से कार में सवार होकर अपने गांव लौट रहा थे। आरोप है कि, रास्ते में गांव आकलपुर के पास चार लोगों ने उसे जबरन रोक लिया और गाली गलौज करने लगे।

आरोप है कि, विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। शोर शराबा सुनकर मौके पर लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तहरीर पर पुलिस ने गांव भौयरा निवासी आरोपी नरेंद्र, कपिल व रिक्की और शेखर (जहांगीरपुर) के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# एनपीएस और यूपीएस किसी भी तरह से शिक्षक कर्मचारी हित में नहीं है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आह्वान पर पूरे देश के शिक्षक व कर्मचारी यूपीएस का अपने कार्यस्थल पर ups की प्रतीकात्मक प्रतियां जलाकर विरोध किया। साथ ही यूपीएस व न्यू पेंशन स्कीम समाप्त करने की मांग की।

मथुरा के अटेवा संरक्षक शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि यूपीएस को लेकर शिक्षकों कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। इसलिए एनएमओपीएस/अटेवा कल पूरे देश मे यूपीएस का अपने कार्यस्थल पर विरोध किया। जिलाध्यक्ष प्रदीपिका फौजदार ने कहा कि एनपीएस से भी बेकार यूपीएस है। एनपीएस और यूपीएस किसी भी तरह से शिक्षक कर्मचारी हित में नहीं है। हमें केवल पुरानी पेंशन चाहिए। जिला मीडिया प्रभारी मनीष दयाल ने कहा कि एनपीएस और यूपीएस देश के हित में नहीं है पुरानी पेंशन से कम हमें कुछ भी मंजूर नहीं है। जिला संगठन मंत्री चेतना चौहान ने कहा कि हम पुरानी पेंशन के लिए हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर किसी भी हद तक जाएंगे।आईटी सेल प्रभारी करण सिंह ने पेंशन हमारा हक है और हम इसे लेकर रहेंगे। मांट ब्लॉक अध्यक्ष सीमा कुमारी ने कहा कि यदि वर्तमान सरकार पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती है तो हम दिल्ली में बहुत बड़ा आंदोलन करेंगे। आईटी सेल प्रदेश प्रभारी प्रमोद पटेल ने नौजवानों को कहा कि उठो,जागो और जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए तब तक चैन से बैठो नहीं। जिला सह संयोजिका सारिका सिंह,सरिता चाहर ने कहा पेंशन हक है लेकर रहेंगे, कर्मचारियों को बेवकूफ न बनाएं संगठन मंत्री सतीश रावत ने कहा कि सभी विभाग एकजुट होकर के इस लड़ाई को और तेज करेंगे। शैली यादव, धर्मपाल, शालिनी सक्सेना, रामजी, शिवकुमार शर्मा,प्रीतम सिंह , विजयराज आदि अटेवियन ने अपने कार्य क्षेत्र में प्रतियां जलाई।




# शारदा विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय फेस्ट कोरस का आज होगा शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय एनुअल फेस्ट कोरस का गुरुवार को शुभारंभ होगा। इस बार फेस्ट की थीम कार्निवल ऑफ कलर्स है जो सांस्कृतिक विविधता की समृद्धि का जश्न मनाती है।इसमें विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ और कई विश्वविद्यालय और कॉलेज की करीब 60 टीमों ने हिस्सा लेंगे। इस दौरान डीजे और म्युजिकल नाइट के साथ बॉलीवुड सिंगर अपनी प्रस्तुति देंगे। फेस्ट का मुख्य आकर्षण ग्लोबल विलेज होगा। इसमें भूटान, म्यांमार, नेपाल, अफ्रीकी देश समेत 28 देशों के छात्र अपने देश प्रचलित व्यंजन बनाएंगे। इस दौरान उन देशों राजनयिक सम्मिलित होंगे। इंटरनेशनल डिविजन के डायरेक्टर अशोक दरियानी देखरेख में इसका आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के डायरेक्टर पीआर डॉ अजीत कुमार ने बताया कि तीन दिवसीय फेस्ट में 20 से अधिक कार्यक्रम जैसे बहस, फैशन शो, मोनोलॉग, स्टैंड-अप कॉमेडी प्रदर्शन, रैप वॉर, ओपन-माइक शो जैसी प्रतियोगिता का आयोजन होंगे। इस दौरान 70 से अधिक देशों के गणमान्य व्यक्ति, संकाय सदस्य और प्रतिभागी उपस्थित रहेंगे। गुरुवार शाम को स्पिक मैके से जुड़ी प्रसिद्ध कथक कलाकार विदुषी मालती श्याम परफॉर्मेंस देंगी इसके बाद डीजे सिन व शुक्रवार को पंजाबी गायक दिलनवाज और शनिवार को बॉलीवुड सिंगर जुबिन नौटियाल अपनी प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागियों को मजेदार गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए एक साथ लाएगा, प्रतिभा दिखाने, साथियों के साथ बातचीत करने और अमूल्य अनुभव प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।




# स्कूल मे चल रहे 6 निजी वाहन को किया सीज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** एक निजी स्कूल की एआरटीओ ने बुधवार को अवैध रूप से चल रहीं 6 निजी गाड़ियों को सीज करने की कार्यवाई की। आरोप है की स्कूल मे चलाई जा रही ये कमर्शियल गाड़ियां नहीं थी और बढ़कर अधिक सीट लगाई गईं थी। वहीं स्कूल ने आरोप लगाया है कि सीज की गईं गाड़ियां स्कूल की नहीं है और स्कूल कोई ट्रांसपोर्ट की सुविधा नहीं देता। बुधवार को एआरटीओ राजेश मोहन अपनी टीम के साथ कस्बे के एक निजी स्कूल पहुंचे और उन्होंने स्कूल की 6 बैन को सीज कर दिया। राजेश मोहन ने बताया कि इस सीज की गईं गाड़ियों मे से कुछ कमर्शियल नहीं थी, कुछ मे अलग से अधिक सीट लगाई गईं थी, स्कूल नाम नहीं लिखा गया था और सभी अवैध रूप से चलाई जा रहीं थी।

**राजेश मोहन ने बताया कि इस सीज की गईं गाड़ियों मे से कुछ कमर्शियल नहीं थी, कुछ मे अलग से अधिक सीट लगाई गईं थी, स्कूल नाम नहीं लिखा गया था और सभी अवैध रूप से चलाई जा रहीं थी।**

स्कूल मैनेजमेंट को इसकी सूचना दी गई थी, अल्टीमेट देने के बाद भी स्कूल की ओर से कोई जबाव नहीं आया। जिसके बाद इन गाड़ियों को सीज करने की कार्यवाई की गई। वहीं स्कूल के मैनेजर नरेंद्र शर्मा ने बताया कि स्कूल पर लगा आरोप गलत है, स्कूल के पास कोई ट्रांसपोर्ट की सुविधा नहीं है।

सीज की गईं गाड़ियां स्कूल की है ही नहीं। वही सीज किये गये वाहन मालिकों मनफूल गांव भगवंतपुर, ईश्वर दास गांव छातंगा ने बताया कि वह अपने व अपने परिवार के बच्चों को स्कूल छोड़ने व लेने जाते है उनका स्कूल से कोई लेना देना नहीं हैं। गाड़ियां गलत सीज की गईं हैं।

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर घना कोहरा के कारण आपस में टकराए दर्जनों वाहन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** बुधवार सुबह करीब आठ बजे ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर गांव रेवड़ा रेवड़ी के पास घना कोहरा होने के कारण दर्जनों वाहन आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन एक दूसरे पर चढ़ गए, तथा कुछ वाहन टकराने के बाद रोड पर इधर उधर पलट गए। हादसे में करीब 46 लोग घायल हुए हैं, घायलों में एक व्यक्ति की हालत अति गंभीर बनी हुई है। एक कार बुधवार सुबह बागपत की और से मुरादनगर की ओर जा रही थी। जब वह कार ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर गांव रेवड़ा रेवड़ी के पास पहुंची तो आगे जा रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक मार दिए। अधिक कोहरा होने के चलते कार चालक को कुछ दिखाई नहीं दिया। जिस कारण कार ट्रक से जा टकराई। इसके बाद पीछे से आ रहे एक बाद एक 35 से अधिक वाहन आपस में टकराते चले गए। टक्कर इतनी जबदस्त थी कि वाहनों का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

**46 से अधिक लोग हुए घायल एक की हालत अति गम्भीर, वाहनों की टक्कर के बाद ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर लगा दो किलो मीटर लम्बा जाम, कई घंटों तक बनी रही जाम की स्थिति**





सूचना पर मौक पर पहुंची पुलिस ने घायल शोएब निवासी गांव काटठा जिला बागपत को गाजियाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया। इसके अलावा 45 से अधिक लोग चोटिल भी हुए है। वाहनों के आपस में टकराने के बाद ईस्टर्न पेरिफेरल वे परदेखते ही देखते वाहनों का करीब दो किलो मीटर लम्बा जाम लग गया।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहनो को क्रेन की मदद से सड़क से हटाकर यातायात सुचारु कराया। एक्सप्रेस वे पर दो घंटे से अधिक समय तक जाम जैसी स्थिति बनी रही। इस बारे में एसीपी मसूरी सर्किल सिद्धार्थ गौतम का कहना है कि घना कोहरा होने के चलते ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर 30 से 35 वाहन आपस में भिड़ गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यायायात सुचारु करा दिया है। बताया कि हादसे में घायल लोगों में एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है।

**मेजबानी** प्रदेश की कला, संस्कृति, शिक्षा और खान-पान से रूबरू हो रहे हैं लेह के बच्चे, लखनऊ दर्शन पार्क सहित अन्य ऐतिहासिक इमारतों को देख मुग्ध हुए बच्चे

# समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण और पत्नी ज्योत्सना अरुण ने की लेह के बच्चों की मेजबानी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** लेह के न्यामा तहसील के छात्र फुंसुक, कुनखेना, रिंजिन और उनके सभी साथी पहली बार लखनऊ आए हैं। गोमतीनगर स्थित यूपी दर्शन पार्क में इनकी मुलाकात समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सर्वोदय विद्यालय के बच्चों से हुई तो पहले कुछ झिझक थी। लेकिन कुछ देर में बच्चों ने आपस में बातचीत का सिलसिला शुरू किया तो एक दूसरे के रहन सहन, स्कूल की शिक्षा सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा शुरू हुई। सर्वोदय विद्यालय के बच्चों ने पार्क में लगी कलाकृतियों के बारें में एक एक कर बताना शुरू किया तो लेह के सभी बच्चे ध्यान से सुनने लगे। पार्क में घूमकर बच्चों ने न सिर्फ यूपी को जाना बल्कि यहां की कला और संस्कृति से भी परिचित हुए।






**भारत दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत आए हैं बच्चे**

एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत सुदूर दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में रहने वाले बच्चे देश की कला, संस्कृति और शिक्षा से परिचित हों, इसके लिए आईटीबीपी द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत भारत दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसके अंतर्गत 26 छात्र छात्राओं और दो शिक्षकों का एक दल केंद्र शासित प्रदेश लेह के न्यामा तहसील से उत्तर प्रदेश आया है। समाज कल्याण मंत्री, श्री असीम अरुण के निर्देश पर आज सभी मेहमान बच्चों को यूपी दर्शन पार्क ले जाया गया। जहां बच्चों ने अपने अपने अनुभव साझा किये। इस मौके पर समाज कल्याण मंत्री श्री असीम अरुण और उनकी पत्नी श्रीमती ज्योत्सना अरुण खुद भी उपस्थित रहे और बच्चों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना – ई – टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई – प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| क्र | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-52PEDESTAL-MB DATE 28.01.2025 | मुरादाबाद मंडल में पुल नंबर 52 DN (11x61 मीटर) मुरादाबाद–गाजियाबाद खंड पर आरसीसी पेडस्टल सुदृढ़ीकरण का कार्य | ₹ 2382663.58 | ₹ 80000/- | 6 (छह) महीने | दिनांक: 22.02.25 को 14:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 14:00 बजे के पश्चात। |
| 2 | 32-W-BR-821-970-MB DATE 28.01.2025 | मुरादाबाद मंडल में पुल नंबर 821 UP (4x18.30m), पुल नंबर 970 UP (10x18.30m) और पुल नंबर 974 (18x18.30m) लखनऊ–बरेली खंड पर साइडपैथवे के जंग लगे एंगल प्लेट और गसेट प्लेट को बदलने का कार्य | ₹ 4001060.04 | ₹ 47700/- | 8 (आठ) महीने | दिनांक: 22.02.25 को 14:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 14:00 बजे के पश्चात। |

**नोट :** उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व् डाउनलोड किया जा सकता है। **320/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जरूरतमंदों को बेहद कम खर्चे में उपलब्ध होगी एम्बुलेंस : हरीश गुप्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** नगर के प्रसिद्ध व्यापारी बंधुओं हरीश गुप्ता, अनिल गुप्ता, नवीन गुप्ता व सुशील गुप्ता ने अपने दिवंगत पिता स्वर्गीय राम किशन गुप्ता की पुण्य स्मृति को मानवता के लिए समर्पित करते हुए सामाजिक संस्था निष्काम सेवक जत्था को एंबुलेंस गाड़ी भेंट की है।

### स्व पिता की याद में गुप्ता बंधुओ ने निष्काम को भेंट की एंबुलेंस

गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स डिग्री कॉलेज के निकट स्थित नवीन मोबाइल और ऑप्टिकल्स के स्वामी नवीन गुप्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उनके पिता राम किशन गुप्ता का गत 3 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया था। उनकी आरिष्टी पर उन्होंने और उनके भाइयों ने अपने स्वर्गीय पिता की याद में निष्काम सेवक जत्था को एक एंबुलेंस गाड़ी भेंट करने की घोषणा की थी। उसी पूर्व घोषणा को अमली जामा पहनाते हुए उन्होंने मौनीअमावस्या के दिन यानी बुधवार को मुख्य अतिथि विधायक डॉ मंजू शिवाच की मौजूदगी में निष्काम सेवक जत्था को एंबुलेंस गाड़ी भेंट की है।

नवीन गुप्ता के मुताबिक अक्सर आर्थिक तंगी के कारण लोग एंबुलेंस का खर्चा वहन नहीं कर पाते हैं। जिसके चलते समय पर उपचार न होने के कारण अक्सर मरीज काल के गाल में समा जाता है। इसलिए यह एंबुलेंस निष्काम संस्था को भेंट की गई है। निष्काम सेवक जत्था के अध्यक्ष सरदार जसमीत सिंह ने बताया कि यह एंबुलेंस गाड़ी बेहद कम खर्चे पर जरूरतमंदों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। जसमीत सिंह ने यह भी कहा कि हम गुप्ता बंधुओं के आभारी है कि उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए हमारी संस्था को चुना है। इस मौके पर मौजूद सभी ने गुप्ता बंधुओं की मानवता से परिपूर्ण भावना की मुक्त कंठ से सराहना की है।




इस अवसर पर भाजपा शहर अध्यक्ष आकाश शर्मा, पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली के अलावा वरिष्ठ समाजसेवी चानन लाल ढींगरा, दिलीप शर्मा, जसप्रीत सिंह, मंजीत सिंह, ललित सचदेवा, रविन्द्र सिंह, धीरज कालरा, प्रेम कुमार चचड़ा, अनुप्रीत कौर, ट्विंकल बत्रा, मनदीप सिंह, राहुल बाबा, सुनील नारंग, अंशुल भसीन, रविकांत ठाकुर, जसमिन्दर सिंह, जीतू सरदार जी, संजय तोमर, विनीत अरोड़ा, अंकुर अरोरा, विकास भसीन, गौरव, जगपाल, नवीन जायसवाल आदि मौजूद थे।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी दीपक मीणा आईएएस की अध्यक्षता में विकास भवन में स्थित दुर्गावती देवी सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें गत किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निराकरण के सम्बन्ध में अवगत कराया गया तथा नई शिकायतें कृषकों द्वारा प्राप्त कर सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषित की गयी।




गत किसान दिवस में की गयी शिकायत के क्रम में सर्वप्रथम नजर खां पुत्र चांद खां निवासी ग्राम नाहल द्वारा ग्राम नाहल में जो मण्डी समिति का चबूतरा बना हुआ है, उसकी हालत जर्जर हो गयी है, इसकी मरम्मत का कार्य कराया जाये। मण्डी निरीक्षक नाहर सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि यह चबूतरा जिला पंचायत से संबंधित है तथा जिला पंचायत को सूचित कर दिया गया है। सतेन्द्र द्वारा शिकायत की गयी कि शुगर मिल मोदीनगर की ब्याज की आर०सी० करीब 25 करोड़ रुपए वसूले जायें। आर०सी० वर्ष 2018-19 को जारी हुई थी, लेकिन आज तक मात्र 2.35 करोड़ की वसूली हुई है बाकी 21.65 करोड़ रुपए वसूलने की कृपा करें, उक्त के संबंध में जिला गन्ना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आयुक्त गन्ना एवं चीनी मिल उत्तर प्रदेश के कार्यालय द्वारा गन्ना मूल्य की विलम्बित अवधि पर देय ब्याज का भुगतान चीनी मिल द्वारा उत्पादित चीनी एवं सह उत्पादों की बिक्री से 85 प्रतिशत के अतिरिक्त मिल के अपने निजि स्त्रोतों से कराने के निर्देश दिये गये, जिसके क्रम में मोदी शुगर मिल को निर्देशित किया जा चुका है। कृषक सचिन कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम-अमराला एवं पिंटू पुत्र वीरपाल द्वारा की गयी शिकायत दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे व भोजपुर टोल से कलछीना गांव तक सर्विस रोड बनायी जाये।

# पेरेंट्स एसोसिएशन ने जिले की शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए डीएम से की मुलाकात

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद।** पेरेंट्स एसोसिएशन ने आज जिले के नए जिलाधिकारी दीपक मीणा से जिले की शिक्षा व्यवस्था को सुधारने और आरटीई के दाखिलों की प्रक्रिया मे बड़े स्तर पर हो रही खामियों को दूर करने के लिए लगभग 30 मिनट तक विस्तृत रूप से चर्चा हुई गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी और सचिव अनिल सिंह ने बताया कि आज हमने शिक्षा के विभिन्न मुद्दों को लेकर जिलाधिकारी से मुलाकात की हमने जहा निजी स्कूलों द्वारा कॉपी , किताब, स्टेशनरी , यूनिफॉर्म और मोटी फीस के नाम की जा रही लूट पर अंकुश लगाने का अनुरोध किया है वहीं आरटीई के अंतर्गत आने वाले स्कूलों में सीटों की मैपिंग दुरुस्त करने ,दाखिला नहीं लेने वाले स्कूलों पर कार्यवाई सुनिश्चित करने और प्रदेश सरकार के माध्यम से आरटीई के अंतर्गत चयनित बच्चो की शिक्षा कक्षा 8 से बढ़ाकर कक्षा 12 तक करने और दुर्बल वर्ग के अंतर्गत आने वाले अभिभावकों की सालाना आय 1 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने की संतुति करने का निवेदन किया है आज जिलाधिकारी के साथ शिक्षा से संबंधित सभी मुद्दों पर चर्चा बेहद सफल रही इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और जिले की शिक्षा व्यवस्था को सुधारने और गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के आरटीई के दाखिलों की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए साथ मिलकर कार्य करने के लिए आश्वस्त किया । इस मौके पर साधना सिंह , अनिल सिंह, धर्मेंद्र यादव ,पवन शर्मा, राजू सैफी, पवन शर्मा, कौशलेंद्र सिंह, सुमित त्यागी, नरेश कुमार , श्रीकांत , रामभूल , मीनू, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# निर्वाण फाउंडेशन का गांव अबूपुर में अनिश्चितकालीन धरना आज से शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** गांव अबूपुर के मुख्य मार्ग की बदतर हालत को बुधवार तक भी प्रशासन द्वारा सही ना कराये जान पर प्रसिद्ध सामाजिक संस्था निर्वाण फाउंडेशन अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बृहस्पतिवार यानी तीस जनवरी से गांव अबूपुर में ग्रामीणों के साथ अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे।

### गणतंत्र दिवस तक अबूपुर के मुख्य मार्ग को सही कराने हेतु की गई थी मांग

यह जानकारी संगठन के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने अपने कार्यालय पर आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को दी। ईश्वर चंद्र ने पत्रकारों को बताया कि ग्राम अबूपुर के वासियों ने गांव के मुख्य मार्ग की बदतर हालत के बारे में संस्था को अवगत कराया था। जिसके बाद उन्होंने हस्ताक्षर अभियान चलाने के उपरांत गणतंत्र दिवस से कई दिन पूर्व एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर गणतंत्र दिवस तक इस मार्ग को सही कराए जाने की मांग की थी। अन्यथा की स्थिति में आंदोलन किए जाने की चेतावनी भी ज्ञापन में दी गई थी। ईश्वर चंद्र ने बताया कि गणतंत्र दिवस को तीन दिन बीत जाने के बाद भी तहसील प्रशासन ने इसकी कोई सुध नहीं ली है। इसलिए गांव वासियों को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए अब संस्था दी गई चेतावनी पर अमल करेगी। और बृहस्पतिवार से गांव में ही ग्रामीणों के साथ अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। ईश्वर चंद्र ने कहा कि समस्या का समाधान न होने तक यह आंदोलन जारी रहेगा। प्रेस वार्ता में संस्थापक ईश्वर चंद्र के अलावा राष्ट्रीय सचिव विजय लक्ष्मी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओमकार सिंह कसनवाल, जिला अध्यक्ष ऋषि यादव, जिला सचिव, सद्दाम हुसैन, जिला कोषाध्यक्ष घनश्याम सिंह, जिला उप सचिव शोएब कुरैशी, अमित अग्रवाल, जोली भाई, तरुण बैरागी, विनय कुमार शर्मा के अतिरिक्त अबूपुर ग्राम वासियों में अलका नरेंद्र निर्मला, शानू, वंशिका, मेघा, गरिमा, विशाखा, इशिका, निशा, मूलचंद, प्रदीप कुमार, आकाश चोपड़ा आदि मौजूद थे।



# आईटीएस डेंटल कॉलेज में कॉलेज की पूर्व छात्रा डॉ.प्रीती शर्मा ने एलुमनाई लेक्चर प्रस्तुत किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर।** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आईटीएस डेन्टल कॉलेज में कॉलेज की पूर्व छात्रा डॉ प्रीती शर्मा द्वारा एक एलुमनाई लेक्चर प्रस्तुत किया गया जिसका विषय रिसेंट ट्रेन्डस इन क्लीनिकल प्रेक्टिस था। इस लेक्चर में 150 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। डॉ प्रीती शर्मा ने अपनी एमडीएस की पढ़ाई आईटीएस डेन्टल कॉलेज मुरादनगर से पूर्ण की थी। वर्तमान में डॉ प्रीति डेंटविन क्लीनिक में प्रमुख के रूप में कार्यरत है। लेक्चर के दौरान डॉ प्रीती ने एमडीएस एवं बीडीएस के विद्यार्थियों को क्लिनिकल प्रैक्टिस में मौजूदा नवीनतम उपचार की प्रक्रियाओं से अवगत कराया।



कार्यक्रम के दौरान छात्रों को वर्तमान दंत चिकित्सा पद्धति में आने वाली जटिलताओं को दूर करने के लिए आवश्यक ज्ञान प्रदान किया गया, साथ ही नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के साथ चल रहे अभ्यास को बनाए रखने के सुझाव भी दिये गये।

इसके अलावा डॉ प्रीती द्वारा छात्रों को दंत रोगों के समग्र प्रबंधन में लेजर, डिजिटल दंत चिकित्सा के लाभों का उपयोग करने पर ध्यान देने के साथ मौजूदा प्रक्रियाओं के विभिन्न पहलुओं के बारे में गहन चर्चा की गई। अंत में संस्थान के डायरेक्ट-प्रिंसिपल डॉ देवी चरण शेट्टी एवं डीन-सीडीई एवं रिसर्च डॉ पायल द्वारा डॉ प्रीती को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# पुलिस का गुस्सा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को भी झेलना पड़ रहा है: डॉ बीपी त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** विश्व विख्यात डॉ बीपी त्यागी ने जिला चिकित्सालय एमएमजी के स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ पुलिस के रवैया पर सवालिया निशान उठाते हुए कहा है कि पहले वकील, फिर पत्रकार और अब पुलिस का गुस्सा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को भी झेलना पड़ रहा है। जीटी रोड स्थित एमएमजी अस्पताल के आपात कालीन कक्ष पर सुबह उस वक्त हंगाम हो गया, जब आपात कालीन कक्ष के गेट पर खडी वीवी आई पी वाहन की गाडी को अस्पताल के गाडों के द्वारा हटाने के लिए कहा तो वीवीआईपी वाहन पर तैनात वाहन पर तैनात पुलिस वालों की गार्डों से नोकझोक हो गई। स्थिति बिगड़ने पर आपात कालीन कक्ष में तनात स्टाफ धरने पर बैठ गया। बाद में अस्पताल प्रशासन एव पुलिस के हस्तक्षेप के बाद हंगामा शांत हो सका। देखा जाए तो एमएमजी अस्पताल के आपात कालीन कक्ष के आस-पास लोगों का भारी दबाव रहता है। इस बीच वीवीआईपी सेवा के वाहन को आपात कालीन कक्ष के गेट पर खड़ा कर दिया गया।



अस्पताल में तैनात गाडों के द्वारा जब इस वाहन को हटाने के लिए कहा तो वाहन पर तैनात गाजियाबाद कोर्ट में बवाल पुलिस वालों की गाडों से नोकझोक हो गई। नोकझोक इतनी बढ़ी की अस्पताल के आपात कालीन कक्ष का स्टाफ धरने पर बैठ गया। बाद में अस्पताल प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो सका। गत अक्टूबर में जिला जज कोर्ट में नाहर सिंह यादव एडवोकेट और उनके कई वकील साथियों की जिला जज से बहस हो गई थी। देखते ही देखते आपस में झगड़ा हो गया। स्थिति तनावपूर्ण देखते हुए पुलिस को लाठी चार्ज कर दी थी। कई थानों की पुलिस को कचहरी में लगाया गया था। वकीलों ने आरोप लगाया था कि पुलिस ने जिला जज कोर्ट रूम में उन्हें चारों तरफ से दरवाजा बंद करके पिटा गया। कई वकीलों को मामली चोटें आई। लाठीचार्ज से गुस्साए वकीलों ने जमकर हंगामा किया। काफी दिनों तक हड़ताल की और प्रदेश व्यापी भी हड़ताल रही थी। जिसके अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश देखा गया था और कई बार पुलिस एवं अधिवक्ताओं के बीच टकराव के भी नौबत आई थी। वहीं अगर पत्रकारों की बात की जाए तो इस मामले में पुलिस पत्रकारों के खिलाफ भी काफी सख्त नजर आई। जहां पत्रकार इमरान खान एवं रण सिंह को पुलिस ने दो अलग अलग राजनीतिक मामलों में खबर चलाने पर जेल भेज दिया था। वही ताजा मामला राजापुर निवासी पार्षद पति पवन गौतम द्वारा दो पत्रकार अनुज चौधरी एवं आशा चौधरी से जुड़ा है जिनके खिलाफ पुलिस ने थाना कवि नगर में रंगदारी एससी एसटी एक्ट एवं अन्य गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है।

# धूमधाम से बन गया डॉ.सोलत पाशा का जन्मदिन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डासना।** बीजेपी अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष डॉ कुंवर सौलत पाशा का गणमान्य लोगों ने एवं भाजपा नेताओं ने उनके कार्यालय जाकर जन्मदिन की मुबारकबाद दी अच्छे भविष्य की दुवा भी दी वही डॉक्टर सौलत पाशा ने सभी लोगों का अभिनंदन किया और धन्यवाद दिया वहीं नगर पंचायत डासना से भाजपा के वार्ड मेंबर वकील अहमद ने सम्मान चिन्ह देकर जन्मदिन की बधाई दी और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री इमरान अब्बासी ने केक खिलाकर जन्मदिन की मुबारकबाद दी व उच्च भविष्य की कामनाएं की जिनका डॉक्टर सौलत पाशा ने सभी आभार प्रकट किया अच्छे भविष्य की कामनाएं की डॉक्टर सोलत पाशा ने सभी आए सम्मानित लोगों का दिल की गहराइयों से आभार प्रकट किया।



# अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए इंदिरापुरम में चला निगम का महाअभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने इंदिरापुरम में 10 किलोमीटर तक चलाया अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान क्षेत्रवासियों ने सरहाना की।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इंदिरापुरम क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध महा अभियान चलाया है जिसमें पांचो जोन के जोनल प्रभारी व टीम उपस्थित रही साथ में निर्माण विभाग उद्यान विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम भी उपस्थित रही, वार्ड संख्या 87, 81 तथा 97 के अतिक्रमण को हटाया गया है, हिंडन नदी से शुरू करते हुए काला पत्थर होते हुए NXH 24 तक लगातार अभियान चला है, मौके पर जेसीबी का भी इस्तेमाल किया गया है, पुराने अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने की कार्यवाही को देखते हुए क्षेत्रवासियों ने नगर निगम टीम को धन्यवाद किया। अरुण कुमार यादव अपर नगर आयुक्त मौके पर उपस्थित रहे जिनके नेतृत्व में कार्यवाही प्रारंभ कराई गई 2:00 से 5:00 तक निरंतर कार्यवाही चली अवैध रूप से पक्के निर्माण को भी हटाया गया तथा अवैध रूप से स्थाई बने हुए खो के भी हटाये गए, ठेला ठेली पटरी को भी मार्गो से पीछे कराया गया रास्तों में लगे हुए जनरेटर को भी हटाया, निगम की कार्यवाही मे पार्षदों द्वारा भी विशेष सहयोग किया गया। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा दो दिन और महा अभियान चलाया जाएगा जिसमें मुख्य मार्गो के साथ-साथ इंदिरापुरम के आंतरिक क्षेत्र में भी अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी नगर आयुक्त गाजियाबाद द्वारा निगम टीम का सहयोग करने के लिए शहर वासियों से अपील भी की गई है साथ ही आवागमन बाधित न हो अवैध अतिक्रमण खुद हटाने के लिए भी अपील की गई है, महा अभियान के दौरान मौके पर पुलिस बल तथा गाजियाबाद नगर निगम प्रवर्तन दल भी उपस्थित रहा, व्यापारी वर्ग ने भी निगम का सहयोग किया।




दर्दनाक घटना

## इस दुर्घटना में कई श्रद्धालुओं के हताहत होने की खबर आई है

# प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ 2025 में हुई एक दर्दनाक घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया: दिनेश गुर्जर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लोनी।** समाजवादी पार्टी लोनी विधानसभा अध्यक्ष दिनेश गुर्जर ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पीड़ितों के प्रति संवेदना प्रकट की है और सरकार से मांग की है कि घायलों को एयर एंबुलेंस के जरिए बेहतरीन अस्पतालों तक पहुंचाया जाए और उचित चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएं।

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर लोनी विधानसभा अध्यक्ष दिनेश गुर्जर की अहम मांगें**

1. गंभीर रूप से घायलों के लिए एयर एंबुलेंस की व्यवस्थाः सभी घायलों को जल्द से जल्द सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों तक पहुंचाया जाए ताकि उनकी जान बचाई जा सके।
2. मृतकों की पहचान और उनके परिजनों तक शव पहुंचाने की व्यवस्थाः हादसे में जिन श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई है, उनके शवों की पहचान कर जल्द से जल्द उनके परिवार तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाए।
3. बिछड़े लोगों को उनके परिवार से मिलाने के लिए विशेष प्रयासः कई श्रद्धालु इस हादसे के कारण अपने परिवार से बिछड़ गए हैं। सरकार को चाहिए कि उनकी तुरंत पहचान कर परिजनों तक पहुंचाने के लिए हेल्पलाइन और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराए।
4. सुरक्षा के लिए हेलीकॉप्टर से निगरानीः महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन में सुरक्षा सर्वोपरि है। सरकार को हेलीकॉप्टर की मदद से निगरानी बढ़ानी चाहिए ताकि आगे कोई अप्रिय घटना न हो।
5. शाही स्नान की परंपरा को सुरक्षित तरीके से संपन्न करानाः महाकुंभ में शाही स्नान एक पवित्र परंपरा है, जिसे सुरक्षित रूप से संपन्न कराना बेहद जरूरी है।
6. श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाओं में सुधारः सरकार को चाहिए कि श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, पानी और चिकित्सा सेवाओं को और मजबूत करे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

**श्रद्धालुओं से संयम और धैर्य बनाए रखने की अपील**

दिनेश गुर्जर लोनी विधानसभा अध्यक्ष ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे इस कठिन समय में संयम और धैर्य बनाए रखें। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों को शांति और सुरक्षा का ध्यान रखते हुए अपनी यात्रा पूरी करनी चाहिए। **सरकार को भविष्य के लिए सबक लेने की जरूरत**

इस दुखद हादसे के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार को महाकुंभ जैसे बड़े आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करने की जरूरत है। हर साल लाखों श्रद्धालु इस पवित्र आयोजन में



शामिल होते हैं, इसलिए प्रशासन को हादसों को रोकने के लिए पहले से तैयार रहना चाहिए। महाकुंभ में शाही स्नान एक पवित्र परंपरा है, जिसे सुरक्षित रूप से संपन्न कराना बेहद जरूरी है। श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाओं में सुधारः सरकार को चाहिए कि श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, पानी और चिकित्सा सेवाओं को और मजबूत करे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

श्रद्धालुओं से संयम और धैर्य बनाए रखने की अपील दिनेश गुर्जर ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे इस कठिन समय में संयम और धैर्य बनाए रखें। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों को शांति और सुरक्षा का ध्यान रखते हुए अपनी यात्रा पूरी करनी चाहिए।

**सरकार को भविष्य के लिए सबक लेने की जरूरत**

इस दुखद हादसे के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार को महाकुंभ जैसे बड़े आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करने की जरूरत है। हर साल लाखों श्रद्धालु इस पवित्र आयोजन में शामिल होते हैं, इसलिए प्रशासन को हादसों को रोकने के लिए पहले से महाकुंभ एक आध्यात्मिक और धार्मिक आयोजन है, जहां देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु आते हैं। इस घटना ने प्रशासन की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

दिनेश गुर्जर की मांगें सरकार के लिए एक जरूरी चेतावनी हैं कि सुरक्षा इंतजामों में सुधार किया जाए और श्रद्धालुओं को सुरक्षित माहौल प्रदान किया जाए प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ होने और उसमें कई श्रद्धालुओं के हताहत होने की खबर अत्यंत पीड़ादायक है ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और घायलों भक्तों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें

# पुलिस अधीक्षक ने थाना बहादुरगढ़ का औचक निरीक्षण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,सिंभावली।** जनपद के पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने थाना बहादुरगढ़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय में अभिलेखों का अवलोकन व अभिलेखों का रख रखाव व साफ सफाई देखकर निर्देशित किया,कि थाने पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करें,थाने वाले पीड़ित प्रत्येक पीड़ित की समस्या सुनकर उनका प्राथमिकता से निस्तारण करें।



# मौनी अमावस्या : ब्रजघाट गंगा नदी में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर में तीर्थनगरी के ब्रजघाट में बुधवार को मौनी अमावस्या पर तीर्थ नगरी ब्रजघाट स्थित गंगा नदी में लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ दान-पुण्य किया। मौना अमावस्या के मद्देनजर ब्रजघाट पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबन्ध रहे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ ब्रजघाट का निरीक्षण कर वहां तैनात अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये।

आपको बता दें बुधवार को मौना अमावस्था पर घने कोहरे के चलते पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत राजस्थान,हरियाणा और दिल्ली राज्यों से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला मंगलवार की देर शाम शुरू हो गया था। बुधवार को श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त में गंगा स्नान कर,पूजा अर्चना करके दान दक्षिणा देकर अपने घरों को रवाना हो गये। बुधवार को गंगा नदी में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

- ब्रजघाट पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबन्ध रहे
- -डीएम व एसपी ने ब्रजघाट का निरीक्षण कर,दिये निर्देश





**मौनी अमावस्या का महत्व**

पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि मौनी अमावस्या के व्रत में मौन धारण करने का विशेष महत्व बताया जाता है। शास्त्रों के अनुसार मुंह से ईश्वर का जाप करने से जितना पुण्य मिलता है,उससे कहीं गुना ज्यादा पुण्य मौन रहकर जाप करने से मिलता है। अगर दान से पहले सवा घंटे तक मौन रख लिया जाए,तो दान का फल 16 गुना अधिक बढ़ जाता है और मौन धारण कर व्रत का समापन करने वाले को मुनि पद की प्राप्ति होती है।

**श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी**

माघ मास की मौनी अमावस्या पर ब्रजघाट गंगा घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मोक्ष दायिनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। सर्दी भी भक्तों की अटूट आस्था की राह में कोई रोड़ा नहीं बन पाई। स्नान के बाद गंगा तट पर पुरोहितों से भगवान सत्यनारायण की कथा सुनी। मंदिरों में पूजा-अर्चना कर दान-पुण्य किया।

**लठीरा और पुष्पावती पूठ में गंगा में लगाई आस्था की डुबकी**

मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने मौन व्रत रखकर गंगा ब्रजघाट के साथ ही गांव लठीरा और पुष्पावती पूठ के कच्चे घाटों पर भी काफी संख्या में गंगा में श्रद्धालु स्नान कर गंगा तट पर पूजा अर्चना की है। विभिन्न महानगरों से आए धनाढ्यों ने मौनी अमावस्या के उपलक्ष्य में गरीब-निराश्रितों को भोजन-वस्त्र, तिल, लकड़ी समेत विभिन्न वस्तुओं का दान कर पुण्य अर्जित किया।

**गहरे जल में जाने से रोका**

मौनी अमावस्या पर विभिन्न राज्यों व जिलों से श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए गढ़मुक्तेश्वर के ब्रजघाट स्थित गंगा नदी पर पहुंचे,जहां उन्होंने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। गंगा घाटों पर तैनात पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं को गहरे जल में जाने से रोकते नजर आये। पुलिसकर्मी लगातार गंगा घाटों पर गश्त कर रहे थे।

**पुलिस के सुरक्षा के कड़े प्रबंध**

गढ़मुक्तेश्वर पुलिस क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह ने बताया कि गंगा घाटों पर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हुए थें। संदिग्ध लोगों और वाहनों पर पुलिस की पैनी निगाह रहीं। पुलिस टीम गंगा घाटों पर गश्त करती रही। राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम न लगे इसको लेकर पुलिस बल तैनात किया गया था,जो वाहनों का आवागमन करा रहा था।

**अधिकारियों ने ब्रजघाट का निरीक्षण**

मौनी अमावस्था पर जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ ब्रजघाट गंगा घाटों का निरीक्षण कर डयूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और आनन्दा फाउंडेशन के सहयोग से रतलाम में "श्वेतधारा" कार्यक्रम और जोविता मिल्क प्रोड्यूसर्स कंपनी का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** रतलाम जिले के बोरखेड़ा गांव में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और आनन्दा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से संचालित "श्वेतधारा" कार्यक्रम और "जोविता मिल्क प्रोड्यूसर्स कंपनी" का शुभारंभ किया गया। यह पहल मध्य प्रदेश के पांच जिलों में डेयरी किसानों और महिला किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का उद्घाटन आनन्दा फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. आर. एस. दीक्षित,आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की उरफप्रमुख सुश्री रचना अय्यर और उरफ मैनेजर ललित वेदुला ने किया। इस अवसर पर जोविता मिल्क प्रोड्यूसर्स कंपनी के सदस्य किसानों को शेयर सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।





**जोविता द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं:**

जोविता कंपनी ने पशुपालन को लाभकारी बनाने के लिए अपने उत्पाद जैसे पशु आहार, मिनरल मिक्सचर और कपासिया खली का भी उद्घाटन किया। इन उत्पादों के माध्यम से किसानों को बेहतर दूध उत्पादन और पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार की सुविधा मिलेगी। साथ ही, किसानों को जागरूक करने और जानकारी प्रदान करने के लिए "जोविता रथ" की भी शुरूआत की गई।

मुख्य अतिथियों के विचार:आईडीएफसी फर्स्ट बैंककार्यक्रम में उपस्थित एस आर सी के उरफ प्रमुख सुश्री रचना अय्यर ने कहा, यह परियोजना न केवल किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी प्रदान करेगी। आनन्दा फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. आर. एस. दीक्षित ने किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, श्वेतधारा और जोविता जैसे प्रयास ग्रामीण भारत में सकारात्मक बदलाव लाने में मील का पत्थर साबित होंगे।

विशिष्ट अतिथिः इस कार्यक्रम मेआईडीएफसी फर्स्ट बैंक से सुश्री रचना अय्यर, ललित वेदुला और नितीश आर्य, आनन्दा फाउंडेशन से डॉ. आर. एस. दीक्षित, कार्यकारी निदेशक रजीउल हसन और प्रबंधक नितिन कुमार, जोविता मिल्क प्रोड्यूसर्स कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती विनीता नायर और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स (रम्भा, रानी कटारिया) उपस्थित रहे।


**किसानों के लिए संदेशः**

कार्यक्रम में मौजूद सभी विशिष्टजनों ने किसानों को बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया और उनकी भलाई के लिए निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के डेयरी किसानों और महिला किसानों को सशक्त बनाने और उनकी आय में वृद्धि करने के लिएआईडीएफसी फर्स्ट बैंक और आनन्दा फाउंडेशन के समर्पण का प्रतीक है।

# एबीएसए अमन गुप्ता ने परिषदीय विद्यालय के साथ समस्त प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पहाड़पुर हवेली शिकारपुर पर परिषदीय विद्यालय के समस्त प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक की गई।उक्त समीक्षा बैठक में विद्यार्थियों की अपार आईडी, यूडाइस अंतर्गत (स्टूडेंट प्रोफाइल, विद्यालय प्रोफाइल, अध्यापक प्रोफाइल), एवं डीबीटी के अंतर्गत छात्रों के आधार नॉट अवेलेबल, नाट सीडेड पेंडेंसी पर समीक्षा की गई, उक्त तीनों पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए व अत्यंत मंद गति से अथवा न्यून कार्य करने वाले विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए,समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि अपार आईडी सृजित करने में परिषदीय विद्यालयों का लगभग 60-70 प्रतिशत कार्य व निजी मान्यता प्राप्त विद्यालय का मात्र 13 प्रतिशत कार्य ही अब तक पूर्ण किया गया है। जिस कारण ओवर आल विकास खंड में 26 प्रतिशत आईडी ही सृजित की जा सकी है। खंड शिक्षा अधिकारी अमन गुप्ता ने बताया कि अतिशीघ्र कार्य न पूर्ण करने वाले परिषदीय विद्यालय के प्रधानाध्यापकों का वेतन अवरुद्ध करने व निजी मान्यता प्राप्त विद्यालय के कार्यवाही हेतु पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय प्रेषित कर दिया जाएगा।





# बहादुरगढ़ थाने का एसपी ने किया आकस्मिक निरीक्षण,संबंधित को दिए सख्त दिशा निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाने का एसपी ने किया आकस्मिक निरीक्षण कर संबंधितों को सख्त दिशा निर्देश दिए हैं। जनपद की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त सुदृढ़ बनाए रखने का नाम है।एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने इसी क्रम में बहादुरगढ़ थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड रूम, कंप्यूटर कक्ष,अभिलेखों के रख-रखाव एवं लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने और साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर संबंधित को किए दिशा निर्देश जारी।



# मिशन शक्ति अभियान फेज-05: महिलाओं व छात्राओं को आत्म निर्भर बनाने को किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद में महिलाओं,बच्चियों व छात्राओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 में पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह के निर्देश पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं व छात्राओं को चौपाल लगाकर महिलाओं, छात्राओं व बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने, सशक्तिकरण, साइबर क्राइम व विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

- विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों व कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी
- महिला पुलिस कर्मियों ने आत्मरक्षा हेतु जरूरी टिप्स भी दिये



आपको बता दें मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मियों ने जनपद में गांवों,गली मोहल्लों व सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर महिलाओं,छात्राओं व युवतियों को महिला सशक्तिरण,नारी सम्मान,स्वालंबन व साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। साथ ही पंपलेट भी वितरित किये जा रहे है। महिला पुलिसकर्मियों ने चौपाल में बताया कि कहीं आते-जाते यदि रास्ते में अथवा कार्य स्थल या फिर घर के आसपास कहीं कोई मनचला आपको परेशान करे तो घबराएं नहीं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दें। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचेंगे। शिकायत करने वालों का नाम-पता गोपनीय रखा जाएगा।

उन्होंने वीमेन पावर लाइन-1090,महिला हेल्पलाइन नंबर-181,चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर-112,चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही संकट के समय हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग करने की अपील की। इसके अलावा आत्मरक्षा सम्बंधी टिप्स,गुड़ टच,बैड टच व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया।

**जनसुनवाई** सीडीओ ने दस बजे से अंतिम व्यक्ति की शिकायत सुनने तक की जनसुनवाई

# जनता की शिकायतों का अधिकारी प्राथमिकता से करें निस्तारण: सीडीओ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद के मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम द्वारा प्रतिदिन अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर सुबह 10 बजे से अंतिम व्यक्ति की शिकायत सुनने तक जनसुनवाई की। उनके द्वारा फरियादी को तत्काल न्याय देने व दिलाने की प्रयास किया जाता है। जिसे देखकर जनपदवासी सीडीओ की कार्य प्रणाली की प्रशंसा करने लगे है।

- सरकार की योजना का अंतिम पात्र व्यक्ति को लाभ दिलाये अधिकारी
- जिले की जनता सीडीओ की कार्य प्रणाली की करने लगी प्रशंसा

आपको बता दें,कि मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम समयनिष्ठ, कर्तव्यनिष्ठ एवं संवेदनशील अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनायी है। वह प्रतिदिन समय से कार्यालय पहुंचने से उनकी समयनिष्ठता का पता चलता है,अपने कार्यालय पर बैठकर वह जनता की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान करते और कराते भी है। जिसमें उनकी कत्र्तव्यनिष्ठा दिखाई देती है। जन सुनवाई के दौरान सीडीओ के समक्ष लोग विभिन्न समस्याएं लेकर से आये,उन्होंने शिकायतों का समाधान गुणवत्तापूर्ण और शासन द्वारा निर्धारित अवधि में करने के निर्देश दिये। किसी भी पात्र लाभार्थी को उसको मिलने वाली योजनाओं के लाभ से वंचित ना रखा जाएं।





गौरतलब है,कि सीडीओ हिमांशु गौतम द्वारा प्रतिदिन कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई की जाती है। उनकी कार्य प्रणाली की जनपद की जनता की प्रशंसा करने लगे है। उनके कार्यालय में पहुंचने वाला फरियादी निराशा होकर नहीं जाता है,उनकी समस्या का तत्काल समाधान करने व कराने का प्रयास किया जाता है।

# जानकी नाथ चेरिटेबल ट्रस्ट छिपीवाड़ा, पिलखुवा द्वारा परतापुर रोड पर हवन प्रहलाद नगर स्थित मंदिर पर मीठी खीर का वितरण





बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर बाबा जानकी नाथ चेरिटेबल ट्रस्ट छिपीवाड़ा, पिलखुवा द्वारा परतापुर रोड पर प्रहलाद नगर स्थित मंदिर पर मीठी खीर के प्रसाद का वितरण कराया गया एवं गरीब कन्याओं को गरम मोजे बाटे गये। इस संस्था का मुख्य उदेश्य गरीब कन्याओ का विवाह कराना एवं गरीब कन्याओ को शिक्षा प्राप्त कराना है। इस पावन अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु राणा, अमित सिरोही, तारा चंद रुहेला जी, धर्मवीर लाला, पुनीत मित्तल, सीमा मित्तल, आरती, नरेश, विनोद तोमर, गौरव रुहेला, पलक्षा रुहेला, मनोज तोमर, प्रदीप कुमार, सुखवीर सिंह फौजी आदि लोग उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना बहुत जरूरी



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

समय में जब दुनिया बहुत संवेदनशील दौर से गुजर रही है, हमें विश्व स्तर पर अमन-शांति के प्रयासों में भरपूर सहयोग देना चाहिए, पर साथ में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना भी बहुत जरूरी है, और इसके लिए हमें बहुत सावधानी से अपनी राह बनानी होगी।

यह एक बहुपक्षीय चुनौती है पर फिर भी यदि संक्षेप में कहें तो ये चार राहें हमारे देश को सुरक्षा और समृद्धि की राह पर ले जाती हैं।

पहली राह तो यह है कि राष्ट्रीय एकता को बहुत उच्च प्राथमिकता दी जाए और धर्म, जाति, क्षेत्र, रंग, लिंग आदि हर तरह के भेदभाव को समाप्त किया जाए और सभी लोगों को भारतीय नागरिक के रूप में एक से अधिकार, सम्मान और गरिमा प्राप्त हों। यह सरकारी नीति के लिए और लोगों के व्यवहार,दोनों के लिए जरूरी है कि किसी को सामाजिक विषमता, भेदभाव या अनुचित व्यवहार का अहसास न हो। जिन्होंने ऐतिहासिक स्तर पर बहुत विषमता सही है, उनके लिए संवैधानिक स्तर पर जो विशेष लाभ दिए गए वे इस समता के उद्देश्य के अनुकूल हैं, संविधान-सम्मत हैं, और उन्हें भी सम्मान मिलना चाहिए। दूसरी राह यह है कि विभिन्न राजनीतिक दलों और अन्य राजनीतिक-सामाजिक ताकतों में टकराव सीमा से आगे न बढ़े और आपसी मतभेदों के भिन्न विचारों के बावजूद वे बड़े राष्ट्रीय हितों पर एक-दूसरे से सहयोग ही करते रहें। इसके लिए जरूरी है कि एक-दूसरे के विरुद्ध अपमानजनक भाषा या अतिश्योक्तिपूर्ण आलोचना से बचा जाए। लोकतंत्र में तो यह निश्चित है कि विभिन्न राजनीतिक दल और अन्य राजनीतिक-सामाजिक संगठन अपने-अपने विचारों के साथ आगे बढ़ें और एक-दूसरे के विचारों की आलोचना करें। लोकतंत्र का एक बड़ा आधार ही यह है कि ऐसे मतभेद हिंसा और नफरत का रूप न लें और लोकतांत्रिक तौर-तरीकों के आधार पर इन विभिन्न विचारों के बीच बेहतर राह निकाल कर देश आगे बढ़ सके।

आज लोकतंत्र में यह भूमिका कई जगह संकटग्रस्त हो रही है। अपने को लोकतंत्र का शिखर मानने वाले पश्चिमी देशों के लोकतंत्र पर भी सवाल उठ रहे हैं। दूसरी ओर, कुछ छोटे-बड़े अन्य देशों में मनभेदों और महत्त्वाकांक्षाओं का टकराव अनियंत्रित हो जाने के कारण गृह युद्ध हो चुके हैं, या हो रहे हैं, जिनमें लाखों निदरेष लोग मारे गए हैं। हम अपने आस-पड़ोस में ही देखें- बांग्लादेश और पाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल-तो स्थिति चिंताजनक ही नजर आएगी। अतः आवश्यक है कि इन अनुभवों से सबक लेते हुए देश के विभिन्न विचारों वाले राजनीतिक दलों और अन्य संगठनों की कुछ ऐसी व्यवस्था बनाएं जिससे उनके आपसी टकराव अनुशासन और शालीनता की सीमा में रहें और अनुचित या अवैध तौर-तरीकों का उपयोग एक-दूसरे के विरुद्ध न किया जाए। तीसरा मुद्दा, जो इससे जुड़ा हुआ है, यह है कि हमें आपसी एकता से तय कर लेना है कि हम विदेशी ताकतों के हाथों में नहीं खेलेंगे। विश्व के जिन देशों में हाल के दशकों में सर्वाधिक विनाश हुआ है, जैसे इराक, अफगानिस्तान, सीरिया, लेबनान, लीबिया, सुडान और सोमालिया आदि, में इस विनाश में सबसे शक्तिशाली विदेशी ताकतों की बड़ी भूमिका रही है। अनेक अन्य छोटे-बड़े देशों में भी इन सबसे शक्तिशाली देशों ने तरह-तरह से अनिश्चय लाने की नीतियां अपनाई, उन्हें कमजोर करने और वहां ऐसे तत्वों को आगे बढ़ाने की कोशिश की जो इन शक्तिशाली देशों का साथ दे सकते हों। इन देशों में यदि ऐसी सरकारें हैं जो बड़ी शक्तियों की मनमानी में बाधा हैं तो इन सरकारों को कमजोर या अस्थिर करने या हटाने तक के प्रयास इन सबसे शक्तिशाली देशों ने किए।

# गांधी निर्वाण दिवस-30 जनवरी 2025 पर विशेष, अब बनने लगा है गांधी के सपनों का भारत



ललित गर्ग

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस जब हम नये भारत-सशक्त भारत को विकसित होते हुए देखते है तो प्रतीत होता है कि यह गांधी के ही सपनों का भारत बन रहा है। कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने गांधी की केवल मूर्तियां स्थापित की, लेकिन भाजपा सरकार अपनी नीतियों में गांधी दर्शन को लागू कर रही है। गांधी के अहिंसा दर्शन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल देश में बल्कि दुनिया में स्थापित कर रहे हैं। गांधी की अहिंसा ने भारत को गौरवान्वित किया है, भारत ही नहीं, दुनियाभर में अब उनकी जयन्ती को बड़े पैमाने पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। महात्मा गांधी महानायक के रूप में ही नहीं, देवनायक के रूप में लोकतंत्र के मजबूत आधार एवं संकटमोचक है। संसद से लेकर सड़क तक, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और व्यक्ति से लेकर विचार बनने तक जीवन के हर नीति में, हर दृष्टिकोण में, हर मोड़ पर गांधी की व्याप्ति है। भारत का स्वतंत्रता संग्राम हो या फिर नये भारत की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियां हमारी हर सोच में, हर क्रियाएं में, हर नीति में गांधी का होना यह दर्शा रहा है कि आज गांधी पूर्व सरकारों की तुलना में ज्यादा जीवंत बने हैं। महात्मा गांधी के विचार एवं दर्शन पर ही मोदी सरकार की योजनाएं एवं नीतियां आगे बढ़ रही है। इस बात का खुलासा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करते हुए कहा है कि उनके सबका साथ, सबका विकास के विचार की प्रेरणा 1980 के दशक की है। मोदी ने अपने हाथ से लिखे एक नोट्स में इस विचार के बारे में काफी पहले ही लिख दिया था। मोदी द्वारा लिखे गए नोट्स से पता चलता है कि महात्मा गांधी के आदर्शों ने उनके जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ा है, जो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। जिसमें युवा मोदी ने महात्मा गांधी के विचारों उद्धरत करके लिखा था, मैं सबसे बड़ी संख्या की सबसे बड़ी भलाई के सिद्धांत में विश्वास नहीं करता। यह 51 प्रतिशत की अच्छाई के लिए 49 प्रतिशत की भलाई का त्याग करना है। यह सिद्धांत एक क्रूर सिद्धांत है। इसके माध्यम से मानवता को काफी नुकसान हुआ है। मानवता के लिए एक मात्र सिद्धांत है कि सभी के लिए भलाई के काम में विश्वास करना।ह्ण मोदी सरकार सभी की भलाई के लिये काम करते हुए गांधी दर्शन को ही आगे बढ़ा रही है।

मोदी का स्वच्छता मिशन गांधी की स्वच्छता सोच को ही आगे बढ़ाने का उपक्रम है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) भी गांधी के नाम पर चल रही योजना है। भारतीय मुद्रा से लेकर शासन-प्रशासन के हर कार्यस्थल पर गांधी है। हम गांधी के संवाद और सहिष्णुता के सिद्धान्तों को अपनाते हुए युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को निस्तेज बना रहे हैं। दलित-आदिवासियों को न्याय और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदत्त कर रहे हैं तो भारतीय संस्कृति एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान में जुटे हैं। भारत माता, गौ माता और गंगा माता के सांस्कृतिक एवं धार्मिक चिन्तन को आगे



बढ़ाते हुए गांधी की मूल अवधारणा को ही आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं। आज गांव, गरीब और स्वराज में गांधी की ही सोच आगे बढ़ रही है कि आज भारत में लोकतंत्र की चाल, चेहरा और चरित्र बदला जा रहा है तथा आस्थाओं की राजनीति को बल देते हुए जाति-धर्म का उन्माद नियंत्रित किया जा रहा है। महात्मा गांधी, आंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय आज इसलिए भारत निर्माण की नई व्याख्याओं में सबसे आगे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म सद्भाव का विचार आज सर्वाधिक बलशाली बन कर दुनिया के लिये आदर्श बन गया है।मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक्-आचरण का अभाव अखरता है। गांधीजी ने इन स्थितियों को गहराई से समझा और अहिंसा को अपने जीवन का मूल सूत्र बनाया। यदि अहिंसा, शांति और समता की व्यापक प्रतिष्ठा नहीं होगी तो भौतिक सुख-साधनों का विस्तार होने पर भी मानव शांति की नींद नहीं सो सकेगा। महात्मा गांधी के सच्चे उत्तराधिकारी के रूप में नरेन्द्र मोदी हमारे सामने हैं, उनके प्रभावी एवं चमत्कारी नेतृत्व में हम अब वास्तविक आजादी का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थों के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए हम गांधी को जीवंत बनाये हुए है, यही कारण है कि कभी हम स्कूलों में शोचालय की बात सुनते है तो कभी गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वयं झाडू लेकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए मोदी को देखते हैं। मोदी कभी विदेश की धरती पर हिन्दी में भाषण देकर राष्ट्रभाषा को गौरवान्वित करते है तो कभी ह्लमेक इन इंडियाह्व का शंखनाद कर देश को न केवल शक्तिशाली बल्कि आत्म-निर्भर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं। नई खोजों, दक्षता, कौशल विकास, बौद्धिक संपदा की रक्षा, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन, श्रेष्ठ का निर्माण-ये और ऐसे अनेकों गांधी के सपनों को आकार देकर सचमुच लोकतंत्र एवं राष्ट्रीयता को सुदीर्घ काल के बाद सार्थक अर्थ दिये जा रहे हैं।

हम देशवासियों के लिये अपूर्व प्रसन्नता की बात है कि गांधी की प्रासंगिकता चमत्कारिक ढंग से बढ़ रही है। देश एवं दुनिया उन्हें नए सिरे से खोज रही है। उनको खोजने का अर्थ है अपनी समस्याओं के समाधान खोजना, युद्ध, हिंसा एवं आतंकवाद की बढ़ती समस्या का समाधान खोजना। शायद इसीलिये कई विश्वविद्यालयों में उनके विचारों को पढ़ाया जा रहा है, उन पर शोध हो रहे हैं। आज भी भारत के लोग गांधी के पदचिन्हों पर चलते हुए अहिंसा, शांति, सह-जीवन, स्वदेशी का समर्थन करते हैं। गांधीजी आज संसार के सबसे लोकप्रिय भारतीय बन गये हैं, जिन्हें कोई हैरत से देख रहा है तो कोई कौतुक से। इन स्थितियों के बावजूद उनका विरोध भी जारी है। उनके व्यक्तित्व के कई अनजान और अंधेरे पहलुओं को उजागर करते हुए उन्हें पतित साबित करने के भी लगातार प्रयास होते रहे हैं, लेकिन वे हर बार ज्यादा निखर कर सामने आए हैं, उनके सिद्धान्तों की चमक और भी बढ़ी है। वैसे यह लम्बे शोध का विषय है कि आज जब हिंसा और शस्त्र की ताकत बढ़ रही है, बड़ी शक्तियां हिंसा को तीक्ष्ण बनाने पर तुली हुई हैं, उस समय अहिंसा की ताकत को भी स्वीकारा जा रहा है।

## मौनी अमावस्या

माघ मास की पावन तिथि अमावस्या,
जनप्रचलित कहते है मौनी अमावस्या,
यह तिथि है अत्यंत ही शुभ फलदायक,
पुण्यदाई, संकटनिवारणी, लाभदायक ।

वाणी पर संयम शांत चित्त ये तपो व्रत,
साधु, संत, जनमानस रखते मौन व्रत,
पितरों की शांति के लिए करते तर्पण,
इष्ट का ध्यान जप, तप, सेवा समर्पण ।

जब पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होगा,
जीवन में खुशियों का आगमन होगा,
कर्म दोषों से मुक्ति पालो सभी लोग,
अमृत स्नान का अति उत्तम यह योग ।

बड़ी महिमा है इस अमावस्या तिथि की,
सनातन धर्म में संगम तट स्नान करने की,
पूरी होती हर अधूरी आस और फरियाद,
देवी-देवता, पितरों का मिलता आशीर्वाद ।


पितरों की शांति के लिए करो मन से तर्पण,
स्नान, ध्यान, जप, तप, दान, पूजन व अर्चन,
पूर्ण महाकुंभ में भागी बनो पुण्य अर्जित कर,
सेवा, सत्संग, संकीर्तन, गुरु सानिध्य पाकर ।



मोनिका डागा "आनंद", चेन्नई, तमिलनाडु

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**
**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**



विजय गर्ग

# घातक प्रदूषण के लपेट में पानी का जमीन

दूध उत्पादों के राजौरी जिले का एक छोटा सा गाँव पिछले एक महीने में बादल में एक छोटा सा गाँव बादल है। विभिन्न अस्पतालों में 16 अन्य मरीजों से गुजरना। बादल में, जो लोग जीवन खो देते हैं वे ज्यादातर बच्चे होते हैं। वे सभी अचानक तेज बुखार और सांस लेने में थे। फिर वे बेहोश हो गए और फिर से मर गए। कोविड कॉल के रूप में गाँव के गाँव के प्रशासन के बाद प्रशासन के बाद बाहर के संपर्क से अधिक हैकाट दिया गया। प्रभावित घरों को भोजन और प्रशासन द्वारा प्रदान की गई सामग्री से दूर ले जाया गया। इस तरह की मौतें पाकिस्तान की सीमा के गाँव में खड़ी हैं। केंद्रीय मंत्री डॉ. जतिंदर सिंह का कहना है कि मृतकों को शरीर में कैमियम की भारी मात्रा और मृत्यु का कारण दिया गया था।

यह एक पीजीआई चंडीगढ़ के शरीर में पाया गया था, बीमार लोगों के शरीर में कई भारी धातुएं पाई गई हैं। इन कई की राशि भीकई बार और हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, भारी धातुएं विषाक्तता की तरह काम करती हैं। मरीजों को रोगियों के रक्तस्राव के नमूनों के लिए केंद्रीय संघीय विज्ञान प्रयोगशाला, डीआरओ ग्वालियर और अन्य प्रतिष्ठित लाबज भी भेजा गया है। वहां से, केवल रिपोर्ट प्राप्त करते समय, बीमारी का वास्तविक कारण ज्ञात होगा। यह

**केंद्रीय मंत्री डॉ. जतिंदर सिंह का कहना है कि मृतकों को शरीर में कैमियम की भारी मात्रा और मृत्यु का कारण दिया गया था।**

स्पष्ट है कि बादल में मृतकों के शरीर में कोई जहर नहीं था। जिस तरह से बीमारी फैली हुई है, वही इंगित करता है कि कैमियम या अन्य भारी धातु की एक बड़ी मात्रा कैसे काटती है। बादल गाँव हिमालयपीयर माउंट माउंट की गोद में है। यहां से कई जल कक्षाएं हैं। चिनब की सहायक नदी बादल से गुजर रही है। यह संभव है कि कैमियम या कोई अन्य भारी धातु लोगों के शरीर तक नहीं पहुंचा हो। बादल और उसका परिवेश कई नदियों और झरने हैं। कई तालाब भी हैं।

सबसे बड़ी आबादी पानी के लिए इन जल संसाधनों पर निर्भर करती है। क्योंकि इस क्षेत्र में कोयला, चूना, मुक्केबाजी, लोहा और बेंटोनाइट जैसे खनिज हैं, अवैध खनन समस्या के कारण है। ऐसे खनन अपशिष्ट जल जल खंडों मेंभारी धातु की मात्रा को याद करना इसमें बढ़ने की मात्रा है।

# महाकुंभ के अजब-गजब नजारे

प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू सनातन धर्म का महापर्व महाकुंभ की छटा पूरे शबाब पर है। रिपोर्ट लिखे जाने तक अमेरिका की पूरी आबादी से ज्यादा लोगों ने पवित्र संगम में डुबकी लगा ली थी। प्रतिदिन 30 से 50 लाख की संख्या में श्रद्धालु संगम में मोक्ष प्राप्ति की मंशा से डुबकी लगा रहे हैं। अवकाश के दिनों और शाही अथवा अमृत स्नान के दिन इनकी संख्या बढ़ जाती है। समूचा मेला क्षेत्र लगभग 40 किलोमीटर के दायरे में समाया हुआ है। इसकी भव्यता देखते ही बनती है। वैसे तो हर कुंभ-महाकुंभ में कुछ साधु-महात्मा को महामण्डलेश्वर की उपाधि प्रदान करने की परंपरा रही है, तो कुछ लोग सनसनी बनते रहते हैं। इस बार भी इनकी संख्या बहुतायत है।

महाकुंभ के पहले अमृत स्नान के दिन शाही रथ पर बैठने के कारण मॉडल और एंकर हर्षा रिछारिया को संतों के भारी विरोध को झेलना पड़ा था। कई संतों ने तो इसे सनातन धर्म के अपमान से जोड़ दिया था। नतीजतन, हर्षा का एक भावुक वीडियो वायरल होने लगा था जिसमें वह रोते-रोते महाकुंभ छोड़कर जाने की बात कहने लगी थीं। हालाँकि अखाड़ा परिषद् के अध्यक्ष महंत रवीन्द्र पुरी से मिलने के बाद हर्षा ने अपना मन बदल लिया है। उन्होंने कहा है कि उनके जीवन का लक्ष्य सनातन धर्म की ध्वजा फहराना है। इसलिए वह अब कुंभ छोड़ कर कहीं नहीं जाएँगी। उधर, महंत रवीन्द्र पुरी ने भी हर्षा को अपनी धर्मपुत्री बताते हुए कहा है कि हर्षा को फिर से शाही रथ पर बिठाया जाएगा और अमृत स्नान कराया जाएगा। उत्तराखंड की मूल निवासी और झांसी- भोपाल मे पली-बढ़ी हर्षा रिछारिया ने अपने इन्स्टाग्राम पर खुद को मेकअप आर्टिस्ट, सोशल एक्टीविस्ट, ट्रेवल ब्लॉगर और एंकर बताया है। उनका कहना है कि अब वह सबकुछ छोड़कर संन्यास के मार्ग की ओर बढ़ रही हैं। हालाँकि अभी उन्हें साध्वी कहना ठीक नहीं है। उन्होंने अभी तक दीक्षा नहीं ली है। सिर्फ निरंजनी अखाड़ा के महंत महामण्डलेश्वर कैलाशानंद जी से गुरुमंत्र लिया है। हर्षा रिछारिया के सोशल मीडिया पर 18 लाख फालोवर हैं।

महाकुंभ में 90 की दशक में सिल्वर स्क्रीन की सनसनी रहीं ममता कुलकर्णी ने भी संन्यासी का चोला धारण कर लिया है। अब ममता किन्नर अखाड़े की महामण्डलेश्वर बन गई हैं। उन्होंने किन्नर अखाड़े की महामण्डलेश्वर आचार्य लक्ष्मी से दीक्षा ली है और ममता कुलकर्णी से ममतानन्द गिरी बन गई हैं। हालाँकि इसको लेकर भी संत समाज में नई बहस छिड़ गई है। कई साधु-संत ममता को महामण्डलेश्वर बनाए जाने से नाराज बताये जाते हैं। उनका कहना है कि ऐसे ही हर किसी को महामण्डलेश्वर बनाए जाने से तो सनातन धर्म का बंटाधार हो जाएगा। लेकिन ममता का कहना है कि इसके लिए उन्होंने 23 वर्ष तक तपस्या की है। यह अलग बात है कि 90 के दशक में कई हीट फिल्मों की हीरोइन रहीं ममता का नाम ड्रग तस्करी से भी जुड़ा रहा है। ममता की ड्रग तस्कर विक्की गोस्वामी से दोस्ती की चर्चा सरेआम रही है। वह करीब 24 वर्षों तक भारत से दूर केन्या में रहीं और बाम्बे हाईकोर्ट से बरी होने के बाद भारत लौटी हैं। ममता का विरोध करने वालों में बागेश्वर धाम के महंत धीरेन्द्र शास्त्री भी शामिल हैं। उनका कहना है कि किसी को उसके प्रभाव में आकर महंत या महामण्डलेश्वर नहीं कह सकते, जब तक कि उसके अंदर साधुत्व का भाव न प्रस्फुटित हो जाए।

महाकुंभ में आजकल आईआईटी बाबा के नाम से मशहूर हरियाणा के अभय सिंह की चर्चा भी जोरों पर है। उनका दावा है कि ह्यमुझे अपने पिछले जन्म का सबकुछ पता है और मुझ में भगवान दिखते हैं। और तो और, अभय सिंह श्मशान में हड्डियां खाने का भी दावा करते हैं। कभी लंबी दाढ़ी और बिखरे बाल रखनेवाले अभय सिंह कभी क्लीन सेव भी हो जाते हैं। वह कहते हैं कि भगवान शिव भी रूप बदलते रहते थे। इसीलिए मैं भी रूप बदलते रहता हूँ। हालाँकि अभय सिंह की बातों से न तो उनके परिवार के लोग इत्तेफाक रखते हैं न ही महाकुंभ में आये अनेक साधु-संतों को उनकी बातों पर भरोसा है। वह कभी फूट-फूटकर रोने लगते हैं तो कभी ठहाका लगाकर हँसने लगते हैं। इसीलिए कुछ लोग उन्हें पागल तक करार देते हैं। अभय सिंह के पिता कर्ण सिंह वकील हैं और माता गृहिणी। पिता बताते हैं कि वह पढने में मेधावी था। आईआईटी मुंबई से एयरोस्पेस में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद उसने कनाडा में नौकरी भी की थी। कोरोना के बाद भारत लौटने पर कुछ दिन यहाँ ठीक रहा। हम उसका घर बसाने की तैयारी में थे। लेकिन पिछले 11 माह से बिना बताये घर से चला गया। पिछले छह माह से तो उसके बारे में कुछ पता भी नहीं था। उसने हम घरवालों का फोन नंबर ब्लॉक कर रखा है। महाकुंभ में अभय की जानकारी मिलने के बाद माता-पिता अभय को मनाने महाकुंभ भी गए थे लेकिन अभय सिंह ने उनसे मुलाकात करना गंवारा नहीं समझा। अभय सिंह ने कहा कि छह महीने से काशी में था तब क्यों नहीं मिलने आये, अब क्यों आये हैं ? अभय सिंह महाकुंभ की शुरूआत में जूना अखाड़े में रहे लेकिन उनके संदिग्ध चरित्र और विवादास्पद हरकतों के कारण उन्हें अखाड़े वालों ने निकाल दिया। जूना अखाड़े के संतों ने अभय पर अपने गुरु को गाली देने



राधा रमण

और हर समय नशे में रहने का आरोप लगाया। अब वह मेले में रोज नये-नये ठिकानों में दिखाई देते हैं।

महाकुंभ में मध्यप्रदेश के महेश्वर से माला बेचने आईं मोनालिसा की भी जबरदस्त चर्चा रही। मोनालिसा ने एक दिन अपना वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड क्या कर दिया, वह उनके गले की फांस बन गई। लोग उनकी नीली आँखों के इतने फैन हो गए कि दूसरे दिन से उनके यहाँ यूट्यूबरों की लाइन लगने लगी। उनका रहना-खाना-सोना तक दुश्वार हो गया। दिन हो या रात उनके ठिकाने पर यूट्यूबरों की भीड़ जुटने लगी। माला बिकना बंद हो गया। इससे वह रोने लगी। आखिर में उनके पिता को उन्हें वापस घर भेजना पड़ा। महाकुंभ में 8 साल के नागा संन्यासी गोपाल गिरी की भी खूब चर्चा है। वह जूना अखाड़े से जुड़े हुए हैं। हिमाचल प्रदेश के चंबा के रहनेवाले गोपाल गिरी को उनके माता-पिता ने 3 वर्ष की कच्ची उम्र में जूना अखाड़े को सौंप दिया था। बाद में अखाड़े ने उन्हें शास्त्र और शास्त्र की शिक्षा देकर दीक्षित किया। अब उनका परिवार से कोई नाता नहीं रह गया है। गोपाल गिरी कहते हैं कि उनका मन न तो खिलौनों से खेलने में लगता है न ही सांसारिक दुनिया में वापस जाना चाहते हैं। वह शास्त्रार्थ करते रहते हैं और भजन गुनगुनाते रहते हैं। भीषण सर्दी में गोपाल गिरी भभूत लगाये और रुद्राक्ष की माला पहने अखाड़े के बाहर बैठे रहते हैं। उनको देखनेवालों की भीड़ लगी रहती है।

महाकुंभ में सात फीट लंबे बॉडी बिल्डर बाबा उर्फ आत्म प्रेम गिरी महाराज भी खूब आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। बॉडी बिल्डर बाबा सोवियत रूस के नागरिक हैं। वह पहले स्कूल टीचर थे। करीब 30 साल पहले भारत घूमने आये थे। यहाँ इनका मन अध्यात्म और भारत की सनातन परंपरा में इस कदर रम गया कि यहीं के होकर रह गए। उनकी हिन्दू धर्म में आस्था है। उन्होंने न सिर्फ हिन्दू धर्म को अपना लिया बल्कि उसी में मग्न हो गए। गले में रुद्राक्ष की माला, शरीर पर पीला वस्त्र और गले में टंगा थैला - यही इनकी पहचान बन गई। लोग इनकी लंबी कद काठी के कारण इन्हें भगवान परशुराम का अवतार मानने लगे। महाकुंभ के शुरूआती दिनों में एपल कंपनी के को- फाउंडर स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पावेल भी खूब चर्चा में रहीं। वह 11 जनवरी को ही मेला क्षेत्र में महंत कैलाशानंद गिरी के आश्रम में कल्पवास करने के इरादे से आ गई थीं। लेकिन तबियत खराब हो जाने के कारण उन्हें चौथे दिन ही वापस लौटना पड़ा। लॉरेन पावेल ने कहा था कि वह अपने दिवंगत पति की अधूरी इच्छा को पूरी करने के इरादे से महाकुंभ में आई हैं। उनके पति का वर्ष 2011 में बीमारी से निधन हो गया था। लॉरेन स्वयं इमर्सन कलेक्टिव नामक संस्था की फाउंडर अध्यक्ष हैं। यह संस्था समाज कल्याण, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और विस्थापन के क्षेत्र में सक्रिय है। लॉरेन की कुल संपत्ति जानी-मानी पत्रिका फोर्ब्स के मुताबिक 15.2 बिलियन डॉलर है। महामण्डलेश्वर कैलाशानंद गिरी ने उन्हें गुरुमंत्र और कमला नाम दिया है। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज महाकुंभ में अबतक 73 देशों के लोग डुबकी लगा चुके हैं।

## गुरुवार का राशिफल

**मेष** – परिवार की चिंता ज्यादा करेंगे, कोई छूटा हुआ कार्य दोबारा करना पड़ेगा, धार्मिक यात्रा से मन में शांति आएगी, व्यवसाय प्रगति करेगा टैक्स ना चुराए। भाग्य प्रतिशत-75

**वृषभ** – बातें बढ़ चढ़कर करने पर लोग झूठ पकड़ सकते है,औषधि, टेक्सटाइल, मदिरा, सेलफोन, व्यवसाय से धन मिलेगा, घर से दूर परीक्षा देने जा सकते है। भाग्य प्रतिशत-67

**मिथुन** – जीवन साथी हर प्रकार से समझेगा तनाव को कम करेगा, हालातों के देखते हुए अपना ही काम करना चाहेंगे, भाई-बहन के बीच विवाद से बचें। भाग्य प्रतिशत-75

**कर्क** – जॉब को बदलना चाहेंगे, विदेश में कोर्स करके सेटल भी होना चाहेंगे, ससुराल पक्ष से मिले धन से कोई कार्य बनेगा, ट्रैवल टूरिज्म कार्य चलेगा। भाग्य प्रतिशत-60

**सिंह** – सरकारी परीक्षा में असफलता से निराशा हो रही है, हेल्थ इंश्योरेंस, बीमा कार्य, दवा स्टॉकिस्ट को व्यवसाय चलाने में अधिक संघर्ष करना पड़ेगा। भाग्य प्रतिशत-50

**कन्या** – काम में निरन्तरता बनाए रखें, बिजली विभाग में है तो अफसर से मतभेद सम्भव है, कोई बीमारी है तो ज्यादा घबराए नहीं ठीक हो जाएंगे। भाग्य प्रतिशत-48

**तुला** – किए गए प्रयास के सफल होने का समय आ गया है, खर्चा बढ़ा था तो आमदनी से पूरा कर लेंगे, पुत्री संतान की प्राप्ति सम्भव है, धार्मिक गुरु से भेंट सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-81

**वृश्चिक** – नए संबंधों में क्रोध ना दिखाये बिगड़ सकते है, पैतृक सम्पत्ति से धन प्राप्ति सम्भव है, खिलाड़ी को नस में समस्या आ सकती है। भाग्य प्रतिशत-51

**धनु** – दांत में परेशानी सम्भव है, किसी पर इतना दबाव ना डाले दूसरे को परेशानी हो जाए, फर्नीचर की दुकान में ग्राहक अच्छे आयेंगे, फिल्म देखने जा सकते है। भाग्य प्रतिशत-63

**मकर** – नए विचारो से ओतप्रोत रहेंगे, पढ़ना ज्यादा अच्छा रहेगा ज्ञान से धन प्राप्ति भी होगी। भाग्य प्रतिशत-81

**कुंभ** – कहा इन्वेस्टमेंट करें माध्यम खोजेंगे, लोगों से कम घुलना मिलना कर सकते है, छोटे बच्चे के लिए कपड़े, खिलौना, डॉक्टर को दिखाना कर सकते है। भाग्य प्रतिशत-79

**मीन** – कार्यक्षेत्र में पहचान बनेगी, नए रिश्ते में विश्वास करना मुश्किल हो सकता है, शिक्षा पर ध्यान देने लगेंगे, मसालेदार भोजन कर सकते है। भाग्य प्रतिशत-55



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# एएमयू में1 फरवरी को अली दिवस पर स्मृति कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़** । अमुवि की अली सोसाइटी के तत्वाधान में हजरत इमाम अली की जयंती के उपलक्ष में 1 फरवरी, 2025 को शाम 6.30 बजे कैनेडी ऑडिटोरियम में 72वें अली दिवस स्मृति सभा का आयोजन किया जायेगा।अली सोसाइटी द्वारा गत सात दशकों से अधिक समय से हजरत इमाम अली की जयंती के अवसर पर विभिन्न प्रतिस्पर्धी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है, जिनमें भाषण, निबंध लेखन और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताएं और मौलाना आजाद लाइब्रेरी के सहयोग से पांडुलिपियों की प्रदर्शनी का आयोजन शामिल है। इस वर्ष भी हजरत अली की शिक्षाओं से छात्रों और अन्य लोगों के जीवन को रोशन करने के लिए इन प्रतियोगिताओं का पूरे उत्साह के साथ आयोजन किया गया।अली सोसाइटी के अध्यक्ष प्रोफेसर मजहर अब्बास ने बताया कि स्मृति कार्यक्रम की अध्यक्षता एएमयू की कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून करेंगी, जबकि भारत में इस्लामी गणराज्य ईरान के राजदूत डॉ. इराज इलाही मुख्य अतिथि होंगे। लद्दाख के लोकसभा सांसद श्री मोहम्मद हनीफा मानद अतिथि होंगे।इसके अतिरिक्त मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय, हैदराबाद के डीएसडब्ल्यू और अरबी विभाग के प्रमुख प्रो. सैयद अलीम अशरफ, अंबेडकर नगर के सामाजिक कार्यकर्ता श्री धर्मवीर सिंह बग्गा और जामिया अमीरुल मोमेनीन (नजफी हाउस), मुंबई के प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान और शिक्षक मौलाना सैयद मोहम्मद जकी हसन इमाम अली की शिक्षाओं पर विस्तार से चर्चा करेंगे। डॉ. नायब बलयावी और श्री अंजार सीतापुरी हजरत अली के महान व्यक्तित्व की प्रशंसा में अपनी काव्य रचनाएँ प्रस्तुत करेंगे।

# केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान में बकरी पालकों को सामग्री वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** केन्द्रीय मंत्री प्रो0 एस.पी. सिंह बघेल, पशु पालन, मतस्य एवं डेयरी व पंचायतीराज मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली ने केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम में अनुसूचित जनजाति विकास कार्य योजना के अंतर्गत विकसित वार्षिक बकरी पालन विवरणिका- 2025 का मंत्री महोदय को कर कमलों से विमोचन किया गया इसके साथ ही केन्द्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में किसानों एवं बकरी पालकों के प्रति उत्साह वर्धन किया तथा अपील की कि आप लोग अधिक से अधिक संख्या में बकरी पालन करें ताकि आपकी आय में सुनिश्चित वृद्धि हो सके उन्होंने अपने कर कमलों से अनुसूचित जाति के 100 किसानों को पशु आहार का एक-एक 50 किग्रा का बैग तथा एक-एक थर्मस बोतल भी वितरित की केन्द्रीय मंत्री ने कहा, "बकरी पालन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत है और यह देश के आर्थिक विकास में भी योगदान देता है । केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और अनुसंधान के माध्यम से बकरी पालन को और अधिक लाभकारी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है ।" उन्होंने संस्थान के वैज्ञानिकों और शोधकताओं की सराहना की और कहा कि उनकी मेहनत और समर्पण से देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बकरी पालन की तकनीकियों में सुधार हो रहा है । इसके साथ ही उन्होंने बकरी पालन को अधिक प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी संस्थान निदेशक डॉ0 मनीष कुमार चेटली द्वारा मंच पर मुख्य अतिथि माननीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री प्रो0 एस0 पी0 सिंह बघेल एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया । निदेशक द्वारा संस्थान में चल रही विभिन्न शोध एवं अनुसंधान परियोजनाओं जैसे वैक्सीन किट, हर्बल प्रोडक्ट, तकनीकी स्थानांतरण, जीन एडिटिंग एवं कासा के उपयोग पर विस्तृत चर्चा की और किसान एवं बकरी पालकों के लिए उनके उपयोग के बारे में बताया । निदेशक ने बताया कि संस्थान द्वारा किसानों की आय को बढ़ाने के साथ-साथ अनुसूचित जाति एवं जनजाति के किसानों एवं महिला किसानों के विकास एवं सशक्तिकरण के लिए परियोजना एवं कार्यक्रम चलाए गये है इस कार्यक्रम में डॉ0 मनीष कुमार चेटली, निदेशक केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम, फरह, मथुरा, के साथ परियोजना के नोडल अधिकारी डॉ0 गोपाल दास, डॉ0 अनुपम कृष्ण दीक्षित व डॉ0 अरविन्द कुमार, प्रधान वैज्ञानिक के साथ संस्थान के समस्त वैज्ञानिक, प्रशासनिक एवं तकनीकी वर्ग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन ने डीएम को, स्वाधीनता के महासमर में अलीगढ़ पुस्तक की भेंट

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़** । अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन का प्रतिनिधि मण्डल ने बुधवार को जिलाधिकारी संजीव रंजन से कार्यालय कक्ष में भेंट वार्ता कर उनको स्वाधीनता के महासमर में अलीगढ़ पुस्तक भेंट की। इसके साथ ही संगठन द्वारा देशहित में किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी गई। संगठन के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा ने अलीगढ़ में आजादी की लड़ाई की अनेक घटनाओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया साथ ही अलीगढ़ नुमाइश में आजादी की लड़ाई पर आधारित प्रदर्शनी के बारे में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रदर्शनी के लिए दरबार हॉल में जगह निर्धारित है। श्री शर्मा ने बताया कि संस्कृति विभाग के निर्देश पर अलीगढ़ में स्वतंत्रता संग्राम में साधु-संत एवं धार्मिक संस्थाओं के योगदान पर सामग्री संकलित की जा रहीहै। उन्होंने जिलाधिकारी को स्वतंत्रता संग्राम के अनेक फोटोग्राफ भी दिखाए।इस मौके पर संगठन के संरक्षक सरदार मनमोहन सिंह सचदेवा, उपाध्यक्ष कामेश गौतम, धर्मवीर सिंह, महामंत्री सुरेश चन्द्र शर्मा एवं रजनी तौमर उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने नुमाइश की तैयारियों को लेकर किया स्थलीय निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़** । जिलाधिकारी ने 02 फरवरी से प्रस्तावित अलीगढ़ की राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को नुमाइश मैदान का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

- कृष्णांजलि एवं कोहिनूर मंच की अधूरी तैयारियों पर नाराजगी जताते हुए समय से पूर्ण कराने के दिए निर्देश
- पुस्तक मेले में नए लेखकों एवं ज्ञानवर्धक साहित्य को प्रमुखता दी जाए



उन्होंने सर्वप्रथम कृष्णांजलि नाट्यशाला का निरीक्षण कर उसकी साज-सज्जा, लाइट एवं साउण्ड व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधूरी तैयारियां पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी कार्य समय से पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। डीएम ने दरबार हॉल में लगाए जाने वाले पुस्तक मेले को और अधिक भव्य एवं सार्थक बनाने के लिए बीएसए को निर्देशित किया कि नए लेखकों एवं ज्ञानवर्धक साहित्य को इसमें प्राथमिकता दी जाए।जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण नुमाइश परिसर के भ्रमण के उपरांत कोहिनूर मंच का रूख किया, वहां पर रंगाई-पुताई एवं अन्य कार्य होते हुए मिले। जिस उन्होंने प्रभारी अधिकारी प्रदर्शनी एवं एडीएम सिटी को निर्देशित किया कि सभी मंचों को साज-सज्जा एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए सभी तैयारियां समय से पूर्ण करा ली जाएं। उन्होंने कृषि कक्ष की तैयारियों के संबंध में उप कृषि निदेशक यशराज सिंह एवं उद्योग कक्ष के संबंध में प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र बृजेश यादव से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया कि कृषि से संबंधित विभागों से समन्वय कर सभी स्टॉल्स एवं दुकानों को समय से लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने उद्योग कक्ष की तैयारियों को लेकर निर्देशित किया कि उद्यमियों से वार्ता कर विभागीय योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय दुकानदारों के उत्पादों का प्रदर्शन किया जाए।निरीक्षण के दौरान सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, उप निदेशक कृषि यशराज सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राकेश कुमार सिंह, एक्सईएन पीडब्लूडी संजीव पुष्कर, सहायक आयुक्त उद्योग बृजेश यादव, नुमाइश बाबू अर्पित शर्मा समेत अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# SSP शैलेश कुमार पांडे की जीवन कार्यशैली पर पत्रकार कफील कुरैशी द्वारा अभी तक की रिपोर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** 405 एनकाउंटर करने वाले आईपीएस शैलेश कुमार पांडे आईपीएस शैलेश कुमार पांडे यूपी पुलिस फोर्स का वो अफसर, जिसके नाम 405 एनकाउंटर करने का रिकॉर्ड दर्ज है। अब तक 10 जिलों में एसएसपी और एसपी रहे शैलेश कुमार पांडे 2011 बैच के आईपीएस अफसर है। 14 साल के करियर में चार बड़े कुख्यात अपराधियों को ढेर किया है। आईपीएस शैलेश कुमार पांडे बिहार के सिवान जिले के गांव उमहटी के रहने वाले हैं। पिता नग नारायण झारखंड पुलिस में इंस्पेक्टर रहे। आईपीएस शैलेश कुमार पांडे बताते हैं कि मेरी डेट ऑफ बर्थ 3 दिसंबर 1980 है। मैंने बिहार बोर्ड में 1997 में मैट्रिक दसवीं की परीक्षा फस्ट डिवीजन से पास की। पापा पुलिस में थे। उन्हें वर्दी में देखता तो गर्भ होता था। पापा की तरह वर्दी पहनने की चाहत मन में जग जाती थी। पापा ने मैट्रिक के बाद मुझे पटना भेज दिया। यहां 1999 में 12वीं की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद कक्ळ-खएए की तैयारी में जुट गया।। आगे की पढ़ाई के लिए मेने मुंबई के एक कॉलेज में एडमिशन लिया। जहां से नॉटिकल साइंस में इ.रउ की पढ़ाई पूरी की।

इसी दौरान ऑस्ट्रेलियाई कंपनी में 20 लाख रुपए के पैकेज पर सिलेक्शन हो गया। मेने कंपनी में बतौर सेकंड ऑफिसर 5 साल काम किया। लेकिन मन में वर्दी पहनने की इच्छा थी। लगा कि अभी भी समय है परिवार को बताया कि सिविल सेवा की तैयारी करूंगा और जॉब छोड़ दूंगा। यूपीएससी की तैयारी करते वक्त मैंने ठान लिया था कि कुछ भी हो जाए जीवन में हार नहीं माननी। दोस्त भी चौकतें थी कि इतने बड़े पैकेज की जॉब छोड़कर फिर से पढ़ाई शुरू कर दी। लेकिन यह मेरा निर्णय था और परिवार ने हमेशा साथ दिया। में अपने पहले प्रयास में इंटरव्यू तक पहुंचा लेकिन सिलेक्शन नहीं हुआ। इस समय हताश नहीं हुआ और मजबूत हो गया दूसरे प्रयास में यूपीएससी क्रैक कर लिया मेरा सिलेक्शन हुआ और आईआरएस अधिकारी पद पर चयन हुआ। यह बात पता चलते ही दोस्तों और परिवार को बहुत खुशी हुई। लेकिन मेरा जो सपना था वह अभी पूरा नहीं हुआ था। तीसरे प्रयास में यूपीएससी को क्रैक करते हुए आईपीएस बना और बैच मिला 2011। इसके बाद जो दोस्त उस समय जॉब छोड़ने की फैसले को गलत बताते थे। वही बधाई देने लगे। आईपीएस में चयन होने के बाद जब अपने घर पहुंचा तो परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। घर पर सभी बधाई देने के लिए मिलने आए।

2013 में पहली पोस्टिंग मेरी प्रयागराज में हुई। उसके बाद गोरखपुर जिले में भी काम करने को मिला। यहां अंडर ट्रेनी काम करते हुए सीनियर ऑफिसर्स से बहुत कुछ सीखने को मिला। आजमगढ़ में एएसपी और आगरा में एएसपी लोहामंडी रहा। एसपी सिटी मथुरा रहते हुए डकैती और लूट के कई केस सॉल्व किया।

संतकबीरनगर जिले में पहली बार एसपी की जिम्मेदारी मिली। इसके बाद बस्ती एसपी जौनपुर एसपी सुरक्षा मुख्यालय दूसरी बार फिर एसपी संतकबीरनगर में तैनाती मिली। यहां से एसपी बागपत एसपी बरेली एसपी गोंडा एसपी अयोध्या एसएसपी प्रयागराज और एसएसपी मथुरा में रहते हुए डीआईजी के पद पर प्रमोशन हुआ।

# विकास भवन में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आज

**अलीगढ़।** जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि 30 जनवरी को विकास भवन के गॉधी सभागार में पूर्वान्ह 11 बजे से नेशनल सिक्योरिटी लिमिटेड द्वारा निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।उन्होंने सभी विकास भवन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वह निर्धारित समय व स्थान पर निवेशक जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान के तहत पोषण पोटली वितरण एवं टीबी उन्मूलन शपथ का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान के तहत बुधवार को जनपद में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त संगीता सिंह ने कमिश्नरी सभागार में एवपं जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलैक्टेट सभागार में क्षय रोगियों का सक्रिय सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के जरिए अलीगढ़ जिला टीबी उन्मूलन में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहा है और स्वस्थ समाज की दिशा में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। सीएमओ डॉ नीरज त्यागी ने कहा यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम टीबी के खिलाफ संघर्ष करें और



को पोषण पोटली वितरित कर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं क्षय रोगियों को टीबी उन्मूलन की शपथ दिलवाई। कमिश्नरी में आयोजित कार्यक्रम में मण्डलायुक्त ने क्षय रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली का वितरण करते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जिले में टीबी के मामलों की पहचान करना और उन्हें सही उपचार एवं पोषण सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने टीबी उन्मूलन की शपथ दिलाते हुए कहा कि हमारे देश में टीबी उन्मूलन के लिए हम सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। यह अभियान समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है और हमें मिलकर इसे समाप्त करना होगा। कलैक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने क्षय रोगियों को गोद लिया और उन्हें पोषण सामग्री का वितरण किया। उन्होंने कहा कि टीबी को समाप्त करने के लिए हर नागरिक इसके उन्मूलन में अपना योगदान दें। उन्होंने बताया कि जिले में अभियान के तहत अब तक उच्च जोखिम समूहों के 4 लाख 95 हजार से अधिक की स्क्रीनिंग की जा चुकी है साथ ही अब तक 1272 क्षय रोगी सम्पूर्ण अभियान में चिन्हित हो चुके हैं, जिन्हें नियमानुसार इलाज शुरू करने की प्रक्रिया करते हुए अन्य सुविधाओं देने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रदत्त है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा वर्ष 2023 से अब तक 49 हजार से अधिक पोषण पोटली का वितरण क्षय रोगियों को किया जा चुका है जिसमे जनपद स्तर पर सामाजिक संगठन व औद्योगिक घरानों के द्वारा निक्षय मित्र बनकर सहयोग देने में महत्वपूर्ण योगदान है।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे, जिन्होंने टीबी उन्मूलन के अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# गौरवशाली रहा है भारतीय अखबारों का इतिहास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मंविवि में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा भारतीय समाचार पत्र दिवस मनाया गया। इस दौरान भारत में समाचार-पत्रों का



गौरवशाली अतीत और वर्तमान परिदृश्यश पर विचार गोष्ठी हुई। गोष्ठी में विभागाध्यक्ष डा. संतोष गौतम ने कहा कि 29 जनवरी 1780 में जेम्स आगस्टस हिक्की ने कोलकाता में बंगाल गजट समाचार पत्र का प्रकाशन कर भारत में समाचार पत्र प्रकाशन की शुरूआत की थी। उन्होंने बताया कि आज हिक्की के समाचार पत्र प्रकाशन की परंपरा पर चलते हुए देश में अनेकों समाचार पत्रों का प्रकाशन हो रहा है। समाचार पत्रों के वर्तमान परिदृश्य पर बोलते हुए डीपीआरओ प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चैथा स्तंभ है। पत्रकार आज भी निष्पक्षता व निर्भीकता से अपना दायित्व निभा रहे हैं। संचालन करते हुए मनीषा उपाध्याय ने अतीत के प्रमुख पत्रकारों के भारतीय पत्रकारिता में योगदान को स्मरण किया।

पत्रकार योगेश कौशिक ने वर्तमान पत्रकारिता एवं उसकी चुनौतियों पर विचार रखे। मयंक जैन ने अखबार प्रकाशन और उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं, दीपशिखा, यश, विकास, रामेंद्र व युवराज ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर लवकुश, शुभा, आदित्य, नरेंद्र, रितिका, सोमी, पूजा, क्षमा, आद्रिका, ममता, शिवम आदि थे।

# वर्चुअल साक्षात्कार में संवाद कौशल व आत्मविश्वास है जरूरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** डिजिटल होती दुनिया में वर्चुअल साक्षात्कार में दक्षता प्राप्त करके करियर को सफल बनाने के उद्देश्य से मंविवि के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय श्वर्चुअल इंटरव्यू में सफलता कैसे पाएंश था। मुख्य वक्ता गेटवर्क कंपनी के डायरेक्टर राहुल बीरवाल ने विद्यार्थियों को संवाद कौशल, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने वर्चुअल इंटरव्यू के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों और उन्हें प्रभावी ढंग से उत्तर देने के तरीके सिखाए। एआई की बढ़ती प्रासंगिकता की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को ड्रेसिंग सेंस और बॉडी लैंग्वेज पर भी ध्यान देने की सलाह दी जो वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर महत्वपूर्ण हैं। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर डा. अर्शी मलिक ने आभार व्यक्त किया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल प्रभारी डा. विपिन कुमार ने बताया कि इस तरह की कार्यशाला वर्तमान समय की मांग को देखते हुए अति आवश्यक हैं। क्योंकि अब ज्यादातर कंपनियां वर्चुअल माध्यम से ही इंटरव्यू आयोजित करती हैं। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देकर जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि कार्यशाला उनके ज्ञानवर्धन में सफल रही। वहीं, वर्चुअल जॉब फेयर में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर गेटवर्क की सीनियर बिजनेस मैनेजर रिशु अग्रवाल, डा. शालु अग्रवाल, राहुल, जितेंद्र सिंह आदि थे।

**निरीक्षण** बैरागपुरा, रानी मंडी के निरीक्षण में साफ-सफाई, जल निकासी, सड़क/मार्ग मरम्मत कार्य, प्रकाश आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया

# मथुरा में मलिन बस्ती देखने पहुंचे नगर आयुक्त, अव्यवस्थाओं पर हुए नाराज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** महानगर में नगर निगम के वार्ड निरीक्षण के क्रम में बुधवार को नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने बैरागपुरा, रानी मंडी का निरीक्षण किया। वार्ड 17 के इस निरीक्षण में उन्होंने साफ-सफाई, जल निकासी, सड़क/मार्ग मरम्मत कार्य, प्रकाश आदि व्यवस्थाओं को देखा।

**क्षेत्रीय पार्षद बृजेश खरे एवं स्थानीय जनता की मांग पर वाल्मीकि वाटिका में बारात घर निर्माण के निर्देश**

पिछले किछ दिनों से नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा निरन्तर वार्डों में भ्रमण करते हुए कमियों का निस्तारण त्वरित रूप से कराया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त ने वार्ड 17 वैरागपुरा रानी मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड के क्षेत्रीय पार्षद बृजेश खरे एवं स्थानीय जनता द्वारा बतायी समस्याओं को नगर आयुक्त ने सुना। सर्वप्रथम वाल्मीकि वाटिका का निरीक्षण किया। यहाँ बारात घर निर्माण के लिए 15 वे वित्त मे निर्माण कार्य करने के लिए प्रभारी मुख्य अभियंता सिविल निर्देशित किया गया। वार्ड में निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षदगण एवं स्थानीय जनता द्वारा बतायी गयी समस्याओं को नगर आयुक्त श्री चौधरी द्वारा सुना गया। सर्वप्रथम नगर आयुक्त वाल्मीकि वाटिका पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों के सुविधा हेतु बारात घर के निर्माण हेतु 15 वे वित्त में शामिल कर निर्माण कार्य करने के लिए प्रभारी मुख्य अभियंता सिविल को निर्देशित किया । इसके बाद नगर आयुक्त ने पूरे वार्ड में मलिन बस्ती का निरीक्षण किया । मलिन बस्ती



में साफ-सफाई सड़क/ मार्ग, जल निकासी पेयजल पूर्ति, प्रकाश व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं को देखा । सार्वजनिक शौचालय में साफ-सफाई जलापूर्ति प्रकाश हैण्ड वॉश शौचालय के उपयोगकताओं के फीडबैक रजिस्टर आदि को देखा गया तथा शौचालय को मानकों के अनुरूप साफ सफाई आदि समस्त व्यवस्थाओं के लिए कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया । निरीक्षण के दौरान शौचालय के सामने पड़ी रिक्त भूमि पर बेंच लगाने, वृक्षारोपण करते हुए सौंदर्यीकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए।

इसके उपरांत उन्होंने वार्ड में स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करते हुए संचालित कक्षाओं का निरीक्षण किया तथा विद्यालय में अध्यापिकाओं के एवं छात्रों की उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन करते हुए छात्राओं की उपस्थिति की देखी गई। विद्यालय के शौचालय सही अवस्था में नहीं पाए गए। विद्यालय में शौचालय बाथरूम के निर्माण हेतु प्रभारी मुख्य अभियंता सिविल को निर्देशित किया ।

निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी मुख्य अभिंयता सिविल अमरेन्द्र गौतम प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. गोपाल बाबू गर्ग जोनल सेनेटरी ऑफिसर महेश चंद्र अवर अभियंता सिविल मुनिदेव सफाई निरीक्षक राकेश राजपूत आदि उपस्थित थे।

# सेवा भारती द्वारा संचालित सेवा केंद्रों का होगा वार्षिकोत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** बुधवार को सेवा भारती राष्ट्रवादी एवं सांस्कृतिक गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में सकारात्मक चेतना का प्रचार प्रसार करेगी। इस हेतु जनपद संभल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन चंदौसी में किया जाएगा। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु सेवा भारती द्वारा जनपद में चलाए जा रहे विभिन्न सेवा केंद्रों में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मार्च के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। सेवा भारती के प्रस्तावित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवास विकास स्थित सेवा भारती के विभाग मंत्री डॉ. प्रवीण कुमार के निवास पर इस संबंध में प्रमुख कार्यकताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सेवा भारती के इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 2 मार्च को संपन्न किया जाए।

सेवा भारती के प्रांत मुख्यालय द्वारा वार्षिकोत्सव में प्रेषित किया गए निदेर्शानुसार इस आयोजन में विभिन्न प्रकार की राष्ट्रवादी राष्ट्रभक्ति जन जागरूकता पर आधारित प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियां संपन्न होगी। इन प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में प्रमुख रूप से देश को जानो - ऑनलाइन, संभल को जानो - ऑनलाइन, सामान्य ज्ञान- ऑनलाइन, सरस्वती वंदना, स्वागत गान, समूह गान, भोजन मंत्र, बोधकथा, कल्याण मंत्र,गायत्री मंत्र, ईश प्रार्थना/वंदना, भारत माता की आरती, एकल गान, देश भक्ति गीत, मातृ भक्ति गीत, ब्रह्मानाद, बैठे खेल, बैठे योग,खड़े योग, खड़े आसन, भाषण, वाद विवाद, सहभोज एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि शामिल है। इस दौरान बैठक में मौजूद रहे।

अनुराग वार्ष्णेय, आशा सारस्वत, मनोज कुमार, डॉ. प्रवीण कुमार, श्वेता गुप्ता,नीलम कश्यप, राजेंद्र पाल गुप्ता, मोहिनी ठाकुर, तरुणी, कोमल यादव, श्री चंद्र गोपाल वार्ष्णेय, नंदिनी, पूनम सिंह, कुसुम राणा, सुमन मिश्रा,राधिका ठाकुर, लक्ष्मी, पूनम सिंह आदि ने भाग लिया।

बैठक का संचालन सेवा भारती के नगर मंत्री आकाश गुप्ता द्वारा किया गया तथा अध्यक्षता सेवा भारती की नगर अध्यक्ष आशा सारस्वत द्वारा की गई।

# आर.आर.के स्कूल में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**चंदौसी।** बुधवार को नगर के सीता रोड स्थित आरके स्कूल में विद्यालय के पूर्व प्रबंधक स्वर्गीय साहू रामेश्वर सरन कोठीवाल की स्मृति में चल रहे इंटर स्कूल क्रिकेट टूनार्मेंट में आर. आर. के. स्कूल, ए. एम. वर्ल्ड स्कूल एवं न्यू सत्यम एकेडमी नें प्रतिभाग किया। टूनार्मेंट का समापन विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ । स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर संजय कुमार पाण्डेय और उपप्रधानाचार्य डॉक्टर अर्चना शर्मा ने संयुक्त रूप से साहू रामेश्वर सरन के चित्र के समक्ष पुष्प दीप प्रज्वलित कर किया । इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉक्टर संजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है खेलों के माध्यम से हम सामर्थ्य, सहनशीलता और सहयोग का कौशल भी सीखते हैं, खेलने से हमारा मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होने के साथ-साथ मनोबल भी बढ़ता है।

प्रथम पारी में दूसरे सेमी फाइनल क्रिकेट मैच के मुकाबले के लिए ए.एम. वर्ल्ड स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट के नुकसान से 83 बनाकर न्यू सत्यम एकेडमी की टीम को 22 रनों से हराकर फाइनल में जगह बना ली। सेमी फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच का खिताब छात्र वीर वशिष्ठ के नाम रहा। फाइनल मैच ए एम वर्ल्ड व आर आर के के बीच हुआ। टॉस आर. आर. के.स्कूल ने जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लेते हुए 6 विकेट के नुकसान के साथ निर्धारित ओवरों में 98 रन बनाए। इसके जवाब में ए. एम. वर्ल्ड स्कूल 8 विकेट पर मात्र 49 रन ही बना सका। आर आर के ने 49 रनों से जीत हासिल कर फाइनल मैच की ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच आर.आर. स्कूल के आयुष यादव रहे। टूनार्मेंट में र बेस्ट फील्डर रूद्र, बेस्ट बैट्समैन आर्यन शर्मा, मैन ऑफ द टूनार्मेंट रूद्र प्रताप सिंह, तथा ए. एम. वर्ल्ड स्कूल के गर्व भारद्वाज बेस्ट बॉलर रहे।आर आर के स्कूल के कैप्टन देवांश वार्ष्णेय ने ट्रॉफी ली कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अंग्रेजी प्रवक्ता राकेश पाल सिंह एवं शिक्षिका शालिनी शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। क्रिकेट मैच स्कोरर रजत राज एवं कमेंटेटर संजय गुप्ता, साथ ही साथ अंपायर सुगंध एवं अभिजीत शंखधार रहे। अरुण शर्मा, अनुज शर्मा, उदय प्रताप सिंह, श्याम मोहन कठेरिया, संजीव कुमार सिंह, सौरभ जैन आदि नें सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विशेष सहयोग किया।

# मौनी अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने बृजघाट व तिगरी गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गजरौला (बच्चन सिंह)।** मौनी अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने बृजघाट व तिगरी गंगा धाम स्थित गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। तड़के चार बजे से श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान करना शुरू कर दिया था। जो दोपहर तक जारी रहा। गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का देर रात से जनसैलाब उमड़ना शुरू हो गया था। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया और पूजन कर मन्नत मांगी। गजरौला के ब्रजघाट व तिगरी धाम में बुधवार की सुबह से ही कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करना शुरू कर दिया था। अमरोहा के अलावा संभल, बिजनौर, रामपुर, मुरादाबाद, मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़ आदि जनपदों से श्रद्धालु गंगा स्नान करने पहुंचे। दोपहर बाद तक स्नान के लिए श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। बहुत से श्रद्धालु मंगलवार की देर रात ही ब्रजघाट पहुंच गए थे। मान्यता है कि मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान करने से देवता खुश होते हैं। मौनी अमावस्या पर भक्तों ने भगवान सत्यनारायण व्रत कथा का श्रवण कर अपने परिवार की सुख समृद्धि एवं धन धान्य की कामना की। श्रद्धालुओं ने पुरोहितों को दान पुण्य भी किया एवं गरीबों को भोजन भी कराया। गंगा घाटों पर हर-हर गंगे के जयकारे गूंजते रहे। गंगा घाटों पर लगी दुकानों पर श्रद्धालुओं ने खरीदारी भी की। सुरक्षा को लेकर गंगा घाटों पर गोताखोरों की टीम व पुलिस-प्रशासन मौजूद रहा। मौनी अमावस्या को लेकर नेशनल हाईवे पर वाहनों की गति भी धीमी रही।

# भाकियू महात्मा टिकैत के युवा प्रदेश सचिव बने रजत यादव

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत द्वारा रजत यादव निवासी आवास विकास कॉलौनी चन्दौसी को किसानों के प्रति समर्पण भाव को देखते हुए उन्हें युवा प्रदेश सचिव उ0प्र0 के पद पर मनोनीत किया जाता है। साथ ही संगठन द्वारा अपेक्षा की गयी कि वह संगठन में ईमानदारी व मेहनत के दम पर किसानों के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे व अपने अनुभव, कर्मठ भाव से संगठन को किसानों के बीच पहुंचाने का काम करेंगे। साथ ही रजत सिंह ने कहा कि मैं हमेशा संगठन के हितों में कार्य करता रहूंगा और अपने पद की गरिमा को बनाए रखूंगा।

# बिन्दर नागर भगत जी ने की पेट के बल की परिक्रमा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बहसूमा।** बहसूमा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सैफपुर फिरोजपुर में एक भगत जी बिंदर नागर ने अपने स्थान गोरखनाथ जी के धुनें से पूजा पाठ कर पेट के बल लेटकर परिक्रमा की। बता दें कि बुधवार को बिन्दर नागर भगत जी ने गुरुजनों से आशीर्वाद लेकर गुरु गोरखनाथ के धुनें से गणेश वंदना कर बड़ों का आशीर्वाद लेकर धुनें से परिक्रमा करते हुए भूमिया खेड़ा स्थान पर माथा टेकर गांव की सुख शांति के लिए पूजा पाठ की उसके बाद जाहरवीर गोगामेड़ी तक लेट कर परिक्रमा की। वह गोगा महाराज व गुरु गोरखनाथ जी के धुनें पर वंदना करते हुए सिद्ध पीठ महाभारत कालीन शिव मंदिर पर माथा टेका वह शिव मंदिर पर परिक्रमा करते हुए ढोल नगाड़ों के साथ भक्तों ने आनंद लिया। परिक्रमा करने के बाद 1 घंटे का भजन कीर्तन किया और प्रसाद का वितरण किया गया। बिन्दर नागर भगत जी ने बताया कि यह परिक्रमा सनातन धर्म के लिए की है जिससे कि सनातन धर्म की रक्षा की जा सके।और देश में सुख शांति बनी रहे।इस दौरान भरत, टिंकू गुर्जर, आजाद मास्टर, शिवकुमार प्रजापति, रामकिशन नाथ, बिजेंदर मोड खुर्द, पंकज गिरी, ममता गौतम मोड खुर्द, संस्कार नगर, आर्यन नगर, पम्मी सोलंकी, लीला मां, प्रिंस गुर्जर, आदि भक्तजन उपस्थित रहे।

# हाजी हसमत रजा उस्मानी अपने खर्चे पर करा रहे हैं लोगों को अल्लाह के घर का दीदार

बुलन्द संदेश ब्यूरो









**कुन्दरकी (एम.के. भारती सैफी)।** नगर के मौहल्ला कायस्तान निवासी हाजी हसमत रजा उस्मानी लगातार समाज सेवा से जुड़े हैं । और गरीब मजलूम असहाय लोगों की मदद कर-के इंसानियत का पैगाम दे रहे हैं। हाजी हसमत रजा उस्मानी ने बातचीत के दौरान बताया कि समाज के गरीब असहाय निर्धन लोगों की सेवा का भाव उनको उनके माता-पिता से मिला है । उन्होंने बताया कि गरीब असहाय निर्धन लोगों की सेवा करके उन्हें खुशी महसूस होती है। हसमत रजा उस्मानी दिल खोलकर अपने रजा ग्रुप के माध्यम से लोगों की निरंतर सेवा करते चले आ रहे हैं। 2020-21 में लॉकडाउन के समय भी हसमत रजा ग्रुप ने नगर के गरीबों एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों की भी दिल खोलकर मदद की थी उसी समय से हाजी हसमत रजा उस्मानी चर्चा में आ गए हसमत रजा उस्मानी नगर पंचायत कुंदरकी से अध्यक्ष पद का भी चुनाव लड़ चुके हैं। हाजी हसमत रजा उस्मानी ने सैकड़ो गरीब लड़कियों की शादी भी अपने खर्चे पर करा चुके हैं । बीमारों की भी लगातार सेवा कर रहे हैं। हसमत रजा उस्मानी ने अपने खर्चे पर जो मक्का मदीना देखने की तमन्ना रखते हैं उनके पास पैसों की कमी है उन लोगों को अपने खर्चे पर सऊदी अरब को भेज कर अल्लाह के घर का दीदार करा रहे हैं। मक्का मदीना में पहुंचकर लोग हाजी हसमत रजा उस्मानी के लिए दिल से दुआ कर रहे हैं । लोगों को मक्का मदीना का दीदार करने से फिर से एक बार हाजी हसमत राजा उस्मानी चर्चा में आ गए हैं नगर में जगह-जगह उनके कार्य की प्रशंसा हो रही है और लोग उन्हें दुआओं से नवाज रहे हैं ।

# कॉलेज गई छात्रा बैग छोड़ हुए प्रेमी संग फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** थाना क्षेत्र एंचोडा कंबोह स्थित एक इंटर कॉलेज के छात्र-छात्रा बुधवार सुबह अपने घर से कॉलेज के लिए आए और कॉलेज में बैग रख कर फरार हुए। लड़के के पिता ने बताया की मुझे फोन पर बताया कि तुम्हारा लड़का स्कूल नहीं पहुंचा।यह खबर जब स्कूल के प्रधानाचार्य को पता लगा तो उन्होंने छात्र-छात्रा के परिजनों से संपर्क किया कॉलेज के कक्षा 12 के पढ़ने वाले छात्र का गांव की ही कक्षा दस में पढ़ने वाली छात्रा से प्रेम प्रसंग चल रहा था और स्कूल आने को कहकर छात्र-छात्रा रास्ते से ही गायब हो गए ।और मध्यांतर के बाद कालेज पहुंच गए। प्रधानाचार्य ने परिजनों को हिदायत देते हुए दोनों छात्र-छात्राओं को कालेज से निकाल दिया। अभिभावकों की विनती करने पर केवल परीक्षा देने की अनुमति दी है। छात्र-छात्रा के गायब होने की चर्चा क्षेत्र में जोरों से फैल गई और विद्यालय के सभी बच्चों को जानकारी हो गई। बदनामी के डर की खातिर गांव वालों ने लड़का व लड़की के परिजनों को आपस में बैठ कर समझौता कर दिया।

# बरेली में सामूहिक विवाह योजना: 600 से ज्यादा जोड़ों ने लिया शादी का आशीर्वाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बरेली (आशु बेग)।** बरेली क्लब मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह योजना के तहत दूसरे दिन 600 से ज्यादा जोड़ों ने शादी के बंधन में बंधने का आशीर्वाद लिया। समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में इस बार अग्नि कुंड की सामिग्री का ठेका एक निजी संस्थान को दिया गया। इस व्यवस्था के तहत चार खपच्चियों का उपयोग किया गया, और गायत्री परिवार के सदस्य मंच से मंत्रोच्चारण कर रहे थे। मंत्रोच्चारण के दौरान कुछ जोड़ों के परिवार वाले बिना फेरे लिए ही उठकर उपहार लेकर अपने घर लौट गए। हालांकि, कुल मिलाकर 600 से अधिक जोड़ों ने फेरे लेकर शादी के पवित्र बंधन को स्वीकार किया। वहीं, पहले दिन 800 से ज्यादा जोड़ों ने एक-दूसरे के साथ जीवन का संकल्प लिया था। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह सामूहिक विवाह योजना गरीब और जरूरतमंद जोड़ों के लिए एक बड़ी राहत साबित हो रही है, जो कम खर्च में विवाह बंधन में बंधने का सपना देख रहे थे। इस योजना के तहत होने वाले विवाहों को लेकर लोगों में उत्साह और खुशी का माहौल था।

# नगर के कुछ मोहल्लो में 9 से 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति गुल रहेगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**चंदौसी।** उपखंड अधिकारी प्रथम द्वारा सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया गया कि 30 जनवरी दिन बृहस्पतिवार को विद्युत आपूर्ति प्रात 09 बजे से शाम 5 बजे तक 33/11 KV उपकेंद्र तहसील पर आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत आर डी एस एस योजना के अंतर्गत विद्युत लाइन प्रणाली के सुद्दढीकरण का कार्य किया जाएगा। जिसमें पोल लगाने का कार्य किया जाएगा ताकि भविष्य में विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सप्लाई के साथ-साथ विद्युत लाइन से सुरक्षा भी दी जा सके। इसके चलते विद्युत आपूर्ति अवास विकास,11 KV टाउन 4 (चितोरा की मडैयान और प्रगति विहार के पास)11 KV सीकरी गेट, 11 केवी इंडस्ट्रियल समय सुबह 9 से 12 बिधुत आपूर्ति बाधित रहेगी ।

# मौनी अमावस्या पर स्नान करने जा रहे अधेड़ की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (बच्चन सिंह)।** मौनी अमावस्या पर स्नान करने जा रहे अधेड़ की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अमरोहा के देहात थाना क्षेत्र के गांव मुनव्वरपुर निवासी परविंदर बुधवार की सुबह अपनी बाइक से तिगरी गंगा धाम स्थित गंगा में स्नान करने के लिए जा रहा था। जैसे ही गजरौला स्थित भानपुर फाटक पर पहुंचा तो ट्रेन आने के समय को लेकर फाटक बंद हो गया था। परविंदर ने बंद पड़े फाटक के नीचे से बाइक निकालने का प्रयास किया तो तभी दिल्ली-लखनऊ एक्सप्रेस टेज्न की चपेट में आकर मौत हो गई। जिससे मृतक परिवार में कोहराम मच गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएंगी।

# नेशनल हाईवे पर कार की टक्कर से कार सवार युवक घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**गजरौला (बच्चन सिंह)।** नेशनल हाईवे पर कार की टक्कर से कार सवार युवक घायल हो गया। घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

दरअसल आपको बता दें कि मुरादाबाद के गांव डूंगरपुर निवासी फरमान बुधवार की सुबह कार से अपने साथियों के साथ गुड़गांव किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह गजरौला स्थित नेशनल हाईवे पर पहुंचा तो पीछे से आई तेज गति कार ने फरमान की कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें फरमान घायल हो गया। गनीमत रही की बड़ा हादसा होने से टल गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। जिससे नेशनल हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वही क्षतिग्रस्त वाहन को हाईवे से हटाकर यातायात सुचारू कराया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएंगी।

**खुला समर्थन** मौलाना ने कहा कि जेपीसी ने वक्फ संशोधन बिल पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है

# आल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शाहबुद्दीन रजवी ने जे पी सी रिपोर्ट का खुला समर्थन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बरेली।** वक्फ संशोधन बिल पर मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने जेपीसी रिपोर्ट का खुला समर्थन किया। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील करते हुए कहा कि जल्द से जल्द इसे संशोधन बिल को संसद में पास कराया जाए।

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने वक्फ संशोधन बिल पर गठित जेपीसी की रिपोर्ट का समर्थन किया है। मौलाना ने कहा कि जेपीसी ने वक्फ संशोधन बिल पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। कमेटी यह रिपोर्ट संसद में पेश करने जा रही है। मौलाना ने कहा कि वह जेपीसी की रिपोर्ट का खुला समर्थन करते हैं।

शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि अब तक पूरे देश में जहां-जहां वक्फ बोर्ड का गठन किया गया था। वक्फ बोर्ड के अधीन वक्फ संपत्तियां हैं, वह सब भ्रष्टाचार का शिकार है। मौलाना ने कहा कि वक्फ बोर्ड के जिम्मेदार भूमाफिया से मिलकर करोड़ों की जमीनों को रेवड़ियां के भाव खुर्द-बुर्द कर रहे थे। मौलाना ने कहा कि हमारे बुजुर्गों ने इसलिए वक्फ (दान) किया था कि इससे होनी वाली आमदनी गरीब, कमजोर, लाचार, बेवा और यातीम मुसलमानों पर खर्च होगी। यह सब न होकर सब भ्रष्टाचार के शिकार थे। वक्फ संपत्तियां खुर्द-बुर्द की जा रही थीं। केंद्र सरकार से अपील करते हुए कहा कि जल्द से जल्द इसे संशोधन बिल को लागू किया जाए।

**22 जनवरी को दिया था यह बयान**

मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने 22 जनवरी को जारी अपने बयान में जेपीसी पर सवाल उठाए थे। कहा था कि जेपीसी अध्यक्ष ने बरेलवी उलमा और बरेलवी संगठनों को नजरअंदाज किया। किसी भी बैठक में नहीं बुलाया। ये निहायत ही दुर्भाग्यपूर्ण रवैया। यह भी कहा था कि संसद में पेश की जाने वाली रिपोर्ट एकतरफा कहलाएगी।

# डीआरएम ने निरीक्षण कर कार्यों में तेजी लाने के दिए दिशा निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बुधवार को लगभग पौने तीन बजे करीब डीआरएम राजकुमार चंदौसी रेलवे स्टेशन पहुंचे उनके अचानक आने की सूचना पर अधिकारियों में हडकंप मच गया। इस दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशन पर हो रहे कायाकल्प कार्यों में तेजी लाने के दिशा निर्देश किए।

बताया कि कायाकल्प के निर्माण कार्यों में अच्छी गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जाए। लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद रेलवे स्टेशन का बिना निरीक्षण किए ही डीआरएम ट्रेनिंग कॉलेज चले गए। करीब शाम साढ़े चार बजे करीब डीआरएम अपने स्पेशल यान से मुरादाबाद की ओर रवाना हो गए। इस दौरान मौजूद रहे। अनुज श्रीवास्तव ,जाकिर अली,सहित अन्य रेलवे कर्मचारी आदि।

# महिला ने लगाया पति पर मारपीट का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** महिला ने लगाया युवक पर मारपीट का आरोप मामला पहुंचा थाने घटनाक्रम के अनुसार नगर के रेलवे स्टेशन के बाहर एक पति पत्नी के बीच बच्चे को लेकर विवाद हो गया। युक्ति ने बताया कि पिछले 5 वर्ष पहले युवक से मेरी शादी हुई थी और युवक आए दिन नशे की हालत में उसके साथ मारपीट व गलत व्यवहार करता था इसको लेकर पत्नी अपने मायके चली गई इसी बीच उनकी तीन वर्षीय पुत्री भी थी जो कि युवक ने पुत्री को जबरन अपने पास रख रखा था और बार बार मांगने पर भी युवक पुत्री को नहीं दे रहा था बताते चले कि बुधवार को युक्ति ने युवक से फोन पर बात कर बेटी से मिलने को कहा और वह चंदौसी रेलवे स्टेशन पहुंच गई जैसे ही युवक बेटी को लेकर रेलवे स्टेशन के बाहर पहुंचा युवक ने बेटी को दिखा तो दिया लेकिन देने से इनकार कर दिया जिसको लेकर युक्ति ने विरोध किया इस पर युवक ने युक्ति के साथ मारपीट शुरू कर दी मौके पर लगी भीड़ तमाशा देखती रही लेकिन किसी ने उसको नहीं बचाया इसकी सूचना बिना देरी किए पुलिस को दी गई और युवक को थाने ले आई काफी देर हाई वोल्टेज ड्रामा चलने के बाद युक्ति बच्ची को लेकर चली गई।

# मिल्कीपुर उपचुनाव में घर घर जाकर चुनाव प्रचार कर रहे है, सपा बाबा साहब अम्बेडकर वाहनी के कार्यकर्ता:सुदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ ।** सपा बाबा साहब अम्बेडकर वाहनी के राष्ट्रीय महासचिव राम बाबू सुदर्शन ने कहाकि अयोध्या मिल्कीपुर उपचुनाव में गठबंधन प्रत्याशी अजीत प्रसाद के समर्थन व भारी मतों से विजय बनाने के लिए अम्बेडकर वाहनी के कार्यकर्त्ता,पदाधिकारी घर घर जाकर मिल्कीपुर की जनता से गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन जुटा रहे है श्री सुदर्शन ने कहाकि मिल्कीपुर उपचुनाव में गठबंधन उम्मीदवार को जनता भारी मतों से जिताने जा रही है,सपा बाबा साहब अम्बेडकर वाहनी के कार्यकर्ता दिनरात बाबा साहब के संविधान और उनके विचारो को जनता तक लेकर पहुंच रहे है इस बार भी मिल्कीपुर की जनता उपचुनाव में गठबंधन उम्मीदवार अजीत प्रसाद का समर्थन करते हुए भारी बहुमत से चुनाव जीता रही है ।



# भाषा विवि में हुआ स्वयम आउटरीच वर्कशॉप का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ ।**ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में स्वयम आउटरीच वर्कशॉप का आयोजन विश्वविद्यालय के अटल सभागार में किया गया। बतादें कि सरकार द्वारा सभी शिक्षण संस्थाओं में स्वयम के माध्यम से डिजीटल शिक्षा को महत्व दिया जा रहा है। इसी श्रृंखला में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में माननीय कुलपति प्रो. जे पी पांडेय की अध्यक्षता में स्वयम आउटरीच वर्कशॉप का आयोजन विश्वविद्यालय के अटल सभागार में सभी शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया। वर्कशॉप इंटीग्रेशन इंप्लीमेंटेशन ऑफ स्वयम कोर्सेज एंड नेशनल क्रेडिट फ्रेम वर्क उन्नति लाइट ऑफ ठएढ 2020 विषय रहा। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और माल्यार्पण से हुई। इसके बाद सभी रिसॉर्स पर्सन को शॉल और पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना भाषा विवि की डीन, सामाजिक विज्ञान संकाय की प्रो. चन्दना डे रखी ।

वर्कशॉप को संबोधित करते हुए रिसॉर्स पर्सन प्रो. गीतांजलि मिश्रा, डीन, अकादमिक सेल, लखनऊ विश्वविद्यालय ने बताया कि नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने भारत के भविष्य के लिए एजुकेशन एंड स्किलिंग को अपनाने पर जोर दिया। प्रो. मिश्रा ने क्रेडिट सिस्टम के विजन और उद्देश्यों को समझाते हुए इसकी महत्ता को बताया। मिश्रा ने स्किल्ड बेस्ड एजुकेशन को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने डिजिटल शिक्षा को एक्सेप्ट करने की बात भी कही। प्रो. मिश्रा क्रेडिट सिस्टम में अकादमिक बैंक क्रेडिट के बारे में भी विस्तार से बताया। आपने क्रेडिट सिस्टम के एडवांटेज को अच्छी तरह से स्वीकारने की भी सलाह दी। प्रो. मिश्र ने बताया कि अब पूरी शिक्षा को क्रेडिट के माध्यम से मूल्यांकन किया गया है। प्रो. मिश्रा ने शिक्षा को थ्योरी और प्रैक्टिकल बेस्ड एजुकेशन में वगीर्कृत करने की बात कही। प्रो. ट्रेनिंग को भी शिक्षा में सम्मिलित करते हुए इसकी महत्ता पर बल दिया। प्रो. मिश्रा ने राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क को अपनाने पर भी जोर दिया।



वहीं वर्कशॉप के दूसरे सत्र को संबोधित करने हुए डॉ. अंगना सेनगुप्ता, समन्वयक, स्वयम ठढळएछ लोकल चैप्टर आईआईटी कानपुर ने बताया कि बदलाव में एक जनरेशन को अधिक मेहनत करनी होती है। उन्होंने बताया कि सभी शिक्षण संस्थाओं में नोडल अधिकारी नियुक्त करना है। जिसके माध्यम से संस्था के शैक्षणिक माहौल को डिजिटलाइज्ड करना ही है। हमें विभाग में इडर के माध्यम से स्वयम के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षण उपलब्ध कराना ही है। स्वयम एनपीटीईएल कोर्सेज को विश्वविद्यालय खुद ही परीक्षा करा सकता है। सभी कोर्सेज बिल्कुल निःशुल्क हैं। सभी कोर्सेज हिंदी, इंग्लिश में उपलब्ध हैं। अगर विश्वविद्यालय चाहे तो रीजनल भाषा में परीक्षा ले सकती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि शिक्षक समाज के प्रतिनिधि के रूप में जाने जाते हैं। कुलपति ने बताया कि ऑनलाइन शिक्षा आज की आवश्यकता है हमें उसे अपने शिक्षण में शामिल अवश्य करना चाहिए। उन्होंने स्किल्ड बेस्ड एजुकेशन, क्रेडिट सिस्टम और अइउ पॉलिसी के अनुसार शिक्षण करना चाहिए।

# मौनी अमावस्या पर डुबकी के लिए गंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** बुधवार को मौनी अमावस्या पर डुबकी के लिए सभी गंगा घाटों पर भारी भीड़ उमड़ी। इसके लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई अहम कदम उठाए गए। सभी घाटों में सुरक्षाबल भी तैनात रहे, ताकि गंगा स्नान में कोई

## दान-पुण्य कर मांगी सुख-समृद्धि की कामना

व्यवधान उत्पन्न न हो। आज शहर के बिठूर, अटल, परमट, सरसैया, मैस्कर, सिद्धनाथ, शुक्लागंज समेत सभी 14 घाटों पर श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए हजारों की संख्या में पहुंचे। इसके लिए घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पूरे इंतजाम किये गये थे। आचार्य अश्वनी तिवारी ने बताया कि माघ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या मौनी अमावस्या के नाम से जानी जाती है।



इस अमावस्या को लेकर श्रद्धालुओं में बड़ी ही आस्था है। जबकि शास्त्रों के अनुसार भगवान शिव और पितरों के साथ-साथ भगवान विष्णु का पूजन किया जाता है। मान्यता है कि मौन रहकर गंगा स्नान करने से सुख समृद्धि और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यदि किसी के ऊपर पितृ दोष भी हैं, तो आज के दिन गंगा स्नान कर दान-पुण्य करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

# नाले की नहीं हो रही सफाई, किसान के खेत में भरा गंदा पानी, फसल हो रही बर्बाद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बहसूमा।** ग्राम पंचायत मोड कला में गांव के पानी की निकासी के लिए नाले का निर्माण किया गया था। किसानों के खेत के बराबर में बना नाला आज किसान के लिए मुसीबत बन गया है नाले से होकर गुजरने वाला गंदा पानी किसान के खेत में फेल कर उसकी फसल को बर्बाद कर रहा है। बता दें कि ग्राम पंचायत मोड कला से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी के लिए नाले का निर्माण किया गया था जो आज जगह-जगह टूट गया है जिसका गंदा पानी किसान के खेत में भरा हुआ है जिससे गंभीर बीमारी फैलने का डर बना हुआ है इसकी सूचना शासन प्रशासन को कई बार दी जा चुकी हैं लेकिन ग्राम पंचायत से लेकर तहसील प्रशासन तक कोई भी अधिकारी मौके पर जांच के लिए अभी तक नहीं पहुंचा है किसान विकास कुमार का कहना है कि उसकी गन्ने की फसल में नाले का गंदे पानी भरा हुआ है। जिससे उसको काफी नुकसान हो रहा है इससे किसान काफी मायूस और परेशान है किसान का कहना है कि कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है लेकिन अभी तक इसकी कोई साफ सफाई नहीं हुई। किसान विकास कुमार का कहना है कि उसके खेत में गन्ने की फसल खड़ी हुई है जिसमें गन्ना की फसल में गंदा पानी भरा हुआ है जिसकी छिलाई करने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। किसान विकास कुमार का कहना है कि अगर उनका समाधान नहीं किया गया तो वह उच्चाधिकारियों से शिकायत करेंगे।



# धन दो गुना कराने का लालच देकर चार लोगों से ठगे बाइस लाख रुपए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** थाने में चार लोगों ने मामला दर्ज कर नंगलाकरन के एक व्यक्ति पर अपने साथियों के साथ मिलकर धन दोगुना करने के नाम पर बाइस लाख रुपए हड़पने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। सभी मामलों को दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है। नामजद आरोपी फरार होने में कामयाब रहे। गांव नंगलाकरन निवासी मंजीत सिंह पुत्र जगदीश सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गांव नंगलाकरन निवासी पवन कुमार राघव पुत्र सूबेदार सिंह राघव ने उसे विश्वास में लेकर उसके साढ़े चार लाख रुपए हजम कर लिये हैं। तहरीर में कहा गया है कि पवन कुमार ने उसे बताया था कि उसने अपनी पत्नी रूचि के साथ मिलकर एक कंपनी जी वाई सेल्यूशन खोली है जो एक साल में धन दोगुना वापस करेगी। जिसपर विश्वास करके उसने दो लाख अठ्ठासी हजार आठ सौ बीस रुपए दो बार में पवन की कंपनी में जमा कराए थे। बाद में पवन ने कंपनी को घाटा हो जाने और दूसरी कंपनी रियल डालर के शुरू होने व तमाम पिछले धन को वापस करने का आश्वासन देकर एक लाख सत्तर हजार रुपए और जमा करा लिया।




दूसरी शिकायत झब्बा कालोनी औरंगाबाद निवासी हरेंद्र सिंह पुत्र धर्म सिंह ने दर्ज कराई है जिसमें रियल डालर कंपनी में धन दोगुना करने के नाम पर दो लाख रुपए हड़पने का आरोप पवन कुमार राघव पर लगाया गया है। तीसरी शिकायत मदन लाल पुत्र मणिराम निवासी टांडा कोतवाली देहात ने दर्ज कराई है जिसमें पवन कुमार राघव के साथ अनीस उर्फ अजय पुत्र राजपाल सिंह निवासी माजरा खानपुर के खिलाफ आइ ए एम टूर एंड ट्रैवल कंपनी में दस माह में धन दोगुना करने का आश्वासन देकर तीन लाख रुपए और रियल डालर में एक वर्ष में धन दोगुना करने के आश्वासन पर तीन लाख कुल छः लाख रुपए हड़पने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। चौथी शिकायत जीतन पुत्र वीर सिंह निवासी अगराई खुर्जा देहात ने दर्ज कराई है जिसमें पवन कुमार राघव,नबाब,अनीस उर्फ अजय रूचि पत्नी पवन कुमार राघव तथा मोनिका पत्नी अनीस उर्फ अजय पर रियल डालर कंपनी में धन दोगुना करने के नाम पर लगभग साढ़े नौ लाख रुपए हड़पने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। सभी मामले दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की है। अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। थाना प्रभारी नीतीश भारद्वाज ने बताया कि जांच पड़ताल जारी है नियमानुसार कठोर कार्रवाई होगी।

# अयातुल्लाह सैय्यद दिलदार अली गुफरानमआब की शख़्सियत पर शैक्षणिक सत्र का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** अयातुल्लाह सैय्यद दिलदार अली गुफरानमआब की याद में "दफ़्तरे मकतबे फिक़्ही व कलामी हजरत गुफरानमआब" की ओर से घंटा घर के पास नवनिर्मित कार्यालय में "यादे हजरत गुफरानमआब" शीर्षक के तहत एक शैक्षणिक सत्र का आयोजन हुआ जिसमे उलेमा और बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। हिंदुस्तान में अयातुल्लाह खामेनेई के प्रतिनिधि हुज्जतुल इस्लाम शेख मेहदी मेंहदवीपुर ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया और कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम की शुरूआत मौलवी अमीर हमजा ने कुरान की तिलावत से की। मुहम्मद आदल वसीफ जायसी ने हम्द और नात पेश की। कार्यक्रम में मौलाना मुस्तफा हुसैन नकवी असीफ जायसी, मौलाना तकी रजा बुरकई अलीगढ़, हिंदुस्तान में अयातुल्लाह खामेनेई के प्रतिनिधि हुज्जतुल इस्लाम शेख मेहदी मेंहदवीपुर,मजलिस उलेमा हिंद के महासचिव मौलाना सैय्यद कल्बे जवाद नकवी ने तकरीर करते हुए मकतबे हजरत गुफरानमआब की अहमियत और अजमत को बयान किया। उनकी किताबो और इल्मी कामो की समीक्षा भी की। इस सत्र में कई पुस्तकों का भी लोकार्पण हुआ। सबसे पहले हजरत गुफरानमआब और उनके बेटों के जीवन पर आधारित पत्रिका के विमोचन की रस्म अदा की गई, जिसके लेखक मौलाना असीफ जायसी हैं। इसके बाद आदिल फराज द्वारा लिखित 'सरगुजिश्ते सुलतानुल उलमा' का विमोचन हुआ। इस पुस्तक में सुल्तानुल उलमा सैय्यद मुहम्मद रिजवानमआब का जीवन और सेवाएँ शामिल हैं। फिर अयातुल्लाह सैय्यद कल्बे बाकिर जायसी अल-हायरी की किताब 'दलायल अल-खैरात' का विमोचन हुआ। प्रसिद्ध लेखक चौधरी सिब्ते मुहम्मद नकवी की प्रसिद्ध पुस्तक "अमजद अली शाह" का भी विमोचन किया गया, जिस पर आदिल फराज ने प्रस्तावना (मुकद्दमा) तहरीर किया। आखिर में "इस्लाम शनासी" किताब का विमोचन हुआ जिसमे विभिन्न उलेमा के इल्मी और तहकीकी लेखों को मौलाना असीफ जायसी ने जमा किया है। कार्यक्रम में मौलाना निसार अहमद जैनपुरी, मौलाना मंजर सादिक, डॉ. कल्बे सब्तैन नूरी, मौलाना नजर अब्बास, मौलाना अकील अब्बास, मौलाना अब्बास असगर शाबरेज, मौलाना तसनीम मेंहदी, डॉ. सिब्ते हसन, जनाब रूमी नवाब, मौलाना मकातिब अली खान, मौलाना मंजर शफी, मौलाना इस्तेफा रजा, मौलाना सकलैन बाकरी, मौलाना अरशद हुसैन अर्शी, मौलाना डॉ. अली सलमान रिजवी, मौलाना अली हैदर, मौलाना सगीर हुसैन, चौधरी सिब्ते मुहम्मद नकवी के बेटों, शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी, जनाब नजमुल हसन रिजवी, मौलाना शबाहत हुसैन, शमील शम्सी, मौलाना वसी आबिद, हौजा-ए-इल्मिया गुफरानमआब और मदरसा अकीला-ए-बानी हाशिम के छात्र और अन्य उलेमा और बुद्धिजीवी शामिल थे। इस कार्यक्रम का आयोजन अहमद अब्बास नकवी ने किया था। कार्यक्रम का संचालन आदिल फराज ने किया।



# मुस्तफाबाद विधानसभा सीट से प्रत्याशी हाजी ताहिर हुसैन के आगे अन्य प्रत्याशियों के दिलों की धड़कने तेज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (अनिता)।** बीती रात बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी की मुस्तफाबाद में जनसभा होने और ताहिर हुसैन सैफी का जेल से बाहर आने का ऐलान सुनते ही आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एवं भाजपा प्रत्याशियों की दिलों की धड़कनें तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने हाजी ताहिर हुसैन सैफी पर वोट काटने और बीजेपी की भी टीम बताया है। मुस्तफा आबाद के दयालपुर 33 फुटा रोड पर हुई जनसभा में बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा है कि हमें बीजेपी का ऐजेंट व बी टीम बताया जाता है। उन्होंने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में हमने चुनाव नहीं लड़ा तो फिर भाजपा का वोट कैसे आया और अन्य दल ने बीजेपी को केंद्र में विराजमान कैसे होने दिया। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा की सड़क से लेकर संसद तक बीजेपी को हर मोड़ पर इतिहादुल मुस्लिमीन पार्टी रुकती है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल और नरेंद्र मोदी को दो झूठे की जोड़ी बताई कहां के एक झूठा 15 , 15 लाख रुपए और अन्य योजना का लाभ दिलाने का वादा करता है तो दूसरा झूठ फ्री फ्री की योजना से लाभ दिलाने के बात करता है। असदुद्दीन ओवैसी बैरिस्टर ने पेयजल योजना को लेकर अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा है कि दिल्ली में नकली और जहरीली शराब फ्री में दी गई। अब दिल्ली में जनता को जहरीला पानी पिलाया जा रहा है और अरविंद केजरीवाल कह रहे हैं कि दिल्ली में भाजपा की हरियाणा सरकार यमुना नदी में जहरीला पानी छोड़ रही है। जिसकी वजह से लोगों को पीने का पानी जहरीला मिल रहा है। असदुद्दीन ओवैसी ने यह भी कहा कि यदि दिल्ली में पीने का पानी जहरीला सप्लाई किया जा रहा है तो अरविंद केजरीवाल अब तक बीमार क्यों नहीं हुए। असदुद्दीन ओवैसी कटवा वोट को लेकर बोले की यदि हम कहीं पर भी चुनाव लड़ते हैं तो हमें कटवा वोट कहा जाता है और कांग्रेस ,समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी कहीं भी चुनाव लड़े उनका कोई भी कटवा वोट नहीं बोलता। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हाजी ताहिर हुसैन को सुप्रीम कोर्ट ने पैरोल पर जमानते दे दी है और यह 3 तारीख को फिर वापस जेल चले जाएंगे। हाजी ताहिर हुसैन की पेरोल पर जमानत मिलने का ऐलान सुनते ही जनसभा में उमड़े जनता के जन सैलाब मैं जो उत्साह हो गया जिसके कारण आज मुस्तफा आबाद विधानसभा सीट पर हाजी ताहिर हुसैन सैफी की बहुत बड़ी संख्या में निकली पदयात्रा के निकलने से और असदुद्दीन ओवैसी की जनसभा होने से अन्य पार्टियों के मुस्तफाबाद क्षेत्र के प्रत्याशियों की दिलों की धड़कनें तेज हो गई और रातों की नींदें उड़ गई है।



# सपा की पीडीए जन चर्चा चौपाल का मलिहाबाद में सफल आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार भाजपा की संविधान विरोधी सोच के खिलाफ एवं पीडीए के हक और अधिकारों की रक्षा हेतु प्रदेश भर में समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओ द्वारा 'पीडीए चर्चा' का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को विधानसभा क्षेत्र मलिहाबाद के सेक्टर महमूदनगर ढाल के प्रभारी रिजवान खान व कार्यक्रम की प्रभारी विजयश्री गौतम द्वारा पीडीए चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ क्षेत्रीय नेताओं एवं कार्यकताओं और महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत व संचालन विधानसभा अध्यक्ष सोनीष मौर्य व महासचिव पन्नालाल रावत ने संयुक्त रूप से किया।जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश सचिव रूप नारायण यादव, इंसराम अली,जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान,विधानसभा अध्यक्ष सरोजनीनगर चंद्रशेखर यादव,जिला निर्वाचन प्रभारी टीबी सिंह,निवर्तमान प्रत्याशी सोनू कनौजिया,पूर्व ब्लाक प्रमुख खुदादाद खान,पूर्व प्रत्याशी राजबाला रावत,रज्जनलाल यादव,राम नारायण रावत,दशरथ यादव,सांसद प्रतिनिधि , सहकारी संघ लिमिटेड काकोरी सभापति केशरी राव धारा सिंह सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।





**जन्म दिवस** रज्जू भैया सैनिक विद्या मंदिर एक राष्ट्रीय प्रकल्प हैं

# रज्जू भैया सैनिक विद्या मंदिर के प्रांगण में रज्जू भैया का जन्म दिवस मनाया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** बुधवार को रज्जू भैया सैनिक विद्या मंदिर के प्रांगण में रज्जू भैया का जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुरेश भैया जोशी का आगमन विद्यालय में हुआ विद्यालय में आये हुए सभी अतिथियों का पटका पहना कर स्वागत किया गया। एवं कैडट्स ने श्रीगणेश वंदना से प्रोग्राम की शुरूआत की इसके अलावा कैडेट्स ने मनमोहक गीतों के माध्यम से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। विद्यालय के सरक्षक गंगाराम ने सभी बंधुओं का परिचय कराया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ रूपनारायण ने रज्जू भैया के बारे में परिचय कराते हुए कहा की रज्जू भैया एक महान वैज्ञानिक थे। कैडेट्स आर्यन भारद्वाज ने सुभाष चंद्र बॉस का किरदार निभाते हुए बॉस के जीवन पर प्रकाश डाला। अजय गोयल ने बाकी अतिथियों का परिचय कराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविन्द गुप्ता ने विद्यालय के बारे में बताते हुए कहा की रज्जू भैया सैनिक विद्या मंदिर एक राष्ट्रीय प्रकल्प हैं। मुख्य अतिथि सुरेश भैया जोशी ने अपने भाषण में कहा की रज्जू भैया विद्या भारती के तत्वाधान में इस प्रकार की शिक्षा देने वाला पहला सैनिक स्कूल हैं। उन्होंने रज्जू भैया के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की रज्जू भैया एक सरल स्वाभाव के व्यक्ति थे। जोशी ने विज्ञान के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रुति गंगवार ने की। इस अवसर पर डोमेश्वर साहू जी , सूर्यप्रकाश टोंक, डॉ प्रदीप जोशी कृपा शंकर एवं डॉ प्रभास्कर राय आदि उपस्थित रहे।






# बुगरासी: मौनी अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुगरासी (वसीम खॉन)।** क्षेत्र के भगवानपुर बसी गंगा घाटों पर क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर पुन्य कमाया बताते चलें महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन लगभग 10 करोड़ से अधिक स्नान करने वाले हैं वही कुछ लोग मौनी अमावस्या संकल्प के साथ मौन रहकर स्नान करने से असीम पुन्य काल की प्राप्ति होती है।मौन का मतलब शांति से है । मौन रहकर स्नान करने से शांति अपने आप आ जाती है। बुधवार को भगवानपुर व बसी गंगा घाट पर क्षेत्र के दर्जनों गांवों से महिला पुरूष व बच्चों ने मौनी अमावस्या पर स्नान कर पुण्य कमाया। वही सुरक्षा की दृष्टि से गोताखोरों की टीम के साथ चौकी प्रभारी सोबरन सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे ।



## डीएम-एसएसपी ने रोडवेज व बस स्टैंड का निरीक्षण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव व एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बुधवार को रोडवेज बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां मौजूद यात्रियों से बात की। साथ ही रोडवेज के अधिकारियों से कहा कि प्रयागराज





जाने वाले यात्रियों को असुविधा न हो। उन्होंने बसों की कमी के चलते यात्रियों को परेशानी न हो, इसके लिए निर्देश दिए। रोडवेज बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# डेढ़ साल के बच्चे का किया अपहरण, अपहरण करने वालों की तलाश में जुटी रही पुलिस,अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** देर रात को करीब डेढ़ साल के बच्चे का अपहरण हो गया सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और संबंधित जगहों पर रात भर छापेमारी की लेकिन बच्चे का पता नहीं चल पाया है पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है' घटनाक्रम की शुरूआत निकट जनपद बिजनौर के धामपुर से हुई वहां की रहने वाली सोनी का कहना था कि 28 जनबरी को सुबह 10 बजे उसके मोबाईल पर काल आयी। और काम देने की बात कह कर कांठ बुलाया। वह शाम को अपने दोनो बच्चो को लेकर धामपुर से टैम्पू मे बैठकर कांठ आ गयी। वहां पर मोटरसाइकिल से दो लडके मिले जिन्होने पंडाल का काम बताकर 3 हजार रुपए दिए जाने की बात कही। वह अपने बच्चो सहित उनकी मोटरसाईकिल पर बैठ गयी। रास्ते मे अमरोहा रोड पर लडको ने ढाबे पर खाना खिलाया और




मोटर साईकिल पर बैठाकर चल दिये उसका बेटा मौ०अर्श एक लडके की गोद मे था लडकी उसके पास थी। मनकुआं अड्डे पर पहुंचे तो उन्होंने मोटरसाईकिल रोक दी और उसे उतारकर मौ० अर्श का अपहरण कर ले गये। तथा जाते हुए 1 हजार रुपये सडक पर डालकर भाग गये।
महिला ने किसी तरह से पुलिस से संपर्क किया घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और रात भर बच्चों को तलाशने का प्रयास किया लेकिन बच्चा पुलिस के हाथ नहीं लग पाया महिला दिनभर थाने में बैठी रही पुलिस ने समय-समय पर महिला से जानकारी करने का प्रयास भी किया लेकिन समाचार लिखे जाने तक घटना का खुलासा नहीं हो पाया' पुलिस घटना के खुलाशे का प्रयास कर रही है।

## पीएम श्री विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को "क्षमता निर्माण प्रशिक्षण" 15 फरवरी तक कराने के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** पीएमश्री योजना के अंतर्गत चयनित 1704 सरकारी विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापकों/शिक्षकों को क्षमता निर्माण प्रशिक्षण जनपद स्तर पर 15 फरवरी तक करने के निर्देश दिए गए हैं ' जानकारी के अनुसार पी०एम०श्री० विद्यालयों के लिए राज्य स्तर पर 01 दिवसीय पुनश्चर्या कार्यशाला का आयोजन 17 एवं 21 जनवरी, 2025 को सम्पन्न किया जा चुका है। जनपद स्तर पर प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया जाना है। कार्यशालाओं का आयोजन प्रत्येक दशा में 15 फरवरी, 2025 तक सम्पन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं।




## प्राथमिक शिक्षा संघ की मासिक बैठक 31 जनवरी को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर होगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षा संघ की मासिक बैठक ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर कपिल सिरोही की अध्यक्षता में 31 जनवरी को होगी' यह जानकारी आज शाम संघ के तहसील प्रभारी दुष्यंत यादव ने देते हुए बताया कि संघ की मासिक बैठक नगर में स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर अपराह्न 3:00 बजे होगी ' बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विचार किया जाएगा।

## फैमिली आईडी बनवाने में रुचि नहीं ले रहे पेंशनधारक, मुख्य विकास अधिकारी ने जताई नाराजगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** फैमिली आईडी बनवाने में पेंशनधारक रुचि नहीं ले रहे हैं, जिस वजह से लक्ष्य अभी काफी दूर है। विकास भवन में सीडीओ ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस संबंध में जानकारी हासिल की। फैमिली आईडी बनाने की गति धीमी होने पर नाराजगी जताई। इस दौरान उन्होंने फैमिली आईडी बनाने के लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस काम में लापरवाही बरते जाने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।
उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना एवं दिव्यांगजन पेंशन योजना के पेंशनधारकों द्वारा फैमिली आईडी के लिए आवेदन नहीं किया जा रहा है, जिस कारण फैमिली आईडी के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले प्रगति काफी कम है, जिसको लेकर जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को आईडी की संख्या बढ़ाने और जल्द से जल्द बनवाने के निर्देश दिए।वहीं फैमिली आईडी के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित लक्ष्य समय से पूरा नहीं हो पा रहा है, जिसके समय से पूरा करने के लिए सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), सचिव, ग्राम पंचायत एवं पंचायत सहायक से प्रतिदिन रिपोर्ट प्राप्त करने एवं वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करने के लिए डीपीआरओ निर्देश दिए। शहरी क्षेत्रों में बनने वाली फैमिली आईडी के लक्ष्य को समय से पूरा करने का आदेश दिया।
जिसके बाद राशन डीलरों के माध्यम से भी जल्द से जल्द फैमिली आईडी बनाने का निर्देश दिया गया है। सीडीओ ने बैठक में कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## बिना रजिस्ट्रेशन के अवैध नर्सिंग होम चलाने पर रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** बिना रजिस्ट्रेशन अवैध रूप से नर्सिंग होम संचालित कर लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने के आरोप में चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव सिंह के द्वारा झोलाछाप के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। निरीक्षण के दौरान झोलाछाप कोई भी डिग्री टीम को नहीं दिखा पाया था।
शिकायत के आधार पर 19 जनवरी 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के चिकित्साधीक्षक/नोडल अधिकारी डॉ. राजीव सिंह टीम के साथ कांठ में धामपुर रोड स्थित अमृत नर्सिंग होम का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे। यहां मौके पर अपने को चिकित्सक बताने वाला झोलाछाप अजय सैनी मौजूद मिला था। यहां गांव पाइंदापुर निवासी महिला रानी भर्ती मिली थी, जिसका रुपये लेकर प्रसव कराया गया था। नर्सिंग होम में निरीक्षण के दौरान कुछ महत्वपूर्ण दवाइयां भी मिली थीं और यहां बायो मेडिकल बेस्ट की कोई सुविधा नहीं थी। जांच के दौरान खुलासा हुआ था कि अमृत नर्सिंग होम के नाम से मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में कोई भी रजिस्ट्रेशन नहीं है।
चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव सिंह ने अजय सैनी से चिकित्सक की डिग्री दिखाने के लिए कहा तो वह कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा पाया था। जांच में झोलाछाप के नाम से फर्जी दस्तावेज भी टीम को मिले थे। जिन्हें कब्जे में ले लिया गया था।इस मामले में चिकित्साधीक्षक ने कांठ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।
जिस पर अब पुलिस ने झोलाछाप अजय सैनी के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## रिश्वत लेते सिपाही को एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों पकड़ा

**बदायूं।** एंटी करप्शन टीम ने बुधवार को बदायूं शहर की नवादा पुलिस चौकी से सिपाही मनोज कुमार को जमीन के एक मामले में दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आरिफपुर नवादा निवासी सादाब पुत्र राहत हुसैन ने एक प्लॉट बेचा था। जिसके चलते दूसरे पक्ष ने नवादा चौकी पुलिस से शिकायत कर दी थी। उनका आरोप है कि इस मामले को लेकर उनसे रिश्वत मांगी जा रही थी। सादाब ने इस मामले की शिकायत एंटी करप्शन टीम से की, जिसके बाद एंटी करप्शन टीम ने बुधवार को घेराबंदी करके सिपाही को रंगेहाथ रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। आरोपी सिपाही को गाड़ी में बैठाकर बिनावर थाने ले गई। सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।



## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नगर पंचायत उमरी कला में मारा छापा, मीट की दो दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कांठ तहसील के उमरी क्षेत्र में शंभू मीट शॉप व इरफान मीट शॉप के लाइसेंस निलंबित किए हैं। इनके खिलाफ शिकायत के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने जांच की। इसमें गुणवत्ता के अलावा कई मानक अधूरे पाए गए। इसके बाद लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं।दोनों मीट के दुकानदारों को तीन दिन में अपना जवाब विभाग के सामने रखने का समय दिया गया है.। यदि उनका जवाब संतोष जनक नहीं हुआ तो लाइसेंस हमेशा के लिए निरस्त कर दिया जाएगा और दोनों कई मीट का काम नहीं कर पाएंगे। मानक अधूरे होने के अलावा इनकी दुकानें धार्मिक स्थल के 50 मीटर के दायरे में आ रही थीं। दूसरी ओर पनीर, दूध व लाल मिर्च समेत छह नमूने जांच में फेल हुए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग ने इन दुकानदारों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की है। विभाग के वरिष्ठ अधिकारी राजवंश कुमार ने बताया कि लाल मिर्च मेंटारजीन व सुडान-2 आदि हानिकारक रसायन पाए गए हैं। इनसे मानव स्वास्थ्य को बड़ा खतरा हो सकता है। दूध व पनीर के नमूनों में हानिकारक रसायनों की मिलावट पाई गई। बीआर रीडिंग में यह नमूने खरे नहीं उतर सके। इसके आधार पर विभाग ने विक्रेताओं पर जुमार्ना भी लगाया है।

## लोक आस्था का महापर्व है मौनी अमावस्या: आचार्य विजय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के. भारती सैफी )।** बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज में आज मौनी अमावस्या पर गायत्री परिवार शाखा बिलारी द्वारा गायत्री महामंत्र जाप, दान तथा समयदान के विषय में बताया। जिसमें माघ मास की मौनी अमावस्या का महत्व ,व्रत स्नान, दान और सत्कर्म के विषय में विस्तार से बताया।
बुधवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक वेदमूर्ति तपो निष्ठा पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य आदि, शक्ति मां गायत्री और शक्ति स्वरूपा माता भगवती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर गायत्री महामंत्र का जाप किया ।गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने माघ मास का वर्णन करते हुए कहा कि यह लोक आस्था का महापर्व है। अमावस्या तिथि जगत के पालनहार श्री हरि भगवान विष्णु को समर्पित है। माघ मास की कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मौनी अमावस्या कहा जाता है। इस दिन मौन धारण करने से मुनि पद की प्राप्ति होती है।



पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन गंगाजल अमृत के समान होता है इसलिए इस दिन अवश्य गंगा स्नान करना चाहिए। संयोग से इस बार महाकुंभ पर्व का भी संयोग है। गंगा स्नान से सभी कष्टों का निवारण होता है। श्री आचार्य ने आगे कहा कि बहुत से साधक इस दिन मौन व्रत का पालन करते हैं। मौन व्रत रखना संभव नहीं हो तो वे अपने मुख से किसी को कटु वचन नहीं कहते । मौन रहकर मन पर भी नियंत्रण पाया जा सकता है। मन को नियंत्रित कर ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ती है। गुरु व संतों के सानिध्य और ज्ञान लाभ से अपनी संस्कृति का भी बोध होता है। इसी बीच विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 1 घंटे गायत्री महामंत्र का जाप किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुषमा राघव, कुमारी सजल राघव, कुमारी ज्योति, संगीता रानी, माया कुमारी, मगन, सलोनी, प्रियंका, आकांक्षा, राधा, सोनी, हीरावती ,अनिल चौहान,आदित्य राघव, शिवम चौहान, वीरेश सागर, शिवम कुमार ,अनिकेत, अंकित कुमार, श्याम, अजय कुमार, चिंटू बाबू ,दीपू ,मोहित कुमार, जितेंद्र आदि सहित अनेकों छात्र छात्राओं ने भाग लिया ।

## प्रयागराज महाकुंभ मेले में भगदड़ के कारण श्रद्धालुओं की आकस्मिक मृत्यु पर गहरा दुःख एवं 2 मिनट का मौन धारण किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बजरंगबली सनातन सेवा समिति कि आज शाम नगर के संतोष फिजियोथैरेपी सेंटर पर हुई बैठक में प्रयागराज महाकुंभ के मेले में अफरा- तफरी भगदड़ के कारण श्रद्धालुओं की आकस्मिक मृत्यु गहरा दुःख एवं शोक संवेदनाएं व्यक्त की गई और मृतकों के परिवार वालों को एक करोड़ का मुआवजा देने की मांग की गई'समिति के सभी सदस्यों ने 2 मिनट का मौन धारण करके गंगा मैया एवं भगवान भोलेनाथ से उन्की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की । इस अवसर पर डॉ अशोक चौहान, पंडित प्रिंस शर्मा, डॉ नेपाल सिंह, डॉ कमल आर्य, प्रमोद कुमार, एडवोकेट महेंद्र सिंह प्रजापति, प्रिंस कुमार, अंबरीश शर्मा, मनु यादव, अमित कुमार, धीरज सिंह, प्रिंस शर्मा, सुरेन्द्र सैनी, मुकुल शर्मा, , आदर्श शर्मा आदि मौजूद थे ।

## गरीब बच्चों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य : प्रियंका चौधरी

# बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए गर्म टोपी का किया वितरण






**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर (द्वितीय) में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रियंका चौधरी के द्वारा सभी बालक बालिकाओं को सर्दी से बचाने के लिए गर्म टोपी वितरण किया गया' इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है उन्होंने समाज के संपन्न लोगों से गरीब लोगों की सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया' स्कूल की प्रधान अध्यापिका प्रियंका चौधरी ने अपने खर्चे से करीब 250बच्चों को टोपी का वितरण किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ( एसएमसी) मोहम्मद सलमान बच्चों के अभिभावक गण, एवं रोली श्रीवास्तव,आसमा, प्रियंका यादव, हिनाजैदी, मुमताज सबा,पारुल चौधरी, लता, विमल कुमार आदि उपस्थित रहे'

## राजकीय विद्यालयों में प्रयोगात्मक परीक्षाओं में कमियों के लिए डीआईओएस होंगे जिम्मेदार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से हर जिले में प्रयोगात्मक परीक्षा कराने वाले विद्यालयों के सापेक्ष रैंडम आधार पर पांच फीसदी विद्यालयों का ऑडिट कराया जाएगा। इसमें किसी प्रतिकूल तथ्य या अनियमितता मिलने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को पत्र जारी कर प्रयोगात्मक परीक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए विद्यालय में प्रयोगशाला, आवश्यक उपकरण एवं सामग्री का अभाव होने पर किसी दूसरे निकटतम संसाधनयुक्त विद्यालय में प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराई जाएं और इसकी सूचना समय से संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए।राजकीय विद्यालय में संसाधनों के अभाव के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) स्वयं उत्तरदायी होंगे और अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में संसाधनों की कमी होने पर डीआईओएस संबंधित विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेंगे। वित्तविहीन विद्यालयों में यह स्थिति आने पर विद्यालय की मान्यता निरस्त कर दी जाएगी। वर्ष 2025 की इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं मंडलवार परीक्षकों को अपलोड करनी होगी फोटोवाह्य परीक्षकों को मोबाइल ऐप के उपयोग से जिओ लोकेशनयुक्त फोटो अपलोड करनी होगी और परीक्षा वाले दिन ही पोर्टल पर प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक अपलोड करने होंगे। आंतरिक परीक्षकों को भी अपने विद्यालय की लॉगइन आईडी से परिषद की वेबसाइट पर प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक उसी दिन अनिवार्य रूप से अपलोड करने होंगे। यूपी बोर्ड ने इस प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रयोगात्मक परीक्षा के पर्यवेक्षण के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए जाएंगे।परीक्षक पर दबाव बनाया तो कारावास व जुमार्ना:यदि कोई प्रयोगात्मक परीक्षक पर किसी भी प्रकार का अनुचित दबाव बनाता या प्रलोभन देता है तो उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 की धारा-नौ के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसमें न्यूनतम तीन वर्ष का कारावास (जिसे 10 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है) और तीन लाख रुपये जुमार्ने (जिसे 10 लाख रुपये तक बढ़ाया जा सकता है) का प्रावधान है। प्रथम चरण में एक से आठ फरवरी और दूसरे चरण में नौ से 16 फरवरी तक होंगी।सचिव ने निर्देश दिए हैं कि प्रयोगात्मक परीक्षाएं अनिवार्य रूप से वॉयस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही कराई जाएंगी और इसकी रिकॉर्डिंग विद्यालयों के प्रधानाचार्य अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

**जागरूक**

## एएम पब्लिक स्कूल में दंत सुरक्षा के प्रति बच्चों को जागरूक किया

# दांतों की सुरक्षा से निरोग रहता है शरीर: शाह आलम रौनक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** रामनगर मझरा स्थित एएम पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों को दांतों की साफ सफाई हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को दंत सुरक्षा बनाए रहने की

**कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मी सोनू ,शिवांगी,सोनम,गौरी मिश्रा ने बच्चों को खाने के बाद पूर्ण रूप से दांत स्वच्छ रखकर स्वस्थ रहने के लिए भी बहुत से टिप्स भी दिए। स्वच्छता कार्यक्रम में उनकी टीम भी शामिल रहीं**

शपथ दिलाई गई और दांतों की साफ सफाई की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने दांतों की स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। दांतों की स्वच्छता से बहुत सी बीमारियों को भगाया जा सकता है। दांतों को अस्वच्छ रहने वाले बच्चों को कोई पसंद नहीं करता। यदि हम दांतों को स्वच्छ रखेंगे तो विभिन्न बीमारियों से सुरक्षित रहेंगे।
दांतों की सुरक्षा से ही शरीर निरोग रहता है। बच्चों को सदैव स्वच्छ रहने हेतु प्रेरित किया और स्कूली बच्चों को स्वच्छ रहने हेतु शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के उपरांत बच्चों को टूथपेस्ट और ब्रश निःशुल्क वितरित कर प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मी सोनू ,शिवांगी,सोनम,गौरी मिश्रा ने बच्चों को खाने के बाद पूर्ण रूप से दांत स्वच्छ रखकर स्वस्थ रहने के लिए भी बहुत से टिप्स भी दिए। स्वच्छता कार्यक्रम में उनकी टीम भी शामिल रहीं। इस अवसर पर पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी,प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक, अभिनव सैनी, गिरिराज सिंह, अनुज कुमार, मोहम्मद दानिश, प्रीति चतुर्वेदी, ज्योति सैनी, इंशा परवीन, डॉली गौतम, एमन परवीन, सुखविंदर कौर, वैष्णवी, कशिश, शिवानी, आफरीन, ईशा परवीन आदि शामिल रहे। अंत में प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने स्वास्थ्य टीम का आभार व्यक्त किया।




## छोटी दूरी के लिए "शटल सेवा शुरू करेगा रेलवे"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** छोटी दूरी के लिए जनरल टिकट पर सफर करने वाले यात्रियों को रेलवे सौगात देने जा रहा है। अप्रैल से शटल ट्रेनें शुरू करने की प्लानिंग बनाई जा रही है। इसकी चर्चा पिछले रेल बजट में हो चुकी है। इसके बाद से ही मंडलीय अधिकारियों ने मुरादाबाद-लखनऊ, मुरादाबाद-सहारनपुर आदि मार्गों पर ट्रेनों के प्रस्ताव बनाए। अब बहुत जल्द इन्हें पटरियों पर उतरते देखा जा सकेगा। रेलवे नवंबर 2024 से लगातार स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रहा है। गंगा स्नान, दिवाली, छठ पूजा के बाद अब कुंभ के लिए संचालन किया जा रहा है। इसके बाद छोटी दूरी की ट्रेनों को शुरू करने के लिए प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई। अप्रैल से शटल ट्रेनों को शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। यह ट्रेनें 250 किलोमीटर तक की दूरी कवर करेंगी।
फिलहाल मंडल में चंदौसी ऋषिकेश, मुरादाबाद- दिल्ली, रोजा-सीतापुर, मुरादाबाद-बरेली, मुरादाबाद-नजीबाबाद, गजरौला अलीगढ़, मुरादाबाद-रामनगर के बीच पैसेंजर ट्रेनों का संचालन हो रहा है।
वहीं कोरोना काल के बाद से पांच पैसेंजर ट्रेनें स्थायी रूप से बंद हैं। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता का कहना है कि छोटी दूरी की पैसेंजर (शटल) ट्रेनें चलाने के लिए तैयारी का जा रही है। होली के बाद इनकी घोषणा हो सकती है। इससे रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को काफी सहूलियत होगी।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# अर्शी भारती की अदाओं ने जीते दिल, 90 सेकेंड की प्रेम कहानियों का डिजिटल की दुनिया में नया धमाका




अभिनेत्री अर्शी भारती इन दिनों ओटीटी की नई सेंसेशन हैं। इसकी वजह है ओटीटी का वह प्रयोग जिसमें एफएम चैनलों की तरह कहानी को 90 सेकंड में कहने का जोर पकड़ रहा है। अर्शी भारती ने जब से अपने सोशल मीडिया पर अपनी डेब्यू सीरीज 'दिल तू जान तूइ का ट्रेलर साझा किया है, इस नए विचार की पूरे मुंबई मनोरंजन जगत में चचाएं हो रही हैं। वर्टिकल फॉर्मेट में बनी इस सीरीज से ही अर्शी का ओटीटी डेब्यू हो रहा है। छोटे परदे पर अर्शी भारती खूब कमाल दिखा चुकी हैं। व्हिसलिंग वूड्स इंटरनेशनल से निकलने के बाद अर्शी ने किशोर नमित कपूर के यहां से भी एक्टिंग का डिप्लोमा कोर्स किया और अपने पहले ही मौके में वह दर्शकों को आकर्षित करने में कामयाब रहीं। अर्शी को पहला मौका निर्देशक आशुतोष गोवारिकर की फिल्म 'पानीपतइ में कैमरे के सामने पहला ब्रेक मिला। इस फिल्म में वह कृति सैनन की सखी बनी हैं। और, इसके बाद जब वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्माइ में दिखीं तो लोग बस उन्हें देखते ही रह गए। अर्शी बताती हैं, 'मैंने सोनी टीवी का शो 'बरसातें प्यार काइ किया तो मेरे पास बहुत सारे फोन आए। इसमें मैंने शिवांगी जोशी की दोस्त का किरदार निभाया है। अभिनय और किरदार का रोमांच मुझे एक और स्तर ऊपर ले गया स्टार प्लस के शो 'रब राखा में जिसमें मुझे एक को पायलट का किरदार करने का मौका मिला। अर्शी आवाज की दुनिया में भी अच्छी पहचान बना रही है और उनकी आवाज कई ओटीटी सीरीज और फिल्मों में बतौर वॉयस आर्टिस्ट सुनाई देने लगी है।

वेब सीरीज 'दिल तू जान तू का जिक्र चलने पर वह बताती हैं, 'ये मेरी पहली ओटीटी सीरीज है। मान सकते हैं कि ये मेरा ओटीटी डेब्यू है। लेकिन, उससे भी बड़ी बात ये है कि ये देश में ओटीटी पर वर्टिकल सीरीज और सिर्फ डेढ़ मिनट यानी 90 सेकेंड में कहानी कहने की परंपरा को मजबूती दे रही है। इसके पहले नौ एपिसोड ओटीटी रीलीज पर जारी हो चुके हैं, अगले नौ एपिसोड अगले हफ्ते रिलीज होने वाले हैं। आमतौर पर ओटीटी पर दिखने वाली कहानियां क्षैतिजाकार (हॉरिजॉन्टल) तरीके से शूट की जाती है यानी कि वीडियो देखने के लिए मोबाइल को घुमाकर पकड़ना होता है। पर अब अमेरिका में कुछ ऐसे ओटीटी की खूब धूम मची है जिनमें वीडियो उध्वार्कार (वर्टिकल) तरीके से शूट किए जा रहे हैं। रीलीज ओटीटी की पहचान इन्हीं वर्टिकल वीडियो सीरीज के चलते बनती दिख रही है। इसमें एपिसोड भी छोटे छोटे रखे जा रहे हैं।

# स्काई फोर्स ने 3 दिनों में 90 करोड़ से ज्यादा की कमाई, सूर्यवंशी को पछाड़ा, बॉक्स ऑफिस पर छाए अक्षय

अक्षय कुमार और वीर पहारिया की एक्शन ड्रामा स्काई फोर्स ने अपने शुरूआती वीकेंड में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरूआत की. ओपनिंग डे के बाद भारत के पहले और सबसे घातक हवाई हमले की अनकही कहानी के रूप में प्रचारित इस फिल्म के कलेक्शन में उछाल देखी गई. गणतंत्र दिवस के वेकेशन का लाभ उठाते हुए अपने पहले तीन दिनों में स्काई फोर्स ने 90 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. साथ ही, अक्षय कुमार ने सूर्यवंशी को पछाड़ अपना बेस्ट वीकेंड कलेक्शन की लिस्ट में इसे शामिल कर लिया ह।

मेकर्स के अनुसार, स्काई फोर्स ने बॉक्स ऑफिस पर अपने पहले 2 दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया. पहले दिन अक्षय कुमार की



फिल्म ने 15.30 करोड़ रुपये के साथ ओपनिंग की है. वहीं, दूसरे दिन फिल्म के कलेक्शन लगभग डेढ़ गुना उछाल देखा गया. पहले शनिवार को स्काई फोर्स ने 26.30 करोड़ रुपये कमाए. दो दिनों में स्काई फोर्स ने 42 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है। मेकर्स के लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, स्काई फोर्स ने सभी भाषाओं (शुरूआती अनुमान) में अपने रिलीज के तीसरे दिन भारत में लगभग 31.60 करोड़ रुपये की कमाई की है. इस तरह 100 करोड़ी क्लब की ओर बढ़ते हुए फिल्म ने मात्र 3 दिनों में 92.90 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है। 75वें गणतंत्र दिवस का उत्साह बॉलीवुड खिलाड़ी अक्षय कुमार के लिए एक बड़ी हिट बन गया है. 26 जनवरी को एक्टर ने 25 अक्टूबर, 2022 को रिलीज हुई सूर्यवंशी को पछाड़कर बेस्ट वीकेंड कलेक्शन लिस्ट में स्काई फोर्स को जोड़ा है. आंकड़ों के अनुसार, सूर्यवंशी फिल्म ने पहले वीकेंड पर 77.08 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था.। रिपोर्ट के मुताबिक, पहले वीकेंड में 50 करोड़ से ज्यादा करने वाली अक्षय कुमार की सुपरहिट फिल्मों की लिस्ट में मिशन मंगल (97.56 करोड़ रुपये), केसरी (78.07 करोड़ रुपये), 2.0 (97.25 करोड़ रुपये), गोल्ड (70.05 करोड़ रुपये) राम सेतु (55.48), सूर्यवंशी (77.08) गुड न्यूज (65.99), टायलेट - एक प्रेम कथा (51.45 करोड़ रुपये) जैसी कई फिल्में शामिल है।

# बनारसी साड़ी पहन मृणाल ठाकुर ने दिखाईं दिलकश अदाएं, एक्ट्रेस की शोख अदाओं पर दिल हार गए फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक में फोटोशूट की बेहद ही ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि



लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

एक्ट्रेस की लेटेस्ट फोटोशूट की गई तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने पर्पल कलर की फ्लोरल लुक में साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं।

कानों में इयररिंग्स, हाथों में कंगन, माथे पर बिंदी, बालों का जुड़ा बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- आप कितनी सुंदर हैं। तीसरे यूजर ने लिखा है- बोल्ड एंड ब्यूटिफुल।

# पुष्पा 2 की ओटीटी रिलीज की तारीख हुई तय, 30 जनवरी से नेटफ्लिक्स फिल्म के साथ मिलेगा सरप्राइज

अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा 2: द रूल 5 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रिलीज के बाद फिल्म ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों की कमाई की। सुकुमार द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी है। अब पुष्पा 2 ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार है।

हाल ही में रिलीज हुए रीलोडेड संस्करण में 20 मिनट का मनोरंजक फुटेज शामिल किया गया है। फिल्म को लेकर अब खबर आई है कि यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। कथित तौर पर पुष्पा 2 ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। 30 जनवरी, 2025 से स्ट्रीम करने के लिए तैयार, यह फिल्म पूरे 3 घंटे 44 मिनट की होगी, जिसमें 20 मिनट का अतिरिक्त फुटेज शामिल किया गया है। फिल्म कई भाषाओं में स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।

अल्लू अर्जुन के जो प्रशंसक इस फिल्म को बड़े पर्दे



पर देखने से चूक गए हैं वह ओटीटी पर इसका बेहतर वर्शन देख सकते हैं। वहीं अब देखना यह है कि सिनेमाघरों के बाद यह फिल्म डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कैसा प्रदर्शन करेगी।

पुष्पा 2 द रूल में अल्लू अर्जुन के अलावा रश्मिका मंदाना, फहद फासिल, राव रमेश, जगपति बाबू, अनसूया भारद्वाज और सुनील सहित कई कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई है।

माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित, इस अखिल भारतीय फिल्म पुष्पा 2 में देवी श्री प्रसाद का संगीत है। फिल्म में अल्लू के साथ साउथ अभिनेत्री श्रीलीला का आइटम सॉन्ग भी खूब चर्चा में रहा। अब देखना यह है कि सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर यह फिल्म क्या कमाल दिखाती है।

# नाक की एलर्जी का किन लोगों को सबसे ज्यादा रहता खतरा ? लक्षण दिखते ही हो जाएं सावधान

बदलते मौसम में कई लोगों को अस्थमा, सीओपीडी और ब्रोंकाइटिस जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. दिन में धूप और रात में ठंड होने से कई लोगों को जुकाम-खांसी हो जाती है. वहीं कई लोग नाक की एलर्जी से परेशान रहते हैं. इन्हें बार-बार छींक आना और साइनस जैसी परेशानी होने लगती हैं. आमतौर पर माना जाता है कि यह एलर्जी किसी को भी हो सकती है, लेकिन ऐसा नहीं है. कुछ लोगों को ये दिक्कत ज्यादा होती है. नाक की एलर्जी का किन लोगों को सबसे ज्यादा खतरा रहता है? आइए जानते हैं इसके बारे में.



**नाक की एलर्जी का रिस्क किसको ज्यादा ?**

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार हर व्यक्ति के शरीर में माइक्रोबायोम होता है. जिन लोगों में ये बिगड़ जाता है तो इससे नाक की एलर्जी होने का रिस्क ज्यादा होता है. माइक्रोबायोम और एलर्जी का संबंध यह है कि शरीर में माइक्रोबायोम का असंतुलन होने से माइक्रोबायोम में अच्छे और बुरे बैक्टीरिया का संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है और इंफेक्शन का रिस्क बढ़ जाता है।

**नाक की एलर्जी होने पर दिखते हैं ये लक्षण**

नाक की एलर्जी होने पर लोगों को छींक आना शुरू हो जाता है. नाक बंद हो जाती है. आंखों में जलन और लालिमा होती है. नाक से पानी बहना शुरू हो जाता है. सिरदर्द और सांस संबंधी परेशानियां होने लगती हैं।

**नाक की एलर्जी होने पर एंटीबायोटिक लेना चाहिए या सही**

कुछ लोग नाक की हल्की एलर्जी होने पर भी एंटीबायोटिक की दवा खा लेते हैं, लेकिन ये सही है या नहीं ? एक्सपर्ट के मुताबिक इस तरह एंटीबायोटिक दवा लेना सेहत के लिए अच्छी नहीं है. ज्यादा एंटीबायोटिक खाने से शरीर में एंटीबायोटिक रजिस्टेंस हो सकता है.

**नाक की एलर्जी से बचने के लिए क्या करें ?**

खुद से एलर्जी की दवा न लें.

नियमित रूप से नाक की सफाई करें.

बाहर जाते समय मास्क लगाएं

एलर्जी की जांच करें और डॉक्टर की सलाह लें

माइक्रोबायोम की जांच करें और डॉक्टर की सलाह लें।

# किसी के गुदगुदी करने पर अपनी हंसी क्यों नहीं रोक पाते हैं हम ? जानें रोचक फैक्ट्स

गुदगुदी जिसका नाम सुनकर या पढ़कर सिर्फ हंसता हुआ चेहरा ही ध्यान आता है. क्या आपने कभी ये सोचा है कि जब हमें कोई गुदगुदी करता है तो हम अपनी हंसी क्यों नहीं रोक पाते हैं? किसी-किसी को तो इतनी गुदगुदी होती है कि जरा सा हाथ लगाने पर ही वह हंसने लगता है.वहीं किसी का हाल तो ऐसा होता है कि दूर से ही कोई इशारा कर दे तो भी चेहरे पर मुस्कान आ जाती है.लेकिन अगर हम खुद से अपने आप को गुदगुदी करें तो हमें कुछ भी महसूस नहीं होता है. वैज्ञानिकों ने इसके कारणों का पता लगाया है. आइए जानते हैं इसके बारे में.

**किसी के छूने से क्यों होती है गुदगुदी ?**

वैज्ञानिकों के अनुसार गुदगुदी दो तरह की होती है. एक निसमेसिस और दूसरी गागार्लेसिस. गुदगुदी का संबंध हमारी स्किन और टचिंग से होता है. हमारे शरीर की सबसे बाहरी परत को एपिडर्मिस कहते हैं.



इसमें कई नसें जुड़ी होती हैं. जब स्किन को कोई छूता है तो दिमाग में दो संदेश जाते हैं एक टचिंग और दूसरा आनंद. निसमेसिस में जब कोई स्किन को हल्के से छूता है तो ये संदेश कोशिकाएं मस्तिष्क को भेजती हैं और हमें हंसी आने लगती है. वहीं गागार्लेसिस में पेट या गले को छूने पर हंसी आती है.

**गुदगुदी होने पर सिर्फ हंसी ही क्यों आती है ?**


अब इस सवाल का जवाब भी जान लेते हैं. गुदगुदी का असर हमारे माइंड के साथ नर्वस सिस्टम पर भी पड़ता है. जब कोई हमारी स्किन को हल्के हाथ से छूता है, तो नर्वस सिस्टम को सिग्नल मिलते हैं और हमें हंसी आने लगती है।

# रवि तेजा फैंस को मिला बड़ा तोहफा, फिल्म मास जतारा का टीजर जारी

साउथ अभिनेता रवि तेजा के जन्मदिन के मौके पर उनकी आगामी फिल्म मास जतारा का दमदार टीजर जारी हो गया है, जिसमें अभिनेता पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आ रहे हैं।

वे अपनी आगामी फिल्म मास जतारा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अब अभिनेता के जन्मदिन के खास मौके पर फिल्म के निमार्ताओं ने मास जतारा का दमदार टीजर जारी किया है, जिसमें रवि तेजा की झलक भी देखने को मिली। फिल्म की पहली झलक में रवि तेजा पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाते हुए नजर आ रहे हैं।

टीजर में रवि तेजा को दमदार अंदाज में दिखाया गया है। उन्हें गुंडों से लड़ते हुए जबरदस्त एक्शन सीन्स करते नजर आए। मास जतारा की पहली झलक साझा करते हुए निमार्ताओं ने लिखा, स्वैग। ऊर्जा। वाइब। मास महाराज रवि तेजा एक ऑल राउंड शो देने के लिए यहां हैं। मास जतारा- मास रैम्पेज की झलक अब सामने आई है। मास जतारा में कॉमेडी का तड़का लगाया जाएगा। मास जतारा के जरिए निर्देशन की दुनिया में भानु भोगवरपु ने कदम रखा है, जिन्होंने रवि तेजा को हास्यपूर्ण और मनोरंजक अवतार में प्रभावशाली ढंग से पेश किया है। श्रीलीला ने फिल्म में मुख्य महिला



की भूमिका निभाई है, हालांकि वह टीजर में नहीं दिखाई गई हैं। इस प्रोजेक्ट का निर्माण नागा वामसी और त्रिविक्रम श्रीनिवास के नेतृत्व में सीथारा एंटरटेनमेंट द्वारा बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।

मास जतारा की शूटिंग के दौरान रवि तेजा के दाहिने हाथ की मांसपेशियों में चोट लग गई थी। चोट के बावजूद, अभिनेता ने शूटिंग जारी रखने का फैसला किया और इस फैसले से चोट और गंभीर हो गई। मास जतारा को मूल रूप से संक्रांति 2025 के दौरान रिलीज किया जाना था। हालांकि, फिल्म में देरी होने के कारण इसकी रिलीज टाल दी गई। अब प्रशंसक नई रिलीज डेट का इंतजार कर रहे हैं।

# दिल्ली विधान सभा में डॉ.अवनीश राही के काव्य-संग्रह का लोकार्पण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दिल्ली।** अलीगढ़ के वरिष्ठ एवं प्रख्यात गीतकार डॉ॰ अवनीश राही जहां एक ओर साहित्य की साधना करते हुए जन-मानस की पीड़ा को लिखते हैं वहीं युवा दलों की धड़कनों को सुनकर प्रेम के विविध पहलुओं पर भी अपनी कलम चलाते हैं। इसकी बानगी उनके नये काव्य संग्रह "मेरा मसीहा-मेरा कातिल" में देखने को मिलती है, जिसका विमोचन दिल्ली विधानसभा में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष माननीय राम निवास गोयल जी के कर-कमलों द्वारा भारतीय कृषि वैज्ञानिक एवं साहित्यकार पद्मश्री डॉ. रामचेत चौधरी,टाइकून ऑफ अरुणचाल प्रदेश एलुम गंगकाक एवं आई.एस.आर.एच.ई. चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल शर्मा की गरिमामयी उपस्थित में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग ले रहे दिल्ली विधान सभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने कहा कि गीतकार डॉ.राही के काव्य -संग्रह का काव्य पक्ष जितना मजबूत है उतना ही भाव पक्ष भी। इसमें कोई दोराय नहीं कि ये एक बेजोड़ कवि और कलाकार हैं क्यूँकि मुझे आज भी याद है कि अभी दो माह पूर्व ही इसी दिल्ली विधान सभा में मेरे ही द्वारा इन्हें साहित्य के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान हेतु "भारत विभूषण" की उपाधि से विभूषित किया गया था।

इसी क्रम में मंचासीन विशिष्ट अतिथि पद्मश्री राम चेत चौधरी ने कहा कि गीतकार डॉ.अवनीश राही के काव्य संग्रह मेरा मसीहा-मेरा कातिल के गीत और कविताएं बेहद उम्दा और स्तरीय हैं। अरूणाचल प्रदेश की एलुम गंगकाक व राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल शर्मा ने कहा कि गीतकार डॉ.अवनीश राही के लेखन में विविधता है वो जहाँ एक तरफ समाजिक कुरितायों और विषमताओं पर कलम चलाते हैं तो वहीं दूसरी ओर युवा धडकनों के भी गीत लिखते हैं।अन्त में सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए गीतकार डॉ.अवनीश राही ने कहा कि यह काव्य-संग्रह "मेरा मसीहा मेरा कातिल" श्रृंगार रस की बगिया के संयोग-वियोग के मानिद फूलों से सजा गुलदस्ता है। रवीना प्रकाशन नई दिल्ली से प्रकाशित है यह काव्य-संग्रह अमेजन और फिलिप कार्ड पर भी उपलब्ध है।



# प्रगति यात्रा क्रम में पूर्णिया विधान सभा वासियों को दर्जन भर योजना की सौगात दिए जाने पर सदर विधायक विजय खेमका ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पूर्णिया।** प्रगति यात्रा क्रम में पूर्णिया विधान सभा वासियों को दर्जन भर योजना की सौगात दिए जाने पर सदर विधायक विजय खेमका ने मुख्यमंत्री नितीश कुमार तथा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आभार व्यक्त किया है` विधायक ने कहा पूर्णिया में 3.57 एकड़ जमीन में 38.57 करोड़ की राशि से अंतराजीय बस अड्डा तथा रंगभूमि मैदान में खिलाड़ियों के लिए सात एकड़ में 42 करोड़ से स्पोर्ट्स कोम्प्लेस का निर्माण शीघ्र शुरू होगा` माँ पूरण देवी मंदिर में पर्यटकीय सुविधा तथा रल्ट-60 से मंदिर तक अलग सड़क का निर्माण होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा` पोलीटेक्निक चौक से लाईन बाजार बाईपास सड़क का निर्माण शुरू है तथा रल्ट-60 टक्ळ नहर से भुटाहा मोड़ तक बाईपास सड़क की सुविधा से आवागमन काफी आसान होगा` स्ट्रोम ड्रेनेज वाटर सिस्टम से 87 करोड़ की राशि से पांच बड़े नाले का निर्माण होने से शहर में जल निकासी आसान से होगी` विधायक ने कहा केन्द्रीय कारा में 132 कैदी बैरक, पूर्णिया पूर्व प्रखंड एवं अंचल को नया भवन, पूर्णिया विश्व विद्यालय अंतर्गत 37 एकड़ में 183 करोड़ से एकेडमिक-प्रशासनिक-परीक्षा भवन का निर्माण होगा ` मुख्यमंत्री जी ने जिला समाहरणालय में पालनाघर तथा आधुनिक सभागार के साथ कई अन्य विभाग के भवन का भी उद्घाटन किया` विधायक ने कहा एनडीए की सरकार में पूर्णिया प्रगति पथ पर अग्रसर है तथा पूर्णिया को विकसित पूर्णिया बनाना मेरा संकल्प है ।



# राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा साइकलिस्ट दिखाएंगे अपना दमखम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** । भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित 38 वे राष्ट्रीय खेलों का आयोजन उत्तराखंड में किया जा रहा है इन खेलों में हरियाणा साइकलिंग टीम के खिलाड़ी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए तैयार है हरियाणा राज्य साइकलिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 जनवरी से रोड साइकलिंग में हरियाणा के साइकिलिस्ट अपना दम कम दिखाएंगे। वही ट्रैक तथा माउंटेन बाइक इवेंट में भी हरियाणा के साइकिलिस्ट अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए तैयार है ।

उन्होंने बताया कि इन तीनों इवेंट में हरियाणा के 30 साइकलिस्ट हिस्सा लेंगे जबकि तीनो टीमें अपने प्रशिक्षको तथा प्रबंधको के साथ रवानगी करेंगी। उन्होंने हरियाणा सरकार की सरहाना करते हुए कहा कि सरकार खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा रही है और अच्छी खेल नीति के तहत आज हरियाणा के खिलाड़ी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन भी कर रहे हैं। वहीं उन्होंने बताया कि हरियाणा ओलंपिक संघ एवं खेल विभाग हरियाणा मिलकर इस आयोजन में अपनी भूमिका निभा रहा है एमटीवी साइकलिंग में खिलाड़ी के रूप में सिवेन रिंकी भारती और नीति रानी का चयन किया गया है जबकि इस टीम के साथ प्रबंधक देवेंद्र सिंह प्रशिक्षक सोमवीर तथा नेहा सैनी जाएगी ,रोड इवेंट में खिलाड़ी रमन पुनीत मनजीत कुमार हिमांशी निशा मीनाक्षी अंशु देवी रुचिका तथा मनजीत कुमार होंगे वहीं टीम प्रबंधन के रूप में जगदीश चंद्र प्रशिक्षक अशोक कुमार सुमन तथा मैकेनिक की भूमिका में निर्मल सिंह जाएंगे। ट्रैक इवेंट में खिलाडी अनिल मंगलाव नीरज कुमार सुशांत मनजीत कुमार गौतम रितेश कौशिक रणजीत सिंह जितेंद्र अहलावत हिमांशी सिंह मीनाक्षी पारुल निशा ज्योति अंशु देवी होगी इस टीम के प्रबंधक सुनील कुमार प्रशिक्षक पंजाब सिंह ओंकार सिंह जगजीत कौर तथा मैकेनिक अक्षित वर्मा होंगे। हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पूर्व मंत्री संदीप सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई दी और हरियाणा प्रदेश के लिए पदक लाने का भी आह्वान किया हरियाणा साईकलिंग संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर हरियाणा टीम के मुख्य कंटिजेंट के रूप में जाएंगे।



# आईईडब्ल्यू 2025, विश्व स्तर पर ऊर्जा क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा आयोजन होगा: हरदीप एस पुरी

**मुंबई।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज मुंबई में कहा कि भारत ऊर्जा सप्ताह यानि इंडिया एनर्जी वीक (आईईडब्ल्यू) 2025 का आयोजन एक लाख वर्ग मीटर में फैला है। भागीदारी, प्रदर्शनी स्थल और सत्रों के संदर्भ में यह विश्व स्तर पर ऊर्जा क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा आयोजन होगा।

11-14 फरवरी, 2025 को नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि में आयोजित होने वाले आईईडब्ल्यू 2025 में मंत्रियों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के दिग्गजों की अद्वितीय वैश्विक भागीदारी होगी, जो ऊर्जा क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगा।

मीडिया से बातचीत करते हुए, पुरी ने आईईडब्ल्यू 2025 के दौरान आयोजित होने वाले स्वच्छ पाक कला मंत्रिस्तरीय सम्मेलन पर प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम स्वच्छ पाक कला से जुड़े समाधानों को वैश्विक स्तर पर तेजी से अपनाने में सहयोगात्मक प्रयासों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा। भारत की अत्यधिक सफल प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) ऊर्जा पहुंच से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक वैश्विक टेम्पलेट के रूप में मूल्यवान अंतर्दृष्टि और सर्वोत्तम प्रणालियों को प्रदर्शित करते हुए केंद्र में रहेगी।



आईईडब्ल्यू 2025 पिछले आयोजनों की तुलना में व्यापकता और भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल करने के लिए तैयार है। प्रदर्शनी स्थल 65 प्रतिशत बढ़कर 28,000 वर्ग मीटर किया जाएगा, जबकि सम्मेलन सत्रों की संख्या बढ़कर 105 की जाएगी और वैश्विक प्रतिनिधि 70,000 से अधिक होंगे। प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हस्तियों सहित 500 से अधिक वक्ता इसमें भाग लेंगे, जो इस आयोजन के बढ़ते वैश्विक महत्व को दर्शाता है। सम्मेलन में अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, जापान, जर्मनी और नीदरलैंड जैसे 10 प्रमुख देशों के कंट्री पैवेलियन भी होंगे। इसके साथ ही हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा, जैव ईंधन और पेट्रोकेमिकल्स पर ध्यान केंद्रित करने वाले आठ विषयगत क्षेत्र भी इसमें शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में 20 से अधिक विदेशी ऊर्जा मंत्री या उप मंत्री, अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख और फॉर्च्यून 500 ऊर्जा कंपनियों के 90 सीईओ भाग लेंगे। यह वैश्विक ऊर्जा संक्रमण संवाद को आकार देने में भारत के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।

# अवैध निर्माण और घटिया सामग्री से बनी इमारत के गिरने पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** राजधानी दिल्ली में घटिया सामग्री से अवैध निर्माण एमसीडी की रिश्वतखोरी के कारण फल फूल रहा है। घटिया सामग्री से अवैध निर्माण से आए दिन हादसे हो रहे हैं उसके बाद भी दिल्ली नगर निगम के कानों पर जून नहीं रंग रही है। रिश्वतखोरी के गरम बाजार के कारण बिना नक्शे के घटिया सामग्री से जो अवैध निर्माण किया जा रहे हैं उनसे आए दिन हादसे हो रहे हैं । बीते सोमवार को एक न्यू निमार्णाधीन बिल्डिंग के गिरने से कई लोगों की मृत्यु हो गई थी जिसमें बचाव राहत कर्मी जेसीबी और अन्य मशीनों के द्वारा लोगों को बचाने में लगे हुए थे। उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी स्थित कौशिक एंक्लेव में सोमवार शाम चार मंजिला इमारत के जमींदोज होने से दो नाबालिगों बहनों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। राहत और बचाव कार्य के दौरान मंगलवार को इनके शव मलबे से निकाले गए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मलबे में अभी कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका है। दिल्ली पुलिस, दमकल विभाग, एनडीआरएफ, डीडीएमए, नगर निगम के अलावा बाकी एजेंसियां मलबा हटाने में जुटे हैं। वहीं हादसे में घायल चार लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे में घायल 12 लोगों का एलएनजेपी, ट्रामा सेंटर और बुराड़ी के सरकारी अस्पताल में इलाज जारी है। उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बंठिया ने बताया कि बिल्डर योगेंद्र भाटी व अन्यों के खिलाफ गैर इरातन हत्या व गैर इरातन हत्या के प्रयास (105/110/3(5)इठर) का मामला दर्ज किया गया है। मंगलवार शाम उसको गिरफ्तार कर लिया गया। मंगलवार को क्राइम टीम के अलावा एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। मंगलवार को घटना स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। जिला पुलिस उपायुक्तने बताया कि मृतकों की शिनाख्त बुंदेलखंड, मध्य प्रदेश निवासी राधिका (7), इसकी बहन साधना (17), अनिल कुमार गुप्ता (42), भागलपुर, बिहार निवासी कादिर (40) और सरफराज (20) के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर सब्जी मंडी मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। परिजनों के आने पर बुधवार को पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कौशिक एंक्लेव की गली नंबर-23 में योगेंद्र भाटी नामक बिल्डर का 200 गज का मकान था। मकान पहले से एक मंजिल बना था। आरोप है कि बिल्डर ने उसी पुराने कंस्ट्रेक्शन पर चार मंजिला इमारत खड़ी थी। पिछले करीब एक साल से काम चल रहा था। अभी फिनिशिंग का काम चल रहा था। काम करने वाले सभी मजदूर इसी निमार्णाधीन इमारत में रह रहे थे। इस बीच सोमवार शाम करीब 6.30 बजे पूरी इमारत ताश के पत्तों की तरह जमींदोज हो गई। 6.58 बजे पीसीआर कॉल कर पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी गई। मौके पर बचाव दल पहुंचा। मंगलवार हादसे के 30 घंटे बाद भी राहत और बचाव कार्य जारी है।दो जेसीडी, एक क्रेन, एनडीआरएफ और डीडीएमए की टीमें आधुनिक उपकरणों की मदद से मलबे में दबे लोगों का पता लगाने का प्रयास कर रही हैं। घटना स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल है। पुलिस ने एरिया को बैरिकेडिंग कर चारों ओर से घेरा हुआ है। सुबह से रात तक घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुटी रही। पुलिसकर्मी दिनभर लोगों को वहां से हटाते रहे। बचाव दल के अलावा कैट्स एंबुलेंस की गाड़ियां दिनभर वहां मौजूद रहीं।



# डिबाई वन दरोगा का रिश्वत लेने का ऑडियो वायरल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नरौरा।** वन क्षेत्र के डिबाई हल्के पर तैनात है आरोपी दरोगा सतेंद्र वायरल ऑडियो में लकड़कट्टों की मदद करने की बात स्वीकारते सुनाई दे रहे हैं ।

डिबाई हल्का इंचार्ज सतेंद्र ठेकदार द्वारा एक पेड़ काटने के लिए 10,000 रुपए लेने के आरोप पर बेशर्मी साधे हुए सुनाई दे रहे है।

सूत्रों के अनुसार लगभग तीन माह पूर्व भी ग्राम सतोहा के लकड़कट्टे पर 6000 रुपए का जुमार्ना लगा कर 16000 रुपए वसूलने के आरोपी रह चुके हैं सतेंद्र वर्तमान में डिबाई क्षेत्र के कुमरौआ गांव में लकड़ी माफिया द्वारा 198 पेड़ों की परमिशन की आड़ में 384 पेड़ काटे जाने की शिकायत पर बौखला उठे सतेंद्र वायरल ऑडियो।



# ख्यातिनाम साहित्यकार डॉ मीनू पांडेय साहित्य कला रत्न सम्मान से सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय ख्यातिनाम साहित्यकार, शिक्षाविद् एवं आरणी चैरिटेबल फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ.मीनू पांडेय को उत्कृष्ट साहित्यिक सृजन के लिए साहित्य कला रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया।

अखिल भारतीय कला मंदिर, भोपाल के 74 वे वार्षिक अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रघुनन्दन शर्मा, विशिष्ट अतिथि उल्लास तैलंग एवं संस्था प्रमुख डॉ गौरीशंकर शर्मा गौरीश ने डॉ. मीनू पांडेय नयन को उनकी कृति, 'देव तुम्हारे लिए' के लिए स्व.श्री वागमल पवैया स्मृति साहित्य कला रत्न (पद्य) सम्मान 2024 से सम्मानित किया । विदित हो कि डॉ .मीनू पांडे नयन की अभी तक 24 पुस्तके प्रकाशित हो चुकी है। इनकी पुस्तक 'बुंदेली बतरस' काफी चर्चा में रही, जिसे साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश एवं हिन्दी राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। डॉ.मीनू पांडेय को साहित्यिक क्षेत्र में पूर्व में भी अनेक अवार्ड,उपाधियों से सम्मानित किया जा चुका है।



# नई दिल्ली वर्ल्ड बुक फेयर 2025 के लिए उत्साहित है प्रकाशक दिनेश वर्मा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** इस बार विश्व पुस्तक मेला न केवल भारत के गणतंत्र दिवस के 75 वर्ष के जश्न का हिस्सा बनेगा, बल्कि इसे और खास बनाएंगे देश-विदेश के जाने-माने पब्लिशर्स। आयोजन स्थल भारत मंडपम में नवनिर्मित हॉल में 1 फरवरी से 9 फरवरी 2025 तक चलने वाले इस 9-दिवसीय मेले के लिए पब्लिशर्स बेहद उत्साहित हैं। नई दिल्ली वर्ल्ड बुक फेयर 2025 में इस बार की थीम रिपब्लिक@75 है, जो इस देश के गणतंत्र के 75 साल होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम मजबूत भारत और राष्ट्र निर्माण में प्रगति को समर्पित है, जिसका उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत के विजन को पूरा करना है। इस थीम का स्लोगन है हम भारत के लोग।

पेनडाउन प्रेस, जो बिजनेस मालिकों और विशेषज्ञों को उनकी किताबें लिखने, प्रकाशित करने और प्रमोट करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, इस मेले में अपने प्रीमियम स्टॉल के साथ विशेष रूप से भाग ले रहा है। पेनडाउन प्रेस को बिजनेस मालिकों का सबसे भरोसेमंद पार्टनर माना जाता है, जो इंडस्ट्री में उनकी अथॉरिटी, क्रेडिबिलिटी, और ट्रस्ट बढ़ाने में मदद करता है। नई दिल्ली वर्ल्ड बुक फेयर 2025 के लिए प्रकाशन संस्थाएं अत्यधिक उत्साहित है, क्योंकि उन्हें दर्शकों के बीच अपनी किताबों को रुबरु कराने का मौका मिलता है। पेनडाउन प्रेस भी इस वर्ष अपनी पुस्तक नई दिल्ली वर्ल्ड बुक फेयर 2025 में दिखाने के लिए काफी उत्साहित दिख रहे हैं।

पेनडाउन प्रेस के सीईओ दिनेश वर्मा ने बताया कि यहां से कोई भी व्यक्ति अपनी बुक पब्लिश कराना चाहें जो उसे भरपूर सहयोग मिलेगा। जिसमें बच्चों को पढ़ने का ज्ञान कैसे बढ़ाया जाए जैसी बहुत सी किताबों से दर्शक गुल्लीबाबा व पेनडाउन प्रेस के स्टॉल पर रुबरु होगें । इस मेले में पेनडाउन प्रेस केवल एक पब्लिशर नहीं, बल्कि लेखकों और व्यवसाय मालिकों के लिए सफलता का साथी बनेगा। "अगर आप अपनी किताब लिखकर अपने व्यवसाय और व्यक्तिगत ब्रांड को बढ़ाना चाहते हैं, तो पेनडाउन प्रेस आपके लिए एकदम सटीक है।"

दिनेश वर्मा ने कहा हमारा स्टॉल इस बार मुख्य आकर्षण होगा। यहां स्किल आधारित किताबों से लेकर व्यवसाय मालिकों को अथॉरिटी बनाने में मदद करने वाली किताबें उपलब्ध होंगी। हमारा उद्देश्य सिर्फ किताबें प्रकाशित करना नहीं है, बल्कि लेखकों और व्यवसायियों को उनके संदेश को प्रभावी ढंग से दर्शकों तक पहुंचाने में मदद करना है। पेनडाउन प्रेस अपने स्टॉल पर स्किल डेवलपमेंट, लीडरशिप, और सेल्फ-पब्लिशिंग से जुड़ी सभी सेवाओं और जानकारी के साथ मौजूद रहेगा। इस बार पेनडाउन प्रेस का स्टॉल इस पुस्तक मेले में मुख्य आकर्षण होगा।

**दिनेश वर्मा ने कहा हमारा स्टॉल इस बार मुख्य आकर्षण होगा। यहां स्किल आधारित किताबों से लेकर व्यवसाय मालिकों को अथॉरिटी बनाने में मदद करने वाली किताबें उपलब्ध होंगी। हमारा उद्देश्य सिर्फ किताबें प्रकाशित करना नहीं है, बल्कि लेखकों और व्यवसायियों को उनके संदेश को प्रभावी ढंग से दर्शकों तक पहुंचाने में मदद करना है। पेनडाउन प्रेस अपने स्टॉल पर स्किल डेवलपमेंट, लीडरशिप, और सेल्फ-पब्लिशिंग से जुड़ी सभी सेवाओं और जानकारी के साथ मौजूद रहेगा**

## आयोजन

### शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने दी उपयोगी जानकारी

# विधान से समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज इगलास विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार के आदेश के आलोक में अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नितिन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एवं सिविल जज (जू0डि0) इगलास गंधर्व पटेल एवं अन्य अधिकारीगण की उपस्थिति में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज इगलास में महिलाओं के हितार्थ विधान से समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। महिलाओं के हितार्थ विधान से समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में रिर्सोस पर्सन अंजली चैहान असिस्टेण्ट प्रो विवेकानन्द लॉ कॉलेज द्वारा उपस्थित छात्राओं व महिलाओं को कानूनी प्रावधान यथा घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज उत्पीडन अधिनियम, महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराध से सम्बन्धित भारतीय सुरक्षा संहिता की धाराओं, कन्या भ्रूण हत्या, पॉष एक्ट एवं पुरूशों के समान महिलाओं को भी पारिश्रमिक प्राप्त करने का अधिकार है, इत्यादि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।बाल संरक्षण अधिकारी हितेष कुमारी द्वारा विधिक जागरूकता शिविर में उपस्थित छात्राओं व महिलाओं को उ0प्र0 सरकार द्वारा सचालित कन्या सुमगला योजना, मुख्यमन्त्री बाल सेवा योजना, स्पोन्सरषिप योजना, निराश्रित महिला योजना एवं रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोश इत्यादि के बारे में विस्तृत एवं महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गयी। कन्या सुमगला योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुये अवगत कराया गया कि कन्या सुमगला योजना 06 चरणों में कार्य करती है। जिसमें प्रथम चरण में बालिका के जन्म के समय 05 हजार रुपए, द्वितीय चरण में बालिका की एक वर्ष की आयु होने पर उसका टीकाकरण पूर्ण होने पर 02 हजार रुपए, तृतीय चरण में प्रथम कक्षा में प्रवेश के समय 03 हजार रुपए, चतुर्थ चरण मे कक्षा 06 में प्रवेश के समय 03 हजार रुपए, पॉचवे चरण में कक्षा 09 में प्रवेष के समय 05 हजार रुपए व छठे व अंतिम चरण में कक्षा 10 व 12 के वाद डिप्लोमा या स्नातक प्रवेश के लिए 07 हजार रुपए प्रदान किये जाते है इस प्रकार बालिका के जन्म से लेकर उसके डिप्लोमा या स्नातक के प्रवेष के समय तक कुल 25000 रुपए की धनराशि माता-पिता के खातों मे प्रदान की जाती है। विधिक जागरूकता षिविर में उपस्थित नीतू उपाध्याय, ग्राम विकास अधिकारी, इगलास द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गयी।श्रम प्रबर्तन अधिकारी आशीष अवस्थी द्वारा जागरूकता शिविर को सम्बोधित करते हुये श्रम विभाग द्वारा मजदूर महिला एवं मजदूर पुरूष के लिये चलायी जा रही योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। उनके द्वारा यह अवगत कराया गया कि मजदूर के अन्तर्गत 40 प्रकार के कार्य आते है जैसे-बढई, इलेक्ट्रीषियन, राजमिस्त्री, प्लम्बर, दिहाडी मजदूर, गिटटी तोडने वाले मुजैक एवं मार्बल काटने वाले इत्यादि। मजदूरों को श्रम विभाग में अपना लेबर कार्ड अवश्य बनवाना चाहिये जिसकी वार्षिक फीस मात्र 20 रुपए है जिसका प्रत्येक वर्ष नवीनीकरण होता है।



मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267